
माँ ब्रह्मचारिणी

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 23 मार्च 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 208 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### नीतू ने भारत के लिये पहला पदक सुनिश्चित किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2022 की गोल्ड मेडलिस्ट नीतू घंघास ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में बुधवार को जापान की मदोका वाडा को हराकर भारत का पहला पदक सुनिश्चित कर लिया। नीतू ने 48 किग्रा वर्ग के मुकाबले में मदोका को आरएससी (रेफरी द्वारा मैच रोका जाना) पद्धति से मात दी। उन्होंने अपने पिछले दो मुकाबलों में भी विपक्षी मुक्केबाज को आरएससी से ही परास्त किया था। इस जीत के साथ नीतू ने सेमीफाइनल में पहुंचते हुए भारत के लिये कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया है। नीतू ने मदोका को हराने के बाद कहा, अभी तक जो भी मुकाबले हुए हैं उनमें मैं अच्छी तरह तकनीक का इस्तेमाल कर सकी हूं। मैंने तीनों मैच आरएससी से जीते हैं। अगले मुक्केबाज पर इससे दबाव बनेगा और मुझे फायदा होगा। उन्होंने कहा, हमारी पूरी टीम स्वर्ण पदक का लक्ष्य लेकर आयी है।

### गहलोत ने किया 53वें बैच के प्रशिक्षु आरपीएस अधिकारियों की दीक्षांत परेड का निरीक्षण

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित परेड ग्राउंड में बुधवार को प्रातः आरपीएस प्रोबेशनर बैच संख्या 53 का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। गहलोत ने परेड का निरीक्षण किया। प्रशिक्षणार्थियों ने शपथ ग्रहण की एवं शस्त्र शपथ ली गयी। पाईप बैंड द्वारा बैंड डिसप्ले किया गया। गहलोत ने श्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने ओवर आल बेस्ट कृष्णराज, बेस्ट इन आउटडोर कृष्णराज जांगिड़, बेस्ट इन फोरेंसिक इन्वेस्टिगेशन मेघा गोयल, बेस्ट इन इंडोर मीनाक्षी को पुरस्कार प्रदान किया।

### शेयर बाजार में तेजी बरकरार

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व की बैठक से पहले बैंकिंग संकट टलने की उम्मीद में वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की हेल्थकेयर, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी बरकरार रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 139.91 अंक की तेजी लेकर 58, 214.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 44.40 अंक की बढ़त के साथ 17,151.90 अंक पर पहुंच गया।

# कोल ट्रांसपोटेशन रेट और टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

## मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक सर्वसम्मति से पारित, पूर्व विधायकों को अब 58,300 रुपए मिलेगी पेंशन







पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

बजट सत्र के 13वें दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह कोल ट्रांसपोटेशन एवं टेंडर में गड़बडी को लेकर आमने-सामने रहे। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कोल ट्रांसपोटेशन एवं टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाया। 13वें दिन पूर्व सीएम रमन सिंह ने गारे पेलमा कोल ब्लॉक का मुद्दा उठाया। रायगढ़ कोल ट्रांसपोर्टेशन के रेट और टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाया। उनके मुताबिक ट्रांसपोटेशन के लिए दोगुने दर पर टेंडर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि अतिरिक्त पैसा कहां जा रहा है? इसके जवाब से असंतुष्ट भाजपा सदस्यों ने वॉकआउट कर दिया। जवाब में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- किलोमीटर के हिसाब से एसईसीएल खदान के भीतर ट्रांसपोटेशन के लिए रेट निर्धारित है। जब पिछली सरकार में टेंडर किया गया और नियम बनाया गया उसी समय ये कह दिया जाता कि गाइडलाइन के हिसाब से परिवहन होगा, लेकिन साल 2017 में तो आपने ऐसा किया नहीं। जब आप मुख्यमंत्री थे तब आपने जो नियम बनाया वही है। अलग-अलग खदानों के लिए अलग-अलग रेट आता है। बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अमृत मिशन योजना के क्रियान्वयन नहीं होने का मामला ध्यानाकर्षण में उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कार्य योजना तक नहीं बनाई और पाइप बिछाने के लिए सड़कों को खोद दिया गया। जिससे धूल का गुबार उठता है और लोगों को अस्थमा की तकलीफ बढ़ गई है। विधायकों का वेतन भत्ता पेंशन संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें राज्य के पूर्व विधायकों के पेंशन और यात्रा भत्ते में बढ़ोत्तरी की गई है। संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा लाए गए इस विधेयक में पूर्व विधायकों की पेंशन 35 हजार रुपए से बढ़ाकर 58,300 रुपए किया गया है। फिलहाल सदन की कार्यवाही गुरुवार के लिए स्थगित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक 2023 सदन में सर्वसम्मति से पारित हो गया।

### छत्तीसगढ़ वन विभाग की तेंदूपत्ता नीति फेल

डॉ. रमन सिंह ने कहा- 2017 में 17 लाख मानक बोरे का संग्रहण और 1100 करोड़ का कुल भुगतान हुआ और 2021 में 13 लाख मानक बोरा और मात्र 700 करोड़ के कुल भुगतान पर सिमट गया है। विभाग के ज़िम्मेदारो का पूरा ध्यान कैम्पा के तहत नरवा बनाने, डब्ल्यूबीएम रोड और लेंटाना उन्मूलन तक ही सीमित होकर रह गया है।

### पक्ष-विपक्ष में जमकर नोक-झोक

**पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह बोले-** एसईसीएल ने नोटिफिकेशन जारी किया है इसे लेकर। कोल ट्रांसपोर्टिंग के लिए एसईसीएल मापदंड तय करता है। जब गाइडलाइन तय कर चुका है, फिर छत्तीसगढ़ का उपक्रम क्यों रेट तय करेगा। प्रति मैट्रिक टन 210 रुपए से ज्यादा की अतिरिक्त वसूली हुई है। करोड़ों की गड़बड़ी ट्रांसपोर्टिंग का रेट बढ़ाकर किया गया है। क्या टेंडर को निरस्त किया जाएगा?

**मुख्यमंत्री बघेल ने जवाब में कहा-** ये केमिकल लोचा है। 211 रुपए के रेट में परिवहन होता ही नहीं है। सारे शर्ते और नियम आपने बनाया। एसईसीएल कब से चल रहा है और उसके नियम भी पहले से बने हुए है। अलग-अलग जगह का अलग-रेट है। दूरी के हिसाब से किलोमीटर तय होता है। आपने नियम बनाया रहता तो टेंडर क्यों निकलता।

**पूर्व सीएम डॉ.रमन सिंह बोले-** जब इतना बड़ा मामला है तो जांच क्यों नहीं। 232 रुपए के रेट में तैयार हो जाएंगे लोग, जबकि 466 रुपए के रेट में यहां टेंडर दिया गया।

**मुख्यमंत्री बघेल ने जवाब में कहा-** हमने टेंडर के जरिए रेट तय किया है। 8 कंपनियां शामिल हुई टेंडर में। 4 लोग भरे थे टेंडर, जिसमें 2 पात्र पाए गए और 2 अपात्र पाए गए। ऑनलाइन टेंडर जारी किया। देशभर के पत्र-पत्रिकाओं में टेंडर का प्रकाशन हुआ, फिर कहां गड़बड़ी हो गई? इनके मन में गड़बड़ी है तभी मैं कह रहा हूं केमिकल लोचा है। सारा काम पारदर्शी तरीके से हुआ है।

**पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह बोले-** मैं आपके चुनौती देता हूं कि 2012 के दर और अभी के दर पर खुली चर्चा करा लीजिए। सीएम ने कहा- पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है, किसी तरह की जांच की जरूरत नहीं है। भाजपा विधायक सौरभ सिंह ने कहा- 675 में नई कंपनी को एमडीओ दिया गया है ट्रांसपोर्टेशन के लिए। इस पर सीएम ने कहा- जबरदस्ती मामले को घुमाने की कोशिश की जा रही है। इस पर सदन में जोरदार हंगामा हो गया और पक्ष-विपक्ष में नोक-झोंक हो गई। भाजपा विधायक सदन के विधायकों की जांच कमिटी से जांच पर अड़े रहे।

**मुख्यमंत्री बघेल ने जवाब में कहा-** बार-बार गड़बड़ी की बात करते हैं, इन्होंने खुद गड़बड़ी किया है। सदन में जोरदार हंगामे के बाद भाजपा ने किया वॉकआउट कर दिया।



प्रश्नकाल के दौरान विधायक धर्मजीत सिंह ने अचानकमार टाइगर रिजर्व के लिए ग्राम खुड़िया में प्रवेश द्वार खोले जाने जानकारी जानकारी मांगी। खुड़िया में टाइगर रिजर्व प्रवेश द्वार खोला जाना है तो कब तक इसे खोला जाएगा।



**वन मंत्री ने जवाब में कहा -** अचानकमार टाइगर रिजर्व मुंगेली और बिलासपुर जिला अंतर्गत स्थित है, टाइगर रिजर्व के लिए गुड़िया में प्रवेश द्वार खोला जाना प्रस्तावित नहीं है। धर्मजीत बोले- खुड़िया पर्यटन स्थल है गेट खोला जाए तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस प्रस्ताव पर स्वीकृति पर विचार नहीं किया जा सकता।

## शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगा 2500 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 1 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की गई है। इस संबंध में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ रायपुर ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए निर्धारित मापदण्ड एवं शर्तों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदक का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। शिक्षित बेरोजगारों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। वह मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकंडरी (12वीं) उत्तीर्ण हो। वह जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष के 1 अप्रैल को हायर सेकंडरी अथवा उससे अधिक योग्यता में उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की आय का कोई स्त्रोत न हो एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो। परिवार से तात्पर्य है- पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे एवं आश्रित माता-पिता। पात्र शिक्षित युवा को प्रथमतः एक वर्ष के लिए बेरोजगारी भत्ता देय होगा। यदि व्यक्ति विशेष का एक वर्ष की इस अवधि में लाभकारी नियोजन नहीं हो पाता है, तो बेरोजगारी भत्ते की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी। किसी भी प्रकरण में यह अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी। एक परिवार से एक ही व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। यदि किसी परिवार के किसी व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है, तो दूसरा व्यक्ति अपात्र होगा। आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य को केन्द्र अथवा राज्य सरकार की किसी भी संस्था अथवा स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या ग्रुप डी को छोड़कर अन्य नौकरी होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी को ऑफर दिया जाता है, परन्तु आवेदक ऑफर स्वीकार नहीं करता है, तो ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होगा। पूर्व और वर्तमान मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और संसद या राज्य विधान सभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्यों, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होंगे। 10,000/- रूपये या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन भोगी के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। वे परिवार जिन्होंने पिछले असेसमेंट ईयर में इनकम टैक्स भरा हो, उनके परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे।

## कच्चे तेल के दाम में गिरावट का फायदा लोगों को भी मिलेः कांग्रेस

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो पेट्रोल-डीजल महंगा हो जाता है लेकिन जब कीमतें घटती हैं तो उसका फायदा भी देशवासियों को मिलना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव बल्लभ ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया कि जब दुनिया में कच्चे तेल के दाम घटते हैं तो उसका फायदा देश की जनता को क्यों नहीं मिलता है। उनका कहना था कि जब कच्चे तेल का दाम 16.75 रुपए लीटर घटा है तो ईंधन सस्ता क्यों नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार वैश्विक दाम के हिसाब से देश में तेल के दाम बढाती है लेकिन कम होने पर कुछ नहीं करती। उन्होंने कहा, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो पेट्रोल-डीजल महंगा हो जाता है लेकिन जब कीमतें घटती हैं तो उसका फायदा भी देशवासियों नहीं मिलता। यानि जब कच्चा तेल महंगा हो तो देशवासी भरें और जब कच्चा तेल सस्ता हो तो फायदा सरकार की जेब में जाए। प्रवक्ता ने खरीदे गये कच्चे तेल का विवरण देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने कच्चा तेल मई 2022 में 53.45 रुपए प्रति लीटर तथा मार्च 2023 में 36.68 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदा है। विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 16.75 रुपए की कमी हुई है तो इसका फायदा देश के लोगों को क्यों नहीं मिल रहा है।

## दो साल में ख़त्म होंगे कूड़े के तीनों पहाड़ : गहलोत

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली सरकार ने बुधवार को 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जिसमें 35100 करोड़ रुपये स्थापना और अन्य प्रतिबद्ध व्यय के लिए है जबकि 43700 करोड़ रुपये योजनाओं और परियोजनाओं के लिए है। दिल्ली के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि दो सालों में निगम के साथ मिलकर तीनों कूड़े के पहाड़ को खत्म किया जाएगा। इस साल दिसंबर तक ओखला और अगले साल मार्च तक भलस्वा लैंडफिल साइट तथा दिसंबर तक गाजीपुर लैंडफिल साइट को खत्म किया जाएगा। लैंडफिल साइट को खत्म करने के लिए 850 करोड़ का बजट का प्रावधान किया गया है। गहलोत ने अपने बजट भाषण में आम आदमी पार्टी के गवर्नेंस मॉडल की तारीफ करते हुए कहा कि जनता के सपनों को पूरा करना, उन्हें मुफ्त बिजली-पानी और बढ़िया शिक्षा देना ही दिल्ली मॉडल का मतलब है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ सालों में दिल्ली सरकार ने ऐतिहासिक बुनियादी ढांचागत विकास की कई परियोजनाओं को पूरा किया है। सिग्नेचर ब्रिज, सराय काले खां और आईएनए को जोड़ने वाले बारापुला फ्लाईओवर से दिल्ली का चेहरा बदल गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के घर को सीवर से जोड़ा जाएगा। घरों को सीवर सुविधा मुफ्त दी जाएगी। यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।


श्री बालाजी हॉस्पिटल

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का

नि:शुल्क हड्डी रोग एवं बी.एम.डी जांच शिविर

दिनांक : 25/03/2023 | दिन : शनिवार
समय :10:00 से 4:00 बजे तक

नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क एक्स-रे
MRI पर 50% डिस्काउंट

एवं अन्य सभी जांचो पर 50% की विशेष छूट


DR LUNIK YADU
MBBS, MS, (Ortho)
DNB (PM & R), DNB (Ortho)
SENIOR ORTHOPEDIC &
JOINT REPLACEMENT SURGEON


DR. RAMEEZ PATHAN
MBBS, MS (Ortho),FIJR, FAGE,Int'l
Clinical Fellowship ( UK)
ORTHOPEDIC, TRAUMA &
JOINT REPLACEMENT SURGEON


DR. AMINUDDIN QURESHI
MBBS, DNB ORTHOPEDIC, D'ORTHO.
TRAUMA, ARTHROPLASTY AND
ARTHROSCOPIC SURGEON

- कूल्हे के जोड़ों का प्रत्यारोपण (टोटल हिप रिपलेसमेंट)
- घुटने के जोड़ो का प्रत्यारोपण (टोटल नी रिपलेसमेंट)
- दुर्घटना जनित फ्रैक्चर एवं पुराने जटिल फ्रैक्चर का अत्याधुनिक इलाज
- आर्थोस्कोपी
- लिगामेंट की सर्जरी
- वेरिकोज़ वेन की सर्जरी

डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना (राशन कार्ड ) से इलाज की सुविधा

अग्रिम पंजीयन आवश्यक

मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़
फोन : 9926191294, 9399729216, 0771-4241000/01/02


### भारत 5 जी सेवाओं की तेजी से शुरूआत करने वाला दुनिया का प्रमुख देश बन चुका है

## भारत टेलीकॉम प्रौद्योगिकी का बड़ा वैश्विक निर्यातक बनने की ओर बढ़ रहा हैः मोदी

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में टेलीकॉम के क्षेत्र में हो रहे कार्यों का उल्लेख करते हुये वर्ष 2030 में देश के 6 जी सेवाओं के लिए आज 'भारत 6 जी विजन' दस्तावेज को जारी करते हुये कहा कि यह देश दुनिया का बड़ा टेलीकॉम प्रौद्योगिकी निर्यातक बनने की ओर बढ़ रहा है।

मोदी ने यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय टेलीकॉम संघ (आईटीयू) के क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचर केन्द्र के उद्घाटन के साथ ही भारत 6 जी विजन दस्तावेज जारी किया। इसके साथ ही 6 जी टेस्टबेड परियोजना को भी लाँच किया और कॉल बिफोर यू डिग ऐप का अनावरण किया। इसके बाद मोदी ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि ये दशक भारत के लिए टेक ऐड है। भारत का टेलीकॉम और डिजिटल मॉडल सुचारू, सुरक्षित, पारदर्शी होने के साथ ही जांचा परखा और विश्वसनीय भी है। उन्होंने कहा कि भारत 5 जी सेवाओं की तेजी से शुरूआत करने वाला दुनिया का प्रमुख देश बन चुका है। उन्होंने कहा कि 5 जी रोलआउट के छह महीने के बाद ही आज हम 6जी की बात कर रहे हैं। यह भारत के विश्वास का दर्शाता है। आज इसको लेकर विजन दस्तावेज भी जारी किया गया है और यह अगले कुछ वर्षों में 6 जी रोलआउट करने का बड़ा आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि आज से शुरू हुआ आईटीयू का यह सेंटर न:न सिर्फ भारत बल्कि इस क्षेत्र में सभी देशों को टेलीकॉम क्षेत्र में मदद करेगा। इसके साथ ही यह सेंटर 6 जी के रोलआउट में भी महत्ती भूमिका निभायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए टेलीकॉम टेक्नोलॉजी शक्ति का तरीका नहीं है बलकि यह लोगों को सशक्त बनाने का मिशन है। आज भारत में डिजिटल टेक्नोलॉजी सार्वभौमिक है और यह सबकी पहुंच में है। उन्होंने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था रियल अर्थव्यवस्था से ढाई गुना अधिक हो चुकी है और भारत डिजिटल क्रांति के अगले कदम की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने देश के 5 जी सेवाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि मात्र 120 दिनों में 125 शहरों में यह सेवा पहुंच गयी थी और आज छह महीने होते होते यह देश के 350 जिलों तक पहुंच चुका है। उन्होंने शीघ्र ही 5 जी के लिए देश में 100 लैब स्थापित किये जाने की घोषणा करते हुये कहा कि भारत का 5 जी मानक वैश्विक मानक के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि अब भारत के गांवों में इंटरनेट यूजरों की संख्या शहरी इंटरनेट यूजरों से अधिक हो चुकी है। यह इस बात का प्रमाण है कि डिजिटल पावर कैसे देश के कोने कोने में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र ने मिलकर पिछले नौ वर्षों में देश में ऑप्टिकल फाइबर के नेटवर्क को बढ़ाकर 25 लाख किलोमीटर किया है और दो लाख ग्राम पंचायतें इससे जुड़ चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में पांच लाख कॉमन सर्विस सेंटर हैं जो लोगों को डिजिटल सेवायें उपलब्ध करा रहे हैं।

# जिले में मुख्यमंत्री वन सम्पदा योजना का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

वन परीक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत राधा नगर में मुख्यमंत्री वन संपदा योजना का शुभारंभ के अवसर पर 2 हितग्राहियों के निजी भूमि में 3 एकड़ मे सागौन के पौधे रोपे गए। वही 9 तेन्दुपत्ता संग्राहकों के बैंक खातों में 16 लाख 60 हजार की राशि भी अंतरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री वन संपदा योजना के शुभारंभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए।

उन्होंने शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत जिले के 9 हितग्राहियों के खातों में 16 लाख 60 हजार रुपये का अंतरण किया गया। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ के जंगल और जैवविविधता हमारी पहचान है। हमारा पर्यावरण और वन बचा रहे इस दिशा में हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में लोगों को इस योजना से जुड़ने के लिए भरपूर प्रयास करें ताकि लोग लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर

हितग्राही अभिषेक दुबे के 2 एकड़ क्षेत्र में टिशू कल्चर सागौन प्रजाति का वृक्षारोपण एवम निलेश दुबे के 1 एकड़ क्षेत्र में 250 नग टिशू कल्चर सागौन प्रजाति का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के.डीएफओ विवेकानन्द झा जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के सीईओ सूरज गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स प्रशांत कतलम, एसडीएम गौतम सिंह, तहसीलदार विनीत सिंह, फॉरेस्ट एसडीओ में अनिल सिंह पैकरा एवं अशोक तिवारी, रेंजर संतोष पांडे, सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।


## पंजीकृत हितग्राहियों को मिलेगा भरपूर लाभ

गौरतलब है कि जिले में 1 हजार 395 हितग्राहियों के 02 हजार 85 एकड़ भूमि का पंजीयन वृक्षारोपण के लिए किया गया है। हितग्राहियों की भूमि पर 06 लाख 75 हजार 87 विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जायेगा। वृक्ष संपदा योजना के तहत 177.85 एकड़ भूमि में 01 लाख 60 हजार 65 नीलगिरी के पौधे, 108.66 एकड़ भूमि में 27 हजार 165 सागौन, 30.90 एकड़ भूमि में 13 हजार 905 टिश्यू कल्चर बांस के पौधे, 43.98 एकड़ भूमि में 19 हजार 527 मिलिया डूबिया तथा अन्य लाभकारी प्रजाति के तहत 1450.16 एकड़ भूमि में 03 लाख 62 हजार 540 सागौन, 165.54 एकड़ भूमि में 74 हजार 493 बांस व 108.70 एकड़ भूमि में 17 हजार 392 चन्दन के पौधे रोपित किये जायेगें।

## वृक्षारोपण हेतु मिलेगा 50% वित्तीय अनुदान

मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी पात्र होंगे। इसके अलावा शासकीय, अर्धशासकीय तथा शासन के स्वायत्व संस्थान जो अपने स्वयं के भूमि पर रोपण करना चाहते हैं,पात्र होंगे। इसी तरह निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट,गैर शासकीय संस्थाएं,पंचायतें, भूमि अनुबंध धारक,जो अपने भूमि में रोपण करना चाहते हैं, वे पात्र होंगे। इस योजनांतर्गत राज्य शासन द्वारा 05 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी।

# हिंदू नव वर्ष पर श्री रामचंद्र जी के तैल्य चित्र पर पूजन अर्चन माल्यार्पण के साथ हुई आरती



पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे गली में हिंदू नव वर्ष कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम में मोहल्ले के समस्त नागरिक बंधु उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक हिंदू समाज के इस हिंदू नववर्ष का स्वागत किया गया।

दिनांक 22/03/2023 दिन बुधवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन नवरात्र प्रारंभ व हिंदू नववर्ष शुभारंभ कार्यक्रम के इस आयोजन में प्रातःकालीन समस्त मोहल्लेवासी एकत्रित होकर श्रीरामचंद्र के तैल्य छायाचित्र पर पूजन अर्चन माल्यार्पण के साथ आरती के पश्चात अपने अपने घरों में हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए ध्वजारोहण किया गया साथ ही समस्त घरों में दीपक व रंगोली सजाकर नव वर्ष का स्वागत बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम डींगर दास वैष्णव द्वारा श्री रामचंद्र जी के छायाचित्र के समक्ष पूजन आरती किया गया और हिंदू नव वर्ष की विशेषता व हिंदू नव वर्ष क्यों मनाया जाता है इस संबंध में जानकारी दी गई। पूजन कार्यक्रम के पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मोहल्ले के वरिष्ठ सदस्य चंद्रभानु मिश्रा के द्वारा हिंदू नव वर्ष के शुभकामनाएं सभी को दी गई और मोहल्ले में होने वाले समस्त सामूहिक कार्यक्रम व एकता के बारे में बताया गया और हमेशा एक दूसरे की सहायता करते हुए एक परिवार की तरह , वसुधैव कुटुंबकम के रूप में एक साथ रहने का संदेश दिया । कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाने हेतु समस्त मोहल्ले वासियों के द्वारा रात्रि में भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र रामायण व भजन गायन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु के.डब्ल्यु भोई,प्रेम कुमार निर्मलकर, राजेन्द्र निर्मलकर,संजय अग्रवाल, दिव्यकुमार साहू,बजरंग शर्मा,डोलेश रंजन वैष्णव ,शंकर जायसवाल, प्रकाश हमदेव,वीरेंद्र बरिहा,यशवंत कुमार चौधरी के साथ ही मोहल्ले में निवासरत सभी सदस्यों बच्चों और मातृशक्ति का भरपूर सहयोग मिला और इसी सहयोग के साथ सभी ने बड़े उत्साह पूर्वक हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

# युवा कांग्रेस विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति के संबंध में चर्चा




पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

युवा कांग्रेस विधानसभा स्तरीय बैठक आज संपन्न हुआ, जिसमे युथ जोड़ो बूथ जोड़ो, बूथ कमेटी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गयी।

जिसमें कांकेर विधानसभा के प्रभारी नदीम अली, विधानसभा अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके,शिवांकित श्रीवास्तव, तौहीद खान,सुरेश नाग ,राजेंद्र दुबे,योगेश राजपूत, आदर्श गुप्ता, चंद्रलोक ठाकुर, केशव साहू,प्रदीप साहू, प्रमोद कश्यप, विधान सभा उपाध्यक्ष निशांत साहू, पूर्व शहर अध्यक्ष प्रदीप साहू, प्रमोद कश्यप, हर्ष ठाकुर, डीकेश मरकाम,अनिल, रामेश्वर,अजय साहू,दीपक नेताम, करण, संजय कोर्राम, मनोहर नेताम, अंशु सलाम, धनीराम, अघन, मनशुक नेताम, पोकराज, रवि, पोकराज नेताम, कृष्णा नेताम, हरीश, अभिषेक, श्रवण, गौतम, हिमांशु, महावीर, प्रकाश, विजय,विनोद आदि उपस्थित थे।

# चेट्रीचण्ड्र आज, नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों के लिए सामान्य अवकाश घोषित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप 23 मार्च 2023 दिन गुरूवार को चेट्रीचंड्र (चैतीचांद) महोत्सव के लिए राज्य के सभी नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्रों में सामान्य अवकाश रहेगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामान्य अवकाश की अधिसूचना जारी की गई है।

इस दौरान राज्य में सभी बैंक एवं अन्य शासकीय वित्तीय संस्थाएं, कोषालय, उप कोषालय, सहकारी बैंक आदि खुले रहेंगे। नया रायपुर स्थित सभी शासकीय कार्यालय खुले रहेंगे। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी शासकीय कार्यालय खुले रहेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में एक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि समस्त शालाओं में 23 मार्च को पूर्व से निर्धारित परीक्षाएं यथावत् रहेगी। शेष के लिए 23 मार्च चेट्रीचंड्र (चैतीचांद) महोत्सव का अवकाश रहेगा।

# मंत्री भेड़िया के निर्देशानुसार दल्लीराजहरा बायपास सड़क निर्माण हेतु सीमांकन कार्य शुरू

## राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा की जा रही है तत्परता से कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री अनिला भेड़िया के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा दल्लीराजहरा शहर में ग्राम जमही से गुटुलमुंडा तक बायपास निर्माण हेतु जमीन सीमांकन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि मंत्री भेड़िया ने रविवार 19 मार्च को सिंधु भवन दल्लीराजहरा में व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। मंत्री भेड़िया के निर्देश पर एसडीएम डौण्डी द्वारा तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर सात दिवस के भीतर सर्वे रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री के निर्देश पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए मंगलवार 21 मार्च को राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर सीमांकन का कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# कलेक्टर ने दृष्टि बाधित विद्यार्थी भूपेश को प्रदान किया लैपटॉप

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार 21 मार्च को अपने कक्ष में जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा के दृष्टि बाधित विद्यार्थी भूपेश कुमार देशलहरा को लैपटॉप प्रदान किया। दृष्टि बाधित विद्यार्थी भूपेश वर्तमान में दुर्ग विश्वविद्यालय में एमए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष में अध्ययनरत है। भूपेश पढ़ाई के साथ-साथ राज्य लोक सेवा आयोग के परीक्षा की भी तैयारी में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि ल भूपेश दृष्टि बाधितों के राष्ट्रीय जुड़ो प्रतियोगिता में भी भागीदारी निभा चुके हैं। दृष्टि बाधितों के राष्ट्रीय जुड़ो प्रतियोगिता में वे रजत एवं कांस्य पदक हासिल कर चुके हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भूपेश के बहुमूखी प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# अविनाश धर दीवान का निधन

**बेमेतरा।** नवागढ़ के निवासी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्षव विकास धर दीवान के बड़े भैया गौंटिया अविनाश धर दीवान का बुधवार को सुबह 09 बजे स्वर्गवास हो गया जिनका अंतिम संस्कार नवागढ़ में किया गया है जहां परिजनों के साथ अन्य समाज के लोग उपस्थित थे मुक्ति धाम स्थल पर ही उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।



# मां आदिशक्ति के दरबार में भक्तों का लगा तांता,नौ दिनो तक होगी भव्य आराधना

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के मंदिरों में माता की आराधना के लिए नौ दिनों का अनुष्ठान शुरू हो गया हैं। वहीं शहर के प्रमुख मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी माई मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। अब प्रत्येक दिन मां के विभिन्न रूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। आज प्रथम दिवस सुबह से मां के दरबार में भक्तों का तांता लगा हुआ है।

गौरतलब है कि अगले नौ दिन अब मां आदिशक्ति की भव्य आराधना होगी। मां दुर्गा को सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य की देवी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार,नवरात्रि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू हो जाते हैं। 22 मार्च से शुरू हुए चैत्र नवरात्रि और 30 मार्च को रामनवमी संपन्न होगी। नौ दिन तक मां दुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघटा, कुष्मांडा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और देवी सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। शहर के मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी माई मंदिर में पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। उक्त दोनों मंदिरों में भक्तों के द्वारा सैकड़ों मनोकामना ज्योतिष कलश विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद प्रज्वलित की गई। भक्तों ने मां को मनाने के लिए नाना प्रकार के भोग अर्पण करते हुए उनको लाल चुनरी,मुकुट,माला अर्पण किया गया। चैत्र मास के प्रथम दिवस प्रातःआरती में दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं का भारी ताता देखने को मिला जिसमें महिलाओं की संख्या अत्यधिक थी। सरहद एरिया पर बसे हुए रामानुजगंज में पड़ोसी राज्य झारखंड के गढ़वा जिले के ग्राम गोदरमाना से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे वही बलरामपुर जिले से भी कई श्रद्धालु दर्शन के लिए आए हुए थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के हाथों हुआ जयदीप ब्लड बैंक का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मोवा स्थित जयदीप ब्लड बैंक का शुभारंभ डॉ रमन सिंह के हाथों बीते दिनों हुआ। ब्लड बैंक का फीता काट कर प्रदेश के सभी जिलों से आए सामाजिक संस्थाओं एवं सर्वाधिक रक्तदान करने वाले युवाओं को इस दौरान सम्मानित भी किया गया ।

आयोजन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान जो है वह इस दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण दान है और इस अवसर पर मैं रक्तदान करने वाले महान योद्धाओं से मिल रहा हूं यह मेरा सौभाग्य है। यह नवीन ब्लड बैंक जो की वहां के लोगों के साथ रायपुर सहित प्रदेश की जनता को सेवा के लिए समर्पित होने जा रहा है इन्हें मेरी बहुत बहुत शुभकामनाएं पूरी ब्लड बैंक परिवार की टीम को।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू ने युवाओं से आयोजन में आह्वान किया कि आगे आकर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान करें मैं स्वयं नियमित अंतराल पर जरूरत मंद को रक्तदान करता हूं आप सभी युवा ऐसे सामाजिक संस्थाओं के साथ जुड़े और सेवा कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें.।

महिलाओं एवं युवतियों को जागरूक करने के लिए अपेक्षा अमित साहू ने कार्यक्रम में जयदीप ब्लड बैंक के शुभारंभ में अपना रक्तदान किया। विकास जायसवाल डायरेक्टर जयदीप ब्लड बैंक ने बताया कार्यक्रम का संचालन शुभा कनक मिश्रा ने किया आज मुख्य रूप से विवेक साहू सुरज साहू मोहित अग्रवाल, राज अड़तिया, प्रेम किशन साहू, गोविंदा गुप्ता, आकाश विग, विक्रम ठाकुर, तरुण तिवारी, प्रशाम दत्ता, समीर साहू, दीपक साहू, पिंटू जाल, रितेश जैन, हरमन डूलाई, डिकेंड्र कामड़े, अभिजीत पारख, श्रद्धा साहू, आरती साहू, रूपल गुप्ता, पलक गुप्ता, जेसीआई वामांजली, संगवारी काश फाउंडेशन, आभास फाउंडेशन, बढ़ते कदम, ब्लड इंटरग्रेट एक्टिविस्ट, प्रमा फाउंडेशन, नई गूंज नया कदम, रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर्स फाउंडेशन, सेवक फाउंडेशन नव दृष्टि फाउंडेशन, ओम साई रक्त दाता सेवार्थ समिति रायपुर, आदि उपस्थित रहे।

# वन परिक्षेत्र अधिकारी और पत्रकारों ने मिलकर जंगल में लगी आग को बुझाया



**बीजापुर।** बीजापुर वन मंडल के भैरमगढ वन क्षेत्र के माटवाड़ा और जांगला के बीच महुआ बीनने वाले ग्रामीण आग लगाकर छोड़ दिया था जिसे वन परिक्षेत्र अधिकारी योगेश कुमार रात्रे उनके दल बल के साथ आग बुझाने में लगे हुए थे इसी बीच बीजापुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम यादव और बसंत मामड़ीकर भी आग बुझाने में वन परिक्षेत्र अधिकारी और उनके दल का सहयोग कर जंगल में लगी आग को बुझाने में सफलता हासिल की। वन परिक्षेत्र अधिकारी योगेश कुमार रात्रे ने पत्रकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया आपको बता दें कि भैरमगढ वन परिक्षेत्र अधिकारी योगेश कुमार रात्रे ऐसे कई बार जंगल में लगी आग को बुझाने स्वयं पहुंच जाते हैं।

## अशोक अग्रवाल व एक अन्य गिरफ्तार

# तीन नग चोरी गई मोटर साइकल को पुलिस ने किया जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे एवं एसडीओपी सरायपाली अभिषेक केशरी के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद के अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। कि सुकलाल निराला पिता स्वर्गीय दुर्गाचरण निराला 32 साल जाति सतनामी ग्राम जंगलबेडा थाना सरायपाली उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की मैं अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्र 06 त्नक्क8004 में अपने पुत्र का आधार कार्ड बनाने के लिए सरायपाली आया था अपने मोटरसाइकिल को पोस्ट ऑफिस के सामने खड़ा करके पोस्ट ऑफिस अंदर आधार कार्ड बनाने के लिए गया था शाम लगभग 4:30 बजे मैं बाहर आया तो देखा मेरी मोटरसाइकिल नहीं थी आसपास के लोगों से पूछताछ कर पता तलाश किया कुछ पता नहीं चला मेरे मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना सरायपाली मे धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया त्वरित कार्यवाही करते हुऐ विवेचना दौरान थाना प्रभारी आशीष वासनिक को मुखबीर से सूचना मिला की उड़ियापारा निवासी अशोक अग्रवाल, राकेश पाण्डेय नाम का व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल अपने घर में छुपा कर रखे है कि सूचना पर स्टाफरवाना होकर आरोपियों के घर दबिश दिए जहा पर आरोपी (1) अशोक अग्रवाल पिता वेदप्रकाश अग्रवाल 45 वर्ष वार्ड नंबर 12 उड़ियापारा (2) राकेश पाण्डेय पिता शिवकुमार पांडेय 42 वर्ष वार्ड नंबर 12 उड़ियापारा थाना सरायपाली का होना बताया तथा दोनो से कड़ाई से पूछताछ करने पर पूर्व से निरंतर 02 मोटर सायकल 01 स्कूटी को दोनो मिलकर चोरी कर अपने अपने घर में छिपा कर रखना कुबूल किए आरोपी के कब्जे से (1)॥स्र डिलक्स मोटर साइकिल क्रमांक ष्टत्र 06 त्नक्क8004 (2) मोटर साइकिल सुपर स्प्लेंडर बिना नंबर (3) कत्था कलर की स्कूटी क्रमांक ष्टत्र 06 त्नद्ब 5677 को चोरी की मोटरसाइकिल होने से उक्त मशरूका को समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपीयो को गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा जाना हैं संपूर्ण कार्यवाही में प्रधान आरक्षक प्रसन्न स्वाई,सुखलाल भोई आरक्षक योगेन्द्र बंजारे, मानवेंद्र ढीढ़ी, कमल जांगड़े समस्त थाना स्टाफ का योगदान रहा

# हिन्दू नव वर्ष व चैत्र नवरात्र की झांकी व शोभा यात्रा भंवरपुर में निकाली

पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com




हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर कर्मा नृत्य व हरि कीर्तन के साथ भव्य झाँकी व शोभा यात्रा भंवरपुर में निकाली गई। प्राप्त जानकारी अनुसार सर्व हिन्दू समाज द्वारा घर की छत पर भगवा पताका लगाने, द्वार पर रंगोली बनाने व दीपक जलाने की अपील करते हुए पटाखे फोड़कर धुमधाम से शोभायात्रा निकालकर हर्ष जताया गया। इस दिन सुबह भारत माता, प्रभू श्रीराम व माता दुर्गा की भव्य झाँकी निकाली गई जो सरस्वती शिशु मन्दिर से निकलकर गाँव की प्रमुख गलियों का भ्रमण किया, जिसकी अगुवाई कर्मा नर्तक व हरि कीर्तन मंडली ने किया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी झाँकी की शोभा देखते ही बन रही थी। हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष्य में प्रसाद वितरण भी झाँकी में किया गया। सर्व हिन्दू समाज जनों से इस शुभ अवसर पर धर्म ध्वज/पताका अपने अपने घर की छत पर लगाने व द्वार पर रंगोली बनाकर दीपक जलाने कहा गया। इस अवसर पर भंवरपुर सरपंच हेमा पटेल, सरपंच प्रतिनिधि लीलाकांत पटेल, सेवा निवृत्त शिक्षक बी पी देवांगन, सेवा निवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ बी पी साहू, बसंत अग्रवाल, पुरुषोत्तम (फंद्दी) अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, संजय अग्रवाल (ट्रेडर्स), संजय अग्रवाल (किराना), किरण अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, कमल स्वर्णकार, विद्याचरण चौधरी, करुणाकर उपाध्याय, सहित सरस्वती शिशु मन्दिर के आचार्य एवं दीदी गण मोतीलाल यादव, देवेंद्र सेठ, नयन श्रीवास, उद्धव पटेल, शुभम दास, अंतर्यामी, कंवलदास, धरम सिंह, कु सावित्री डड़सेना, पुष्पा डड़सेना, नेहा प्रधान, जानकी बंजारा, नीलम साहू, पुष्पलता प्रधान, गायत्री डड़सेना आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# मोर आवास मोर अधिकार को लेकर भाजपा ने भूपेश बघेल सरकार को जमकर कोसा, निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री अवास योजना से वंचित हितग्राहियों को भूपेश बघेल सरकार से उनका हक दिलाने भारतीय जनता पार्टी कांकेर के कार्यकर्ताओं ने मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन के तहत भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन के नेतृत्व में शहर के नये बस स्टेण्ड में कांग्रेस सरकार के खिलाफ हुंकार भरी।

नबीन ने भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ आरोप लगाया कि प्रदेश में गरीबों के खुन पसीने की कमाई को लुटा जा रहा है। ये सरकार गरीबों के सर से उनका छत छीन के अपना घर भर रही है। ये प्रदेश की गरीब जनता के साथ अन्याय, अत्याचार है। नबीन ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने 2022 तक देश के हर गरीब परिवार को पक्का मकान देने का संकल्प लिया था परंतु छ.ग. की लुटेरी भूपेश बघेल सरकार की हठधर्मिता और प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्यांश नही देने के कारण राज्य के 16 लाख परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित है। नबीन ने कहा कि जब तक राज्य के वंचित हितग्राहियों को उनका आवास मिलने तक भारतीय जनता पार्टी वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गरीबों की चिंता है इसलिए केन्द्र में भाजपा की सरकार आने के बाद जनधन खाते खोले गये, गरीबों के लिए शौचालय बनाये गये, प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के तहत गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न दिया जा रहा है। नबीन ने कहा कि भूपेश बघेल की लापरवाही के कारण जिले के पखांजूर में प्रधानमंत्री आवास से वंचित एक परिवार के 5 सदस्य कच्ची झोपड़ी में दब कर मारे गये। नबीन ने उपस्थित जन समूह को संकल्प दिलाया कि गरीबों को आवास छिनने वाली कांग्रेस सरकार के विधायकों के आगामी चुनाव में जमानत जप्त करायेंगे। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेण्डी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार के पास कांग्रेस का अधिवेशन कराने के लिए करोड़ों रूपये है परंतु प्रधानमंत्री अवास के लिए अपना अशं देने के लिए पैसा नही है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने तो अपना अंश राज्य के पास भेज दिया था परंतु राज्य सरकार द्वारा पैसा नही देने के कारण पूरे प्रदेश में 16 लाख परिवार व जिले में 10 हजार परिवार आज भी पक्के आवास से वंचित है व बारिश में परेशानी में अपना जीवन व्यतीत कर रहे है। भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि 2014 में देश के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात् नरेन्द्र मोदी ने लगातार गरीबों की चिंता की है परंतु 2018 में प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने के बाद भूपेश बघेल ने दिल्ली में बैठे अपने आलाकमान और अपना घर भरने की ही चिंता की है। राज्य की भूपेश मात्र 4 वर्षो में भ्रष्टाचार में इतनी डुब गई है कि आये दिन सरकार के करीबी अधिकारी व नेताओं के यहां आईटी, ईडी के छापे पड़ रहे है। सांसद मोहन मण्डावी ने केन्द्र सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों के लिए स्वच्छ जल की चिंता करते हुए जल जीवन मिशन की शुरूआत की किंतु राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के चलते लोगों को साफ पानी नही मिल पा रहा है। प्रदेश में केन्द्र की हर योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। गरीबों का आवास खाने वाले इस भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को जनता ही सबक सिखायेगी। धरना प्रदर्शन पश्चात् भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों ने राज्य की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार व स्थानीय विधायक शिशुपाल शोरी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना स्थल से सिविल लाईन स्थित विधायक निवास तक पैदल मार्च करते रैली निकाली।

विधायक निवास के घेराव पश्चात् भाजपा नेताओं ने विधायक शिशुपाल शोरी के नाम प्रधानमंत्री आवास से वंचित हितग्राहियों को आवास दिलाने तहसीलदार कांकेर को ज्ञापन सौंपा। इस धरना प्रदर्शन में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य लता उसेण्डी, जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन, सह प्रभारी दीपक साहू, कांकेर विधानसभा प्रभारी कमलेश ठोकने, रामू रोहरा, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले, भोजराज नाग, भरत मटियारा, शालिनी राजपूत, बृजेश चैहान, दिलीप जायसवाल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व आवास से वंचित हितग्राही उपस्थित रहे।

## स्थानीय प्रशासन द्वारा साप्ताहिक बाज़ार को गांधीनगर में किया गया विस्थापित



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल मुख्य मार्केट में बुधवार एवं रविवार साप्ताहिक बाज़ार न लगाकर गांधीनगर हाट बाज़ार में दुकानें लगाने हेतु नगर प्रशासन द्वारा लगातार अनाउंसमेंट करवाकर जानकारी दी जा रहीं थीं तथा 22 मार्च बुधवार को स्थानीय प्रशासन द्वारा वार्ड क्रमांक 18 गांधीनगर हाट बाजार में विस्थापित किया गया।बता दें व्यापारियों द्वारा भी उक्त स्थल में साप्ताहिक बाज़ार लगाई गई।मौके पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवम् तहसीलदर बड़े बचेली,नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय और सांसद प्रतिनिधि आर राजू रेड्डी, उपाध्यक्ष बालसिंह कश्यप, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील कुमार जैन,सभी पार्षद गण,जिला प्रशासन एवम नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी,थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## आहरण व संवितरण अधिकारियों को 24 मार्च तक चेक बुक जमा करने के निर्देश

**कोंडागांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा समस्त आहरण और संवितरण अधिकारियों को चेक बुक कोषालय में 24 मार्च को शाम 5 बजे तक जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी आहरण और संवितरण अधिकारियों निर्धारित समयावधि में कोषालय में चेक बुक जमा करना सुनिश्चित करें। आगामी 27 मार्च से ऐसे अपरिहार्य प्रकरणों में जिसमें कतिपय व्यय को जो जनहित या प्रशासन के हित में अनिवार्य हैं, उसे कलेक्टर के समक्ष औचित्य सहित प्रस्तुत कर भुगतान संबंधी आदेश प्राप्त करेंगे। कलेक्टर से प्राप्त आदेश उपरांत कोषालय अधिकारी द्वारा चेक करने हेतु आहरण व संवितरण अधिकारी को चेक बुक उपलब्ध कराया जाएगा और जारी किए गए चेक बुक पर कोषालय अधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## नक्सल प्रभावित करेंगांव, मण्डागांव में 'पुना वेश' के तहत् निःशुल्क पुस्तकालय एवं अध्ययन कक्ष का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्राम करेंगांव/मण्डागॉव थाना सिकसोड़ में ''पूना वेश (नवा अंजोर)'' के तहत् निःशुल्क पुस्तकालय एवं अध्ययन कक्ष का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवक-युवतियां, स्कूली बच्चे शामिल हुए। खोमन लाल सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुये क्षेत्र के युवक-युवतियों, स्कूली बच्चों को निःशुल्क पुस्तकालय/ अध्ययन कक्ष में पुस्तकों का अध्ययन कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लेने कहा गया। ग्राम करेंगांव/मण्डागॉव में निःशुल्क पुस्तकालय एवं अध्ययन कक्ष प्रारंभ होने से ग्राम पंचायत अमोड़ी, आमाकोट, जेठेगॉव, नवागढ़, भैसासूर, लामन, डुटटापिपली व आसपास क्षेत्र के स्कूली बच्चों, युवक-युवतियों एवं कम आय वर्ग के परिवारों को राहत/ फायदा मिलेगा उक्त पुस्तकालय में अध्ययन की 24 घण्टे सुविधा रहेगी। समय-समय पर सेमीनार आयोजित कर जिसमें चयनित अधिकारियों द्वारा क्लासेस लिया जावेगा, स्कूली बच्चों को पुस्तक, कापी,पेन एवं अन्य स्कूली सामग्री प्रदान किया गया। इसके पूर्व दिनांक 18.06.2022 को ताड़ोकी एवं दिनांक 20.08.2022 को कोयलीबेड़ा में ''पूना वेश (नवा अंजोर)'' के तहत् निःशुल्क पुस्तकालय एवं अध्ययन कक्ष प्रारंभ किया गया है जिसका लाभ अंदरुनी क्षेत्र के युवक-युवतियों एवं बच्चों को मिल रहा है।

## लीगल एड डिफेंस कौंसिल के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए 24 मार्च को होगा साक्षात्कार

**कोंडागांव।** लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अंतर्गत मुख्यालय स्तर पर चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल के एक पद, डिप्टी लीगल एड डिफेंस कौंसिल के एक पद और असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल के 2 पदों पर संविदा भर्ती हेतु 21 मार्च तक आवेदनकर्ता अभ्यर्थियों का 24 मार्च को सुबह साढ़े 8 बजे से पुराना व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता केन्द्र कोंडागांव में साक्षात्कार आयोजित किया गया हैं। अभ्यर्थियों की पदवार सूची व साक्षात्कार की समय का अवलोकन जिला न्यायालय कोंडागांव के वेबसाईट पद पर किया जा सकता हैं।

## तेंदुआ खाल की तस्करी करने वाले दो आरोपी के कब्जे से दो नग तेंदुआ खाल बरामद

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा वन्य प्राणी तेंदुआ की खाल की तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से वन्य जीव तेंदुआ की दो नग खाल भी बरामद किया गया है।

जब्त की गई तेंदुआ खाल की अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार 1 मार्च को रात्रि में मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि कांकेर नरहरपुर रोड में दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं एवं वन्य प्राणी तेंदुए की खाल बिक्री हेतु रखे हैं अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी कांकेर एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कांकेर की संयुक्त टीम द्वारा उक्त सूचना की तस्दीक मौके पर जाकर किया गया, दोनों संदिग्धों को दबिश देकर पकड़ा गया आरोपियों की तलाशी पर दोनों आरोपियों के संयुक्त आधिपत्य से वन्य प्राणी तेंदुआ का दो नग खाल बरामद किया गया आरोपियों से पूछताछ में दोनों आरोपी रैतु राम कोर्राम पिता महगू राम उम्र 27 वर्ष निवासी पुंगारपाल थाना मर्दापाल जिला कोंडागांव व तेजू राम कश्यप पिता मंजिया राम कश्यप उम्र 19 वर्ष निवासी तुमड़ीवाल थाना मर्दापाल जिला कोंडागांव ने वन्य प्राणी तेंदुआ की खाल को ग्राम चेमा जिला कोंडागांव निवासी जयतु कोर्राम,एवं फूल राम से प्राप्त कर विक्रय हेतु ग्राहक की तलाश में कांकेर आना बताया। आरोपियों के कब्जे से बरामद वन्य प्राणी तेंदुआ की खाल को मौके पर वन विभाग से भौतिक सत्यापन कराया जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना कांकेर में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 9,39,51,54 अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

## बाईक चलाने का शौक इतना की बारी बारी से चाबी लगे 6 वाहनों को ले उड़ा नाबालिग

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



पुलिस द्वारा शहर से दो पहिया वाहन, स्कूटी, मोटरसाइकिल की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले नाबालिग के कब्जे से दो स्कूटी एवं चार मोटरसाइकिल सहित कुल 6 दो पहिया वाहन जप्त किया है। जानकारी के अनुसार विगत कुछ दिनों में कांकेर शहर में दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के सामने तथा सार्वजनिक स्थलों पर चाबी लगाकर खड़े किए गए मोटरसाइकिल के चोरी होने के संबंध में शिकायत मिली थी जिस पर थाना कांकेर पुलिस प्राप्त शिकायतों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी, थाना कांकेर एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा चोरी से सम्बन्धित घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज के आधार उक्त व्यक्ति की पहचान एवं पतासाजी की जा रही थी, घटना में शामिल विधि से संघर्षरत बालक की पहचान होने पर मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में शामिल विधि से संघर्षरत बालक उम्र 15 वर्ष निवासी थाना कांकेर क्षेत्र को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिसने चोरी करना स्वीकार किया विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से उसके घर से तथा उसके द्वारा अपने नाबालिक साथियों के घर में रखवाए हुए कुल 6 वाहनों को जब्त किया गया है। विधि से संघर्षरत बालक ने पूछताछ में बताया है कि वह मोटरसाइकिल चलाने के शौक के कारण गाड़ियों की चोरी करता था तथा पेट्रोल खत्म होने के बाद उसको अपने घर में रखवा देता था परिजनों के द्वारा पूछने पर परिजनों को अपने साथियों की मोटरसाइकिल होना बताया करता था।

## नाबालिग के साथ दैहिक शोषण के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदंड

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आरोपी उमेन्द्र साहू पिता दुकालू राम साहू, उम्र 25 वर्ष दसपुर निवासी नाबालिग के साथ दैहिक शोषण के आरोपी को कोंडागांव न्यायलय ने आजीवन कारावास की सजा व अर्थदंड की सजा सुनाई। इस प्रकरण के संबंध में लोक अभियोजक दिलीप जैन ने बताया कि, अभियुक्त के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 376 व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 और धारा 3 (2) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत आरोप हैं कि, उसने फरवरी 2019 के पश्चात् लगातार तीन माह तक घटना स्थल दसपुर कांकेर, आरोपी का घर थाना कांकेर, जिला कांकेर क्षेत्रान्तर्गत में नाबालिग पीडिता जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम थी को उसके माता पिता के विधिपूर्ण संरक्षकता में से उनकी सहमति के बिना ले गए और ऐसा कर उसका विधिपूर्ण संरक्षकता में से व्यपहरण कर संभोग करने के लिए विवष कर पीडिता के साथ बार-बार बलात्संग कारित कर गुरूत्तर प्रवेषन लैंगिक हमला कारित किया। लोक अभियोजक दिलीप जैन ने घटना के संबंध में विस्तृत तौर पर बताया कि, पीडिता आरोपी को वर्ष 2019 को कांकेर मेला देखने जाते समय मिली वह गांव की एक दीदी के साथ बस में कांकेर मेला देखने जा रही थी तभी बस में ही उसकी मुलाकात आरोपी उमेन्द्र साहू से हुई थी। आरोपी उन्हें कांकेर मेला घुमाया और मेला में ही आरोपी ने पीडिता का मोबाइल नंबर ले लिया था, उसके पश्चात् आरोपी से पीडिता की मोबाईल में बातचीत होती थी, बात करने के दौरान पीडिता ने आरोपी को बता दिया था कि, वह गांड जाति की हैं और आरोपी ने बताया था कि, वह तेली जाति का हैं। कुछ दिन पश्चात् आरोपी उसे मिलने के लिए केषकाल बुलाया था, तब वह केषकाल आरोपी से मिलने गयी थी। आरोपी ने उसे शादी करूंगा बोलकर अपने गांव दसपुर ले गया था और दसपुर में आरोपी उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता था। आरोपी के लगातार शारीरिक संबंध बनाने के कारण वह गर्भवती हो गयी तीन-चार माह पश्चात् पीडिता के घर वाले उसे ढूढते हुए आए और उसे लेकर वापस घर आए। पूछताछ करने पर उसके घटना व गर्भवती होने की बात घरवालों को बताया कि, पीडिता, प्रार्थीया के द्वारा आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना केषकाल में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 138 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## एएमएनएस द्वारा करवाया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल पटवारी पारा एवं मिश्रा कैंप में आज बुधवार को आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी के द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 125 लोगों की सामान्य बीमारी की जांच की गई। जिसमें मौसमी बीमारी, सर्दी खांसी,खुजली से पीड़ित लोग शामिल थे।जिन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाई वितरित किया गया।मौके पर बचेली के डॉक्टर,एएमएनएस सीएसआर प्रमुख डॉ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या बचेली में निकली भव्य बाईक रैली



पायनियर संवाददाता ‹ बचेली
www.dailypioneer.com

बचेली में हिन्दू नववर्ष एवं रामजन्मोत्सव समिति द्वारा हिंदू नववर्ष का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ करते हुए आज मंगलवार को स्कूटी एवं बाइक रैली निकाली गई। बता दें रैली संध्या चार बजे बचेली बस स्टैंड से प्रारंभ हुई तथा सम्पूर्ण नगर भ्रमण कर हनुमान मंदिर न्यू मार्केट में समापन हुआ। जिसमें सैकड़ों बाईक सवार भगवा ध्वज और भगवा वस्त्र से सुसज्जित रैली जिस स्थान से गुजरी लोग मंत्र मुग्ध होकर देखते रह गये।विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं जलपान से रैली का स्वागत किया गया। इस रैली में बचेली सहित किरंदुल दंतेवाड़ा और गीदम के निवासी में सम्मिलित हुए।

## चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर श्री राघव मन्दिर किरंदुल में 244 ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की मंगल कामनाओं सहित बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर के द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2080 के सुअवसर पर शुभ मुहूर्त में घटस्थापना की गई। लौह नगरी के आस्था के प्रमुख केंद्र श्री राघव मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस नवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं द्वारा 244 ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गए हैं। एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के महाप्रबंधक (उत्पादन) एस बी सिंह, उप महाप्रबंधक (विद्युत) संयंत्र एच के गुणावत, सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) धर्मेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सक्सेना, बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर के सचिव ए के सिंह, पी सी जैन, बी एल मिश्रा, संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों, गायत्री परिवार के सदस्यों एवं नगर परिवार के मातृशक्तियों की उपस्थिति में श्री राघव मन्दिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल द्वारा विधिविधान से घट स्थापना की गई।

## मुलमुला में किया गया पौधारोपण



**कोंडागांव।** जिला अंतर्गत वन परिक्षेत्र मुलमुला में रमेश कुमार जांगड़े वनमंडलाधिकारी दक्षिण के के मार्ग में मुख्यमंत्री संपदा योजना अंतर्गत सिंचाई वृक्षारोपण कार्य ग्राम के हितग्राही लखमु पिता चैतुराम के के निजी भूमि में टिश्यू कल्चर सागौन पौधों का रोपण कार्य किया और हितग्राही को पौधा निशुल्क प्रदान किया गया। इस रोपण कार्य के दौरान धीरेन्द्र कुमार मिश्रा वन परिक्षेत्र मुलमुला, पीलाराम परिक्षेत्र सहायक मुलमुला, हेमलता मंडावी वनरक्षक फुक्का गिरोला, ईश्वर सिंह कश्यप वनरक्षक का विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री ने किया वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ ग्राम डोटोपार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सागौन प्रजाति के टिशु कल्चर पेड़ों का किया रोपण

पायनियर संवाददाता ❮ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर आज ''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इसके तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम डोटोपार में किया गया। इसके तहत योजना के शुभारंभ करते हुए श्रध्दासुमन कृषि फर्म में 5 एकड़ भूमि पर अतिथियों एवं अधिकारियों के द्वारा पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही स्व. महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सुरक्षा योजना के तहत् 09 हितग्राहियों के खाते में 14 लाख 60 हजार रूपये हस्तांतरित किए गए। योजना के शुभारंभ करते हुए अन्य स्थानों में खम्हरिया 5 एकड़, गिधपुरी 5 एकड़, दतरेंगा 5 एकड़ एवं सरसींवा में 3.5 एकड़ इस तरह कुल 23.52 एकड़ भूमि में आज विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया है। योजना के तहत जिले में 5 सौ एकड़ भूमि में कुल 3 लाख 79 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, तेलघानी बोर्ड सदस्य रोहित साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष जुगल किशोर भट्टर, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, पुलिस अधीक्षक दीपक झा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता डीएफओ मंयक अग्रवाल, सरपंच सहित विभिन्न स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सभी प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ के जंगल और जैवविविधता राज्य और वन संपदा की पहचान है। हमारा पर्यावरण और वन बचा रहे इस दिशा में हमारी सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का लाभ ले रहे है अब मैदानी क्षेत्रों के लोगो को इस योजना से ज्यादा से ज्यादा जोड़े जाने के लिए प्रयास करने की आवश्यता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर योजना के सभी लाभ हितग्राहियों को बताते हुए प्रोत्साहित करने कहा ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से लाभान्वित हो सके। वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वृक्षों के दृष्टिकोण से संपन्न राज्य है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से अगले 5 सालों में 1 लाख 80 हजार एकड़ में योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। जिसका लाभ हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल और यहां की जैव विविधता छत्तीसगढ़ की पहचान है। हमारी कला, संस्कृति, परम्पराएं, दर्शन, चिंतन, आध्यात्म, इतिहास सब कुछ हमारे जंगलों से जुड़ा है। छत्तीसगढ़ के वन पूरे देश की धरोहर है। इन वनों से पूरे देश का पर्यावरण जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे जंगल बचे रहे, हमारा पर्यावरण बचा रहे, जंगल से जुड़ी हमारी गौरवशाली संस्कृति बची रहे और खूब फ्ले-फूले इस दिशा में बीते चार वर्षों के दौरान हमारी सरकार ने लगातार काम किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि यह योजना देश में एक अनूठी योजना है, जिसमें वाणिज्यिक प्रजातियों का वृक्षारोपण कर निजी व्यक्ति, संस्था अथवा कम्पनियों के माध्यम से अधिकाधिक लाभ कमा सकते हैं। यह केवल वृक्षारोपण की योजना न होकर देश के जलवायु परिवर्तन की दिशा में भी हमारी सहभागिता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना में सभी वर्ग के इच्छुक किसानों की पड़त भूमि में वाणिज्यिक वृक्षारोपण होगा। योजना के तहत 33 जिलों के 23 हजार 600 किसानों द्वारा 36 हजार 230 एकड़ में वृक्षारोपण किया जाएगा।

## भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने आदि शक्ति माँ काली का लिया आशीर्वाद



क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की

पायनियर संवाददाता ❮ बसना
www.dailypioneer.com

नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल हिन्दू नववर्ष के पूर्व संध्या अपने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम गिधली स्थित आदि शक्ति माँ काली के मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की तथा उपस्थित श्रद्धालुओं सहित क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दिये। भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि हमारे बसना विधानसभा क्षेत्र में माँ जगजननी के अनेकों मंदिर है। सभी मंदिरों में क्वार एवं चैत्र माह में विशेष महापर्व का आयोजन किया जाता है। जिसमें अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालुजन माँ के दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए माँ के दरबार पहुचते है।हमारा बसना विधानसभा क्षेत्र सनातन संस्कृति के कार्यो में सदैव आगे रहा है। यहाँ समय समय पर अनेकों धार्मिक आयोजन होते हैं।

इस अवसर पर पुजारी जितेंद्र दास महाराज, कोषाध्यक्ष विकास वाधवा, संयोजक निर्मलदास, सेक्टर प्रभारी कामेश बंजारा, सह प्रभारी आकाश सिन्हा, राहुल चतुर्वेदी, सिंघनपुर सेक्टर प्रभारी चमरा स्वर्णकार, सह प्रभारी शोभीत मांझी भगतदेवरी सेक्टर प्रभारी किरण पटेल, मुकेश प्रधान सहित बड़ी संख्या में नीलांचल सेवा समिति परिवार के सदस्य उपस्थित रहें।

# शिक्षकों के 56232 पद रिक्त, विधायक शिवरतन शर्मा के प्रश्न पर शिक्षा मंत्री प्रेमसाय टेकाम ने दिया जवाब

**छत्तीसगढ़ स्कूलों का सेटअप: जाने प्राइमरी से हायर सेकेंडरी स्कूलों में कितने शिक्षक होने चाहिए**





पायनियर संवाददाता ❮ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को एक लिखित सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि प्राइमरी से लेकर हायर सेकंडरी स्कूल तक शिक्षकों के 56232 पद रिक्त हैं. शिक्षा मंत्री ने स्कूलों में दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षकों के सेटअप की भी जानकारी दी है. विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने लिखित प्रश्न में स्कूलों के सेटअप के बारे में जानकारी मांगी थी. शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने बताया कि प्राइमरी स्कूल में एक प्रधान पाठक, दो सहायक शिक्षक और एक स्वीपर मिलाकर तीन का सेटअप होगा. यह सेटअप न्यूनतम 80 विद्यार्थियों के लिए है. 80 से ज्यादा विद्यार्थि होने की स्थिति में एक अतिरिक्त शिक्षक की पात्रता होगी. प्राथमिक शालाओं में 50 प्रतिशत शिक्षक कला और 50 प्रतिशत विज्ञान संकाय के होंगे. पूर्व माध्यमिक शाला में एक प्रधान पाठक, चार शिक्षक, एक नियमित भृत्य और एक अंशकालीन स्वीपर मिलाकर 7 का सेटअप होगा. हाईस्कूल में एक प्राचार्य, 6 व्याख्याता, एक सहायक शिक्षक विज्ञान, एक लेखापाल/सहायक ग्रेड-2, एक सहायक ग्रेड-3, 2 नियमित भृत्य, एक चौकीदार और एक अंशकालीन स्वीपर मिलाकर 14 का सेटअप होगा. हायर सेकंडरी स्कूलों में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, जीव विज्ञान, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, इतिहास/राजनीति शास्त्र, अर्थ शास्त्र/भूगोल के एक-एक और वाणिज्य के दो व्याख्याता होंगे. जिस विषय/संकाय के वर्ग बनेंगे, उस विषय के व्यख्याता देय होंगे. शिवरतन शर्मा ने पूछा कि वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल में कितने विद्यार्थी अध्ययनरत हैं. मंत्री डॉ. टेकाम ने बताया कि वर्तमान में प्राथमिक शाला में 1694548, पूर्व माध्यमिक शाला में 356774, हाईस्कूल में 525299 और हायर सेकंडरी स्कूल में 434954 विद्यार्थी हैं. शिवरतन शर्मा ने पूछा कि प्रदेश में प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल में वर्तमान में कितने-कितने शिक्षक कार्यरत हैं? मंत्री डॉ. टेकाम ने बताया कि प्राथमिक शाला में 77185, पूर्व माध्यमिक शाला में 47786, हाईस्कूल में 9637 और हायर सेकंडरी स्कूल में 30381 शिक्षक हैं. शासन के मापदंड के अनुसार शिक्षकों की कमी के संबंध में शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्राथमिक शाला में 27150, पूर्व माध्यमिक शाला में 19619, हाई स्कूल में 2515 और हायर सेकंडरी स्कूल में 6948 शिक्षकों की कमी है. मंत्री ने कहा कि शिक्षकों की कमी कब तक पूरी कर दी जाएगी, यह समय सीमा बताना संभव नहीं है।

# हिन्दू नववर्ष पर आद्य सर संघ चालक का हुआ ध्वज प्रणाम कार्यक्रम



**खण्ड संघ चालक रमेश कर, राजिम विभाग कार्यवाह दयामणी सिदार, भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल हुए शामिल**

पायनियर संवाददाता ❮ बसना
www.dailypioneer.com

हिन्दू नववर्ष की शुरुआत के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक परिवार के द्वारा नगर स्थित साई विहार के शिव मंदिर परिसर में आद्य सर संघ चालक ध्वज प्रणाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संघ सर संचालक प्रमुखों ने सभी सदस्यों को हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी तथा हर्षोल्लास के साथ नववर्ष पर्व मनाने की बात कही। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खण्ड संघ चालक रमेश कर, राजिम विभाग कार्यवाह दयामणी सिदार, नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल, डॉ. गिरधारी डडसेना, जिला प्रमुख सौरभ अग्रवाल, चितरंजन साहू, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, दिलीप सेठ, सुंदर प्रधान, संतराम भारद्वाज, ध्रुवजी, धनेश्वर साहू, आदित्यरंजन कानूनगो, प्राचार्य नंदन जी, षडंगी जी, रघुवीर अग्रवाल दुर्लभ प्रधान, पुरुषोत्तम साहू सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बसना परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहें।

# धोखाधडी कर 18 लाख का माल खपाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**दोनो आरोपी को भेजा गया जेल**



पायनियर संवाददाता ❮ भाटापारा
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने सभी थाना प्रभारी को धोखाधडी 420 भादवि के प्रकरण में आरोपी का शीघ्र पता तलाश कर कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुआ था निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मंडावी के कुशल नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्रमांक 465/2022 धारा 407,419,420,467,471,120 बी 201,34 भादवि के फरार आरोपीगण सिबाचरण साहू पिता हरेकृष्णा साहू उम्र 45 साल पता ग्राम बईदीपाडा थाना निमापाडा चौकी छारीचाक जिला पुरी उडीसा समीर रौत्रा उर्फ हलवा पिता गोविंदा रौत्रा उम्र 40 साल पता ग्राम अटईहुडा थाना निमापाडा जिला पुरी उडीसा को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त हुई है। दिनांक घटना समय 18/08/2022 को शाम 06 बजे फर्जी ट्रक क्रमांक क्क39ड्ड0689 के चालक सौम्या रंजन मलिक निवासी पंगीरा सेंडथीरा बोथ , बोथ ओडिसा ने अपने वाहन में भाटापारा के विभिन्न दाल मिल पोहा मिल से उडदगोटा, मुंगागोटा, राजमा, पोहा, काबुली चना कुल कीमती 1808119 (अठ्ठारह लाख आठ हजार एक सौ उन्नीस रूपये) को लोड कर उडीसा भुनेश्वर के लिए निकला था जो गंतब्य स्थान पर न पहुंचाकर अन्यंत्र कंही ले गया है कि प्रार्थी विकास अग्रवाल पिता किशन अग्रवाल उम्र 40 निवासी संजय वार्ड भाटापारा के रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त प्रकरण में दो आरोपी संबीत खटोई पिता सुबल खटोई तथा प्रकाश कुमार राम उर्फकालु पिता पदमालाभा राम को पूर्व गिर फ्तार कर आरोपीगण के कब्जा से दो ट्रक और एक स्वि कार जप्त कर कार्यवाही किया गया है दिनांक 20/02/2023 को आरोपीगण सिबाचरण साहू और समीर रौत्रा उर्फहलवा के कब्जा से 03 पैकेट पोहा, 27 किलो गुड, 02 पैकेट काबुली चना, 03 पैकेट चना, 03 पैकेट राजमा, 03 पैकेट सफेद मटर , 01 पैकेट मुंग, 03 पैकेट उडद दाल को जप्त कर कार्यवाही किया गया।

# भाजपा ने मंडल प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किए

पायनियर संवाददाता ❮ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भाजपा की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने एवं पार्टी के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कराने के लिए विभिन्न मंडलों में प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जिसके संदर्भ में भाजपा जिला कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला मीडिया प्रमुख रितेश श्रीवास्तव ने बताया की पुर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने जिन मंडलों में नियुक्ति की है उनमें मंडल दक्षिण पलारी के लिए जिला मंत्री भाजपा राजकुमार साहू को प्रभारी एवं भाजयुमो कोषाध्यक्ष अनुपम बाजपेई को सहप्रभारी, कसडोल मंडल में प्रभारी के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधारी वर्मा और सह प्रभारी दुर्गा पटेल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेश केशरवानी को टुण्ड्रा मंडल में प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है वहीं भाजपा नेता पुनीराम पटेल को बया मंडल का प्रभार दिया गया है, साथ ही पुर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने समस्त कार्यकर्ताओं से यह आग्रह किया है की वर्तमान में चल रहे बूथ सशक्तिकरण के कार्य को नियत समय पर पूरा करने कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत झोंक दे और निश्चित समय सीमा में पूर्ण करें।

# डॉ चरणदास महंत ने शहीद दिवस पर आज़ादी के वीर सपूतों को नमन करते हुए दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने 23 मार्च शहीदी दिवस के अवसर पर भारत की आज़ादी के सच्चे सपूतों को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा, देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में कई वीर सपूतों ने देश के लिए बलिदान दे दिया, अपनी जान को हंसते-हंसते कुर्बान कर देने वाले वीर सपूतों को हर वर्ष किसी न किसी अवसर पर जरूर याद किया जाता है। हर वर्ष 23 मार्च का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 23 मार्च ही वह दिन है, जिस दिन भारत मां के वीर सपूत भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों ने फांसी पर लटका दिया था। डॉ महंत ने कहा कि, भगतसिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई, उससे आज भी कई युवा प्रभावित हैं। समूचा देश 23 मार्च को शहीद दिवस मनाकर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

## बाबा गुरू घासीदास जी के जन्म स्थली निर्माण प्रक्रियाधीन की बैठक 24 मार्च को

**बलौदाबाजार।** गिरौदपुरी में संत शिरोमणि गुरू घासीदास जन्म स्थली निर्माण कार्य एवं गुरू घासीदास बाबा के जीवन संबंध में फिल्म निर्माण संबंधी सामाजिक परिचर्चा, सुझाव, सहमति, के विषय में 24 मार्च 2023 को दोपहर के 1 बजे से जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभागार में रखी गई है। उक्त विषय मे सभी प्रबुद्ध जनों को सादर आमंत्रित किया गया है। गिरौदपुरी में बाबा गुरू घासीदास जी के जन्म स्थली निर्माण प्रक्रियाधीन है। इस विषय पर चर्चा हेतु कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता मे बैठक रखी गयी है। जिसमे प्रभारी सहायक आयुक्त संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में फिल्म निर्माण संबंधी चर्चा किया जाना प्रस्तावित है तथा समीक्षा भी की जाएगी। सभी सम्मानीय सामाजिक बंधु बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध की गयी है।

# आप कार्यकर्ताओं ने मनाया जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चन्द्राकर का जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ❮ महासमुंद
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी महासमुंद के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से केक काटकर जिला कार्यालय में मनाया गया आज पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह था कार्यकर्त्ता स्वसपुर्त्त ही जिला कार्यालय में उपस्थित होकर जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई दी है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए सबको ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापन कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिषेक जैन, कादिर चौहान, विकास कुमार,मुकेश कुर्रे, संजय यादव, संतोष चंद्राकर, पूनाराम निषाद आदि आम आदमी पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# भाटापारा के मार्केट में नकली चावल की धड़ल्ले से सप्लाई, ब्रांडेड खूशबू वाला चावल पकते ही हो जाता है बेस्वाद

पायनियर संवाददाता ❮ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कहा जाता है कि अच्छे खान पान मे स्वास्थ्य तन मन और धन निवास करता है परंतु इसके विपरीत खान पान मे गुणवत्ता हीनता व मिलावटी पना आ जाये तो आम मनुष्य के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होता है और यही मिलावटी व गुणवत्ता हीनता खाद्य पदार्थ अनेक बीमारियों का कारक बना सामने आते है जो कि आज के वर्तमान समय मे लोग असमय अनेक प्रकार के बीमारियों से जूझ रहे है उसका मुख्य वजह एक यह भी है। गौरतलब है कि मिलावट खोरी व अनेक नकली उत्पादों को लेकर बड़ी कंपनियों को चूना लगाने डुप्लीकेट प्रोडक्ट का अंधा मार्केट बड़ी और नामचीन कंपनियों के हूबहू ट्रेडमार्क की नकल, नकली मिनरल वाटर सहित चिप्स, नड्डा, कुरकुरे, बिस्किट, चाय, काफी कोल्डड्रींक्स, साबुन, तेल, पेस्ट, डियो, फेस पैक, नेल पालिश, ब्यूटी-प्रोडक्ट, ब्लेड, शैंपू, काजू, किसमिश, लौंग इलायची को भी नहीं बख्श रहे। घरेलू व डेली उपयोग की नकली सामान बनाने की भाटापारा क्षेत्र के साथ अन्य जिलों से भी प्रमुखता से समय समय पर मामला उजागर हुआ है जबकि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत साप्ताहिक ग्रामीण बाजार से लेकर बड़े बडे मुख्य बाजारों में नकली खाद्य सामग्री खपाने का गोरखधंधा बेखोफ चल रहा है। कम पूंजी लगाकर रातों-रात करोडपति बनने के खेल में रसूखदारों व छुटभैय्ये नेताओं की बड़ी भूमिका है। वही सूत्रो की माने तो नकली समानो के क्रय विक्रय मे एक सिंडिकेट बनकर फैला है जो कि बड़ी कंपनियों को फेल करने के इरादे से धड़ाधड़ नकली उत्पाद कर जिले के बड़े बाजारों से लेकर गांव कस्बों में खपा रहा है। वही अनेक अवसरों पर संज्ञान लेकर खाद्य और औषधि प्रशासन ने कार्रवाई भी की है। लेकिन नकली खाद्य सामग्री के साथ कास्मेटिक, चावल-दाल भी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बनाकर बेच रहे है। गौरतलब है की भाटापारा पूरे प्रदेश मे दाल के मिलों के लिये विख्यात है यहाँ इसी कारण लगभग 150 से भी अधिक मिले संचालित है परंतु नकली व मिलावटी खोरी के मामले मे खाद्य व औषधि विभाग ने कुछ माह पहले इसी सम्बंध मे प्रकरण बनाकर मामला दर्ज किया था जिसमे 5 लाख रुपये कि राशि का जुर्माना लगाया गया था इससे यह स्पष्ट होता है की मिलावटी भाटापारा क्षेत्रवासियों के लिये हमेशा एक बहुत बडा विडम्बना बनकर खडा रहा है जिस पर पूर्ण रुप से नियंत्रण कसा जाना प्रशासन के लिये किसी कडी चुनौती से कम नही है वही आम उपभोक्ताओं के लिये यह असमंजस कि स्थिति रहता है कि किसे असली कहे और किसे नकली कहे कोई मापदंड या गुणवत्ता परीक्षण का कोई उपकरण क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है।

### पानी मे डालने पर बिना पकाये 10 मिनट मे पक जाता है चावल

गौरतलब है कि क्षेत्र मे नकली बारीक खडी चावल बिक रहा है जो की एक्पायर हो चुकी चावल की कनकी को आटा की लुगदी बनाकर उसे चावल के साचे मे ढाला जाता है और वह खडी बारीक चावल का रुप अख्तियार कर लेता है परंतु ऐसे चावल को सीधे तौर पर वि य हेतु मार्केट मे नही उतारा जाता क्योंकि ऐसे मे इनके नकली चावल होने के प्रमाण स्पष्ट हो जायेंगे इसी कारण इसे मिलावट खोरो द्वारा लगभग 8 से 10 प्रतिशत असली चावल मे मिलावट खोरी कर खपा दिया जाता है जिसका आम उपभोक्त ा ग्राहकों भनक भी नही लग पाता और सीधे वहां दोगुने व तीगुने कीमत का बन जाता है जबकि आम उपभोक्त ा अच्छी कीमत चुकाने पर भी नकली मिलाववट खोरी खाद्य सामाजिक का शिकार हो जाते है।

### अप्रत्यक्ष रुप से नकली खाद्य पदार्थो के जरिये आम लोगों को परोसा जा रहा है घातक बीमारी

कुछ समय पहले भाटापारा से सब्जी मे डाले सुगंधित मसाले का प्रकरण दर्ज हुआ था जिसे भाटापारा थाना मे लाकर खाद्य व औषधि विभाग मे मामले को सुपुर्द किया गया था परंतु उक्त मामले में भी छुटभैये नेताओं का थाने में दखल था। और बाद में मामले को रफा-दफा कर दिया जबकि भारी मात्रा मे घरों मे बनने वाले सब्जियों मे डाले जाने वाले मसाले की जब्ती बनाई गई थी लेकिन कुछ समाज सुधारको ने ध्यान नहीं दिया और जब्ती का कुछ पैकेट बना कर मामला ख़त्म कर दिया गया था। नकली व मिलावटखोरी कर क्षेत्र के जनता को धीमा जहर देने की साजिश को देखते हुए भी सक्षम विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। जिसके कारण गंभीर बीमारियों ने घेरा आमजनों के हित को देखते हुये जिले के सम्बंधित विभाग द्वारा नकली मिलावट खोरी को लेकर व नकली उपभोक्त ा सामानों के लिए कोई भी बडी कानूनी कार्रवाई समय समय पर नहीं करते है और उपभोक्त ाओं को नकली सामान खाने के लिए विवश होना पडता है। जिसके कारण आम लोगों को सिकलसेल, कुपोषण, लकवा, चर्म रोग, किडनी और लिवर जैसे घातक गंभीर बीमारियों को जिंदगी भर झेलना पड़ता है।

### नकली कास्मेटिक के समानों मे भी बन चुका है मामला

गौरतलब है भाटापारा मे नकली कास्मेटिक समान वि य किये जाने प्रकरण भी सम्बंधित विभाग द्वारा कुछ साल पहले बनाया गया था जिसके अभी तक ऐसी किसी प्रकार कि कारवाई अभी तक नही हो पाया वही सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश के बडे शहरों से डुप्लीकेट प्रोडक्ट जैसे कॉम्पैक्ट फाउंडेशन लैक्मे ीम, काजल मार्केट में अक्सर आता रहता है। वही चिकित्स्कों की माने तो इस नकली प्रोजेक्ट से स्किन प्रॉब्लम होगा। जिससे स्किन कैंसर भी हो सकता है। हालांकि शहरी व्यापारियों का कहना है, नकली सामानो के सौदागरों पर कड़ी से कड़ी करवाई होना ही चाहिए। नकली सामानों की भरमार नक्क ालों ने आम लोगों की जिंदगियों को खतरे में डालने का काम किया है। नकली माल बेचने वाले जनस्वास्थ्य के साथ ये खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे समाजद्रोहियो को सख्त से सख्त सजा का प्रावधान होना चाहिए।

# दिव्यांग ने बैंक में जमा राशि दिलाने कलेक्टर से लगाई गुहार

### ग्राम गोढ़ी निवासी ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के लिए किया निवेदन

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग निवासी दिव्यांग आवेदक राजू लाल देवांगन ने बैंक में जमा फिक्स डिपाजिट राशि को वापस दिलाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि मेरी माता के नाम से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा में एक लाख पचास हजार रूपए पांच वर्षो के लिए फिक्स डिपोजिट किया गया था जो कि सन् 2000 में पूरा हो गया। तीन लाख रूपए आठ वर्षो के लिए फिक्स डिपोजिट किया गया था जो कि सन् 2001 में पूरा हो गया है। माता की मृत्यु के बाद नामिनी आवेदक के नाम पर दर्ज है। निर्धारित अवधि पूरा होने के बाद भी बैंक वाले पैसा नही देने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम गोढ़ी निवासी श्री मुकुंद राम साहू ने अपने आवेदन में बताया कि खेत के सामने वाली भूमि को शासकीय भूमि के लिए आरक्षित किया गया है, जो कि मेरे खेत से लगा हुआ है। खेत में फसल बोने एवं काटने तथा अन्य कार्य के लिए शासकीय भूमि से ही खेत के अंदर जाना पड़ता है। शासकीय जमीन से लगी हुई एक छोटी सी नाली बनाई गई है, जिससे खेत में पानी पहुंचता है। उन्होंने बताया कि इस शासकीय जमीन को गांव के एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे कि खेती करने के लिए समस्या हो रही है। कलेक्टर ने तहसीलदार धमधा को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्या ने बताया कि ज्ञानोदय शिक्षण समिति द्वारा विद्यालय संचालित किया जा रहा था, जिसमें श्रमिक के गरीब बच्चों को शिक्षा दी जाती थी। कोरोना काल के समय विद्यालय को बंद कर दिया गया था। पार्षद द्वारा विद्यालय का पुस्तकालय गरीब बच्चों के पढ़ने-लिखने के लिए प्रदान किया गया था, जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा ताला तोड़कर कब्जा कर लिया गया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

लक्ष्मीग्रीन सिटी एवं फेस-2 रिसाली के कॉलोनीवासियों ने खराब एवं गंदा पानी पाने की मजबूरी के चलते कलेक्टर से निवेदन किया। उन्होंने बताया कि लक्ष्मीग्रीन सिटी में लगभग 400 परिवार निवासरत है। कालोनी बिल्डर एवं लक्ष्मीनगर जन कल्याण समिति द्वारा लोगों के घरों तक पानी सप्लाई करने की व्यवस्था की जा रही है। कई महीनों से घरों में नल का पानी दूषित, बदबूदार एवं कभी कभी पानी से कीड़े निकलने पर कालोनीवासियों ने बिल्डर्स एवं जनकल्याण समिति को इसकी शिकायत की, किन्तु इस संबंध में उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही की गई। साथ ही समिति द्वारा पानी की टंकियों की सफाई नही किए जाने की बात कही। कलेक्टर ने गंदे पानी पीने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम रिसाली को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम चंगोरी निवासी विष्णु प्रसाद चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत योजना का लाभ एवं पैतृक सम्पत्ति को तीनों भाईयों में बराबर बांटने के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार भिलाई-3 निवासियों ने वार्ड-15 में एल.टी. लाईन के नीचे बलपूर्वक घर बना लेने एवं बिजली के खंभे की जगह को अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा करने के लिए आवेदन दिया। सुभाष सब्जी मार्केट के व्यापारियों ने दुकान व्ययस्थापन कर दुकान के सामने से छोटी नाली का निर्माण कराने के लिए निवेदन किया।

## मितान योजना से मिल रहा है 16 प्रकार की जरूरी सेवाओं का लाभ, घर बैठे मिल रहा है प्रमाण पत्र

**बस कॉल करे 14545 पर, अब तक 5831 हितग्राहियों ने लिया लाभ**

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



मितान योजना के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जरूरी सेवाए मिल रही है, इस योजना में पैन कार्ड तथा 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड भी बनवाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने मितान योजना में पैन कार्ड और आधार कार्ड को शामिल किया है अब लोग मितान के जरिए पैन कार्ड और आधार कार्ड भी बनवा रहे है। पैन और बच्चो के आधार कार्ड को लेकर लोगों को चक्कर काटने पड़ते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, मितान योजना के तहत पैन कार्ड व आधार कार्ड जैसी जरूरी सेवा भी मिल रही है। इनकम टैक्स जैसे जरूरी सेवाओं में पैन कार्ड की आवश्यकता होती है तथा बैंकिंग सेवाओं में भी पैन कार्ड की जरूरत होती है जिसको देखते हुए अब मितान योजना के तहत यह जरूरी पैन कार्ड बनवाया जा सकता है। इसके लिए केवल टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करना होगा और मितान के माध्यम से पैन कार्ड की घर पहुंच सेवा मिलेगी। मितान योजना के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है, 2153 बच्चों का आधार कार्ड अब तक बन चुका है। मितान योजना के तहत विभिन्न प्रकार की 16 जरूरी सेवाओं के प्रमाण पत्र 5831 लोगों को मिल चुका है। मितान योजना के माध्यम से घर बैठे जन्म, मृत्यु, शादी, प्रमाण पत्र के साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आय, निवास प्रमाण पत्र व गुमास्ता लाइसेंस की सुविधाएं भी मिल रही है और घर बैठे यह सभी प्रमाण पत्र प्राप्त हो रहे हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लोगों को दिलाने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मितान योजना के तहत अब तक 524 विवाह प्रमाण पत्र, 174 मृत्यु प्रमाण पत्र, 219 जन्म प्रमाण पत्र, 68 दुकान स्थापना पंजीयन घर बैठे लोगो को मिल चुके है। निगम की अपील है कि मितान योजना के माध्यम से प्रमाण पत्र एवं जरूरी सेवाओं का लाभ लेने के लिए 14545 टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करे। मितान योजना के तहत समय-समय पर लोगो को लाभ दिलाने शिविर के आयोजन भी हो रहे है।

## आयुक्त के प्रस्तुत बजट पर महापौर परिषद् ने की चर्चा, महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई बजट बैठक, परिषद के सदस्यों ने दिया अपने-अपने सुझाव

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



निगम आयुक्त के द्वारा प्रस्तुत बजट पर महापौर परिषद के सदस्यों ने महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में चर्चा की। बजट में शहर विकास के लिए जरूरी एवं आवश्यक कार्य के साथ-साथ सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इसका समावेश किया गया है। महापौर परिषद ने सर्वसम्मति से बजट के प्रस्ताव को पारित कर दिया है अब इसे सामान्य सभा में रखा जाएगा। आज बजट को लेकर महापौर परिषद की बैठक प्रातः 10:30 बजे प्रारंभ हुई। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के लिए तैयार किये गये बजट को महापौर को प्रस्तुत किया। महापौर नीरज पाल ने बजट की चर्चा प्रारंभ कराई तथा महापौर परिषद के सदस्यों ने बजट को लेकर समीक्षा की और शहर विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। महापौर परिषद के समस्त सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट को लेकर अपने विचारो से अवगत कराया। आज की एम.आई.सी. की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी व एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मी पति राजू, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, नेहा साहू, केशव चौबे, रीता सिंह गेरा, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे तथा लेखा एवं वित्त विभाग के प्रभारी मन्नान गफ्फार खान मौजूद रहे। निगम से उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## हलबा समाज में मां दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र आरंभ



दल्लीराजहरा। मां दंतेश्वरी मंदिर हल्बा समाज दल्लीराजहरा में चैत्र नवरात्रि पर्व 2023 में 22 मार्च को दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना किया गया । मां के भक्तों ने 33 मनोकामना ज्योति कलश घृत और तेल के स्थापित किए हैं। सभी को भारतीय नववर्ष और शुभ नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं संप्रेषित कर अशेष बधाइयां और मंगल कामनाएं मां से किए हैं । सर्वत्र प्रगति खुशहाली और शांति हो , यही भावना के साथ पूजन हवन और भंडारा का कार्यक्रम प्रतिवर्ष दोनो नवरात्रि पर्व में होता आया है ।पंचमी भोग 26 मार्च को एवं 29 मार्च को महाअष्टमी के दिन पूजन हवन और भंडारा होगा द्य मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन जस गीत का आयोजन होगा ।

## दक्षिण गंगोत्री मार्केट में भिलाई निगम की बड़ी कार्रवाई, अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने वाले चार दुकान हुई सील

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com





अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने वाले चार दुकानों को भिलाई निगम ने सील कर दिया है। दक्षिण गंगोत्री मार्केट में कार्रवाई की गई है। सर्कस दुकान के पास की बड़ी दुकानों को भी सील कर दिया गया है। सोमवार को जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, सहायक अभियंता आलोक पसीने, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, जगदीश तिवारी तथा पुलिस बल की मौजूदगी में दक्षिण गंगोत्री मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। अनाधिकृत विकास व निर्माण के लिए पूर्व में जारी किए गए नोटिस के आधार पर इसके नियमितीकरण के लिए आवेदन जमा नहीं करने वाले संचालकों की दुकानें सील की गई। दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र के केजीएन कार रिपेयर, साई फर्नीचर की दो दुकानें तथा श्रीराम सालूशन की एक दुकान को सील किया गया है। अनाधिकृत विकास व निर्माण को नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए निगम के द्वारा नोटिस जारी किया गया था, परंतु फिर भी नोटिस की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई की गई है। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि ऐसे लोग जो अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आते हैं और जिन्होंने अपने दुकान, भवन, संस्थान आदि का नियमितीकरण नहीं कराया है वह शीघ्र ही वास्तुविद के माध्यम से नियमितीकरण के लिए निगम में आवेदन प्रस्तुत कर दें। भिलाई निगम के द्वारा बारंबार लोगों से अनाधिकृत विकास व निर्माण के तहत भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यवसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण का नियमितीकरण कराने की अपील की जा रही है। इसके लिए शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। सर्वे उपरांत नोटिस दिया जा रहा है, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लेने वाले भवन, दुकान, संस्थान आदि को सील बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। अनाधिकृत विकास व निर्माण से संबंधित किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी के लिए भिलाई निगम के भवन अनुज्ञा विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

## राजस्व एव बाजार विभाग सलाकार समिति की बैठक में राजस्व वसूली पर फोकस, राजस्व वसूली में आई तेजी



पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम / राजस्व विभाग व बाजार विभाग प्रभारी ऋषभ जैन (बाबू) की अध्यक्षता में अपने एमआईसी कक्ष में विभागीय समिति राजस्व विभाग सलाकार समिति की बैठक लेकर राजस्व वसूली पर विशेष चर्चा की गई। प्रभारी ऋषभ जैन ने बैठक में वर्ष 2022-23 राजस्व वसूली के संबंध में समिति के सदस्यों एवं निगम अधिकारियों के साथ विचार कर आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा राजस्व वसूली में तेजी लाये। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि विगत वर्ष में राजस्व विभाग की वसूली वित्तीय वर्ष 2021-22 में 17,26,52,023 रुपये तथा वर्ष 2022-23 में वसूली 19, 53, 79,066 रुपये हुई है। जो पिछ्ले वर्ष की तुलना में काफी अधिक वसूली है। इसके अतिरिक्त आय बढ़ाये जाने के संबंध में विचार विर्मश किया गया। बैठक में समिति सदस्य नजहत परवीन, काशीराम कोसरे, नरेश तेजवानी, अमित देवांगन कमल देवांगन, माहेश्वरी ठाकुर,उषा ठाकुर, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, जावेद अली, थानसिंह यादव,ईश्वर वर्मा के अलावा स्पैरो कंपनी के अंकर राहुल भी उपस्थित थे।

## मलेरिया मच्छर उन्मूलन के तहत तालाबों, नाला व नालियो की सफाई

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक अल सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग अमला के साथ पहुचे वार्डो में वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर,वार्ड क्रमांक 1 और वार्ड क्रमांक 15 सिकोला भाठा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, बता दे कि इन वार्ड क्षेत्र के सभी नालो, नालियों, और रात में हुई तेज बारिश से सड़कों में भरे पानी सहित अन्य जगहों सफाई करने का कार्य किया जा रहा है। जिसका आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्ड के पार्षद मनीष साहू व चमेली साहू के साथ निरीक्षण कर अधिकारियों को और भी बेहतर सफाई के निर्देश दिए। फाइट द बाइट मिशन मोड़ पर तालाबो की सफाई, घर - घर पहुँचकर निगम अमला कर रही है मलेरिया के लार्वा को खात्मा, इसे माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जायेगा। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने विशेषकर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रतिकूल असर होने के कारण बीमारियों के पनपने का खतरा बढ़ जाता है। इस कारण गर्मी के मौसम की शुरुआत होने से पहले निगम के सभी नालो और तालाबों के अलावा सामुदायिक सार्वजनिक शुलभ शौचालय की विधिवत विशेष सफाई की जा रही है। मलेरिया और मच्छरों के उन्मूलन सहित इन जीवो के लार्वा को नष्ट करने निगम स्वास्थ्य व जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदत्त परामर्श के आधार पर सफाई कार्य पर फोकस है। तालाबों से कचरा के अलावा अन्य सामग्री को निकाल कर मलेरिया आईल, एंटी लार्वा छिड़काव तथा मैलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही कूलर,गमला,टायर व अन्य अनुपयोग पत्रों को खाली करवाकर टेमीफास का छिड़काव भी किया जा रहा है।

## वार्षिक अधिवेशन में दिखा महिला स्व सहायता समूहों का उत्साह

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा की अध्यक्षता में पाटन के कुर्मी भवन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा वार्षिक अधिवेशन 2023 का आयोजन किया गया। अधिवेशन की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण करते हुए राजकीय गीत से की गई। वर्मा ने शासन के महत्वपूर्ण योजना में महिलाओं के भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महिला स्व सहायता समूहों को हर संभव मदद दिए जाने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत पाटन में अब तक कुल 2245 समूहों का गठन किया गया है, जिसमें 26 हजार 125 महिला जुड़ी हुई है। छत्तीसगढ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी से 107 गौठानों में 53 लाख 31 हजार 419 किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन किया गया। बाड़ी के माध्यम से 2944 क्विंटल सब्जी का उत्पादन, मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, अण्डा उत्पादन, हेचरी यूनिट, मशरूम उत्पादन किया जा रहा है। स्व सहायता समूहों द्वारा अब तक कुल 3 करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि की आमदनी कर महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। इस दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य, खेलकूद, रंगोली प्रतियोगिता, मटका फोड एवं विभिन्न प्रकार के खेल में हिस्सा लिया। साथ ही कृषि विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग एवं बिहान समूहों द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन का स्टॉल भी लगाया।

## 8 मामले में आरोपी सहित174 पौवा शराब जप्त

पायनियर संवाददाता
≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिले के विभिन्न थानों में मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया और 174 पौवा शराब जब्त किए, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनांक 20.03.2023 को थाना खम्हरिया, नवागढ, चौकी मारो, देवकर एवं देवरबीजा में अवैध शराब रखना व बिक्री का 08 प्रकरण दर्ज कर 08 आरोपियो के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। कुल जप्त शराब 174 पौवा देशी प्लेन/मसाला/अंग्रेजी शराब कीमती 15,940/- रूपये, बिक्री रकम 1,960/- रूपये, कुल जुमला 17,900/- रूपये जप्त किया गया है। आरोपीगण जसपाल सिन्हा पिता माधो राम सिन्हा उम्र 33 साल साकिन सैगोना थाना खम्हरिया जिला जिला बेमेततरा गौकरण कुमार पिता मेहत्तरू सिन्हा उम्र 38 साल साकिन वार्ड नं.11 खम्हरिया थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा। लक्ष्मी भास्कर पिता लखनलाल भास्कर उम्र 42 साल साकिन दामापुर थाना दाढी जिला बेमेतरा। रंजित निषाद पिता परदेशी निषाद उम्र साल साकिन चरगवा थाना दाढी जिला बेमेतरा। किशन यादव पिता भुरवा राम साकिन एरमसाही पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा कुलेश्वर धनकर पिता आनंद कुमार उम्र 23 साल साकिन नंदवाय थाना धमध जिला दुरग राकेश साहू पिता लेखराम साहू उम्र 28 साल साकिन सण्डी, पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा।बबलू राम निषाद पिता गोविंद राम उम्र 50 साल साकिन तेन्दुआ नवापारा, पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा शामिल है।

**जगह चिन्हांकित करने पहुंचे कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा**

## 11 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा शिवनाथ रिवर फ्रंट, प्रकृति की खूबसूरत छटा को निहारने दुर्ग की बेस्ट लोकेशन होगी

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com





निकट भविष्य में शिवनाथ नदी की सुंदरता का लुत्फअब दुर्ग शहर के नागरिक रिवर फ्रंट के माध्यम से ले सकेंगे। शिवनाथ नदी के बिल्कुल बगल में कामधेनु विश्वविद्यालय के किनारे वाली पिचिंग के आसपास रिवर फ्रंट स्थापित होगा। आज कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा इसके लिए जमीन चिन्हांकित करने पहुंचे। कलेक्टर ने नदी तट के किनारे जगह देखी। उन्होंने रिवर फ्रंट की एंट्री के संबंध में निगम अमले और राजस्व अमले से चर्चा की। रिवर फ्रंट के किनारे की पिचिंग के साथ वाली जमीन को विकसित करते हुए रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। इसमें खूबसूरत गार्डन के साथ ग्रीनरी होगी, बच्चों के लिए प्ले जोन भी होगा और चौपाटी भी होगी। इस मौके पर जलसंसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। उनसे नदी के जलस्तर से संबंधित तकनीकी विषयों पर चर्चा की गई। यह रिवर फ्रंट 11 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। कलेक्टर ने राजस्व तथ निगम अधिकारियों को इसके लिए एंट्री प्वाइंट सुझाने के लिए कहा ताकि मेन रोड से सीधे रिवर फ्रंट तक कनेक्टिविटी बन पाए। इसके साथ ही पार्किंग आदि की व्यवस्था के साथ में डिटेल प्लान बनाने कहा। कलेक्टर ने कहा कि शिवनाथ नदी का नजारा बेहद खूबसूरत है। इसकी सुंदरता को रिवर फ्रंट बनने से चार चाँद लग जाएंगे। विशेष रूप से शाम के समय लाइटिंग के साथ नदी का नजारा भव्य होगा। कलेक्टर ने निगम अधिकारियों से पिचिंग के बिल्कुल बगल में बनाये जाने वाले लैंडस्केप पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि रिवर फ्रंट की लंबाई काफी होगी और इसके लिए अलग-अलग तरह से लैंडस्केपिंग का प्लान बनाए ताकि लोग शाम के समय एक लंबा वाक कर पाएं और नदी की खूबसूरती को निहारने के साथ ही रिवर फ्रंट के लैंडस्केप को भी निहारें। कलेक्टर ने निगम अधिकारियों को आर्किटेक्ट के साथ डिटेल प्लान प्रस्तुत करने कहा। उल्लेखनीय है कि शिवनाथ नदी के किनारे खूबसूरत लैंडस्केप विकसित करने शासन द्वारा महती कार्य किये जा रहे हैं। इसमें महमरा घाट का सौंदर्यीकरण भी शामिल है। रिवर फ्रंट के तैयार हो जाने के बाद शिवनाथ नदी का लैंडस्केप शहर के दोनों छोरों तक काफी खूबसूरत हो जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि रिवर फ्रंट के प्रोजेक्ट में ग्रीनरी पर विशेष फोकस करें। इसके लिए अलग अलग वैरायटी के सुंदर पौधों का चुनाव करें। चूंकि शाम के वक्त सबसे अधिक लोग यहां पहुंचेंगे तो लाइटिंग की व्यवस्था भी इसी तरह से रखनी होगी। बच्चों का प्ले जोन भी बड़ा होगा ताकि पूरे परिवार के लिए यह मनोरंजक स्थल बन सके।

## फाइट द बाइट एवं मोर शहर, मोर जिम्मेदारी अभियान के तहत व्यवस्था बिगाड़ने वालों को निगम अधिकारियों ने दी समझाईश नही समझने वालो पर होगी सख्त कार्यवाही






पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम मोर शहर मोर जिम्मेदारी एवं फाइट द बाइट के तहत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर राजस्व विभाग व नोडल अधिकारी अतिक्रमण विभाग के दुर्गश गुप्ता ने अपने टीम के साथ पहुँचकर केलाबाड़ी चौक से होते हुए कसारीडीह,आजाद चौक,कन्हैयापुरी,मुक्त नगर होते हुए महाराजा चौक तक सड़क के करीब फल ठेले वाले, गन्ना रस खोमचे व दुकानदारो को दुकान के बाहर समान सजाकर रखने वाले 122 दुकानदारो को कड़ी चेतवानी देते हुए समझाया की समान बाहर न निकलकर व्यवसाय करें। इसके अलावा चौक चौराहों व दुकान के बहाए लगे बैनर पोस्टर को निकलकर जब्त किया गया। दुर्गेश गुप्ता ने कार्रवाही के दौरान आस पास व्यवसाय करने वाले दुकानदारो को चेताया कि अवस्थाओं के कारण नागरिको को आवागमन में बाधा पहुंचती है, जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है।दुकान के बाहर व्यवसाय करने वालों को समझाइस देते हुए सामान दुकान के भीतर करवाया और फल ठेले सहित अन्य ठेले वाले दुकानदारो को अंतिम चेतवानी दी है। दोबारा सड़क या दुकान के बाहर सामान सजाकर रखने पर सामान जप्ती के साथ जुर्माना की कार्रवाही की जाएगी। कार्रवाही के मौके पर दुर्गेश गुप्ता के अलावा टीम अमला मौजूद रहें। मोर शहर, मोर शहर मोर जिम्मेदारी व फाइट द बाइट अभियान के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम के साथ मिलकर वेलफेयर के कार्य को और बेहतर स्वरूप देने की तैयारी की है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने अधिकारियों को निदेर्शित किया कि चौक चौराहों सहित बाजार के क्षेत्रों में प्रतिदिन निगरानी रखें, शहर के मुख्य मार्ग, मुख्य बाजार पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम द्वारा सड़क किनारे सड़क से कबाड़ वाहन, चौक चिराहो से ठेले खोमचे को व्यवस्थित करने की कार्रवाही करने को कहा।

# किशिदा की भारत यात्रा महत्वपूर्ण अवसर

**जापानी** प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की भारत यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर है। सोमवार को हुई किशिदा की नई दिल्ली यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है जिसके अनेक आयाम हैं। इसके साथ ही यह अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बड़े सहयोगियों के लिए महत्वपूर्ण संकेत भी देती है कि पहले के किसी भी समय की तुलना में आज लोकतंत्र मजबूती से एक दूसरे से हाथ मिला रहे हैं। दोनों देशों के बीच अनेक मुद्दों पर बातचीत हो रही है जिनका विस्तार रक्षा और सुरक्षा से लेकर व्यापार, निवेश व तकनीक तक है। शांतिपूर्ण, स्थिर व समृद्ध हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भारत-जापान वैश्विक रणनीतिक साझीदारी को और विस्तार देने की प्रतिज्ञा की। इस शताब्दी में भारत-जापान द्विपक्षीय संबंध गहरे और व्यापक हुए हैं। 2000 में ये 'वैश्विक साझेदारी' से बढ़ कर 2006 में 'रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' तथा 2014 में 'विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' तक पहुंचे। क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह सुखद संयोग है कि भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता संभालने के समय ही जापान जी7 देशों की अध्यक्षता संभाल रहा है। उल्लेखनीय है कि जापानी प्रधानमंत्री दुनिया के गरीब और अमीर देशों को साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में जापानी संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने 'वैश्विक दक्षिण' शब्दों को पुनर्जीवित किया। यह अवधारणा गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समर्थकों को बहुत पसंद थी जो उत्तर-दक्षिण टकराव को व्यक्त करती थी। हालांकि, जापानी प्रधानमंत्री ने भले ही इस अवधारणा को पुनर्जीवित किया हो, पर उन्होंने गुट-निरपेक्ष भावना से इसे नहीं जोड़ा है। इससे गुट-निरपेक्ष आंदोलन के समर्थक भले ही खुश न हों, पर फुकुदा संभवतः अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नेहरूवादी सिद्धान्तों के पैरोकार नहीं हैं। वे गरीब देशों के ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता की तरह अमीर देशों के खिलाफ संघर्ष नहीं करना चाहते हैं क्योंकि वास्तव में वे स्वयं अमीर देश से हैं। वे सभी अमीर व गरीब देशों को नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के पक्ष में एकजुट करना चाहते हैं।

फुमियो किशिदा स्वर्गीय प्रधानमंत्री शिंजो आबे की विदेश नीति का अनुसरण कर रहे हैं जिसे 'व्यापक राजनय' कहा जाता है। आधिकारिक रूप से इसे परिभाषित करते हुए ऐसी 'राजनय कहा जाता है जो वैश्विक परिस्थितियों पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाती है।' वे दिन बीत गए जब टोकियो को 'शांतिवादी' कहा जाता था। लगभग चौथाई शताब्दी पहले जब भारत ने नाभिकीय विस्फोट किए थे तब टोकियो ने नई दिल्ली की निन्दा की थी। लेकिन आज जापान चीन से टकराव के कारण अंततः भारत का सहयोगी है तथा स्वयं को हथियारों से लैस कर रहा है। क्वाड को मजबूत करने में जापान की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री किशिदा के बीच 2022 में तीन बार मुलाकात हुई। दोनों एशियाई लोकतंत्रों के बीच रक्षा व सुरक्षा सहयोग के साथ ही व्यापार भी बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार 20.75 बिलियन डालर था जो अब तक का सर्वाधिक है। दोनों देशों ने 2011 में समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते-सीपा पर हस्ताक्षर किए थे। अब दोनों पक्ष सेमीकंडक्टरों व अन्य महत्वपूर्ण तकनीकों की विश्वसनीय सप्लाई श्रृंखलाओं पर जोर दे रहे हैं। एक साल पहले जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने वादा किया था कि अगले पांच साल में वे भारत में 320,000 करोड़ निवेश करेंगे। समय आ गया है कि हम पुराने वादों को पूरा करें तथा और नए वादे करें। यह बात भारत व जापान, दोनों पर लागू होती है।

# मुद्रास्फीति प्रबंधन हेतु बदलाव

## भारतीय रिजर्व बैंक की एमपीसी की बैठक अप्रैल के प्रथम सप्ताह में होगी। हितधारकों को आशा है कि यह हालिया वैश्विक अनुभवों से सबक लेगी।



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




वियतनाम ऐसा पहला देश है जिसने नीतिगत दरें तय करने के मामले में विश्व समुदाय से अलग रास्ता अपनाया। वियतनाम के केन्द्रीय बैंक ने बेंचमार्क ब्याज दरों में कटौती कर दुनिया भर के अर्थशास्त्रियों को आश्चर्यचकित किया। पूर्वी एशियाई देश इस तथ्य से चिन्तित था कि आंखें बंद कर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रास्ते पर चल कर ब्याज दरें बढ़ाने से उसकी अर्थव्यवस्था में निश्चित रूप से गिरावट आएगी। ब्याज दरें बढ़ाने के मामले में यूरोप कट्टरपंथी रास्ता अपना रहा है और उसने पिछले सप्ताह इनमें 50 बेसिक प्वाइंट की वृद्धि की। इससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जीरोम पावेल की उनके देश के भीतर ही व्यापक निन्दा हुई। उन पर आरोप है कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गहरी मंदी की ओर धकेल रहे हैं। वे इस तथ्य के बावजूद उच्च ब्याज दरों के पक्ष में हैं कि कुछ सदस्यों ने इन कट्टरपंथी उपायों से जुड़े जोखिमों के प्रति सतर्क किया है। कुछ ही दिनों के भीतर अमेरिका के तीन बैंक घुटने टेक चुके हैं जिनमें से एक केवल 48 घंटे के भीतर ध्वस्त हो गया। अमेरिका और यूरोप के बैंक आज उच्च ब्याज दरों के मामले में अर्थशास्त्रियों द्वारा व्यक्त गंभीर आशंकाओं का सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक-एमपीसी अप्रैल के पहले सप्ताह में होने जा रही है। चिन्तित हितधारक बहुत गहरी चिन्ता और जिज्ञासा के साथ इस बैठक पर अपनी नजरें लगाए हैं कि क्या उसने कट्टरपंथी दृष्टिकोण अपनाने के हालिया वैश्विक अनुभवों से कुछ सबक सीखे हैं।

मुद्रास्फीति निश्चित ही चिन्ता का विषय है। बेलगाम मुद्रास्फीति से गरीब सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए यह व्यापक व असंदिग्ध समझदारी है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना आरबीआई व सरकार की नीतिगत जिम्मेदारी है। लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि उच्च ब्याज दरें अर्थव्यवस्था के लिए आत्मघाती हो सकती हैं क्योंकि इसके अनेक आयाम मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में ज्यादा प्रभावी नहीं होते हैं, जबकि इसका आर्थिक वृद्धि पर ज्यादा हानिकारक प्रभाव होता है। उच्च ब्याज दरों से पूंजी का पलायन होता है जिससे मुद्रास्फीति और बढ़ सकती है, जबकि मुद्राओं पर दबाव पड़ने से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान हो सकता है। अनेक अध्ययनों व रिपोर्टों ने गौर किया है कि कर्ज पर दबाव से छोटे बिजनेसों व कम आय वाले परिवारों को नुकसान होता है। वे ब्याज दरों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं ओर दरें अधिक होने पर कर्ज का भुगतान जोखिम में फंस जाता है। इसके साथ ही स्वाभाविक रूप से आर्थिक वृद्धि पर उच्च ब्याज दर से धक्का लगता है क्योंकि अर्थव्यवस्था में निजी निवेश व निजी उपभोग पीछे धकेल दिया जाता है। इसके साथ ही ब्याज दरें बढ़ाने से मुद्रास्फीति के मूल कारण दूर नहीं होते हैं। इसके अनेक कारण हो सकते हैं जिनमें मुद्रा सप्लाई में वृद्धि, उत्पादन की अधिक लागत या उपभोक्ताओं की मांग में बदलाव शामिल हैं। उदाहरण के लिए, भारत में अनाजों की अधिक कीमत मुद्रास्फीति बढ़ा रही है।

वास्तव में मुख्य मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत के ऊपर बनी हुई है। लेकिन अनाजों और फलों की कीमतें मुद्रास्फीति प्रबंधन में समस्यायें पैदा कर रही हैं। वास्तव में भारत को निजी पूंजी के साथ मिल कर फसल-पश्चात प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए ताकि अनाजों, फलों व सब्जियों के दाम बहुत अधिक बढ़ कर मुद्रास्फीति न बढ़ाने पाएं। इसलिए नीतिनिर्माताओं को लक्षित हस्तक्षेप कर मुद्रास्फीति के विशिष्ट संचालकों को संबोधित करना चाहिए। सरकार ने भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई को खुले बाजार में गेंहू की नीलामी का आदेश देकर अच्छा काम किया है। गेंहू भंडार की चार दौर की नीलामी के बाद गेंहू के दामों में कमी आई है। पिछले कुछ दिनों में इसमें काफी कमी आई है। ऐसे हस्तक्षेपों से मूल्य नियंत्रण के मुख्य संचालकों पर कार्रवाई होनी चाहिए जो मुद्रास्फीति के जिम्मेदार हैं। केन्द्र द्वारा खाद्य पदार्थों के दाम स्थिर रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण फंड बनाया गया है, इसका समुचित उपयोग होना चाहिए। बाजार संबंधी जानकारी के प्रभावी उपयोग के साथ राज्य सरकारों को इस दिशा में कदम उठाने चाहिए। मूल्य स्थिरीकरण में बेहतर प्रदर्श करने वाले राज्यों को प्रोत्साहित करने वाली व्यवस्था पर विचार होना चाहिए।

सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी समेत बैंकों की विफलताओं के अनेक कारणों में उच्च ब्याज दरों की प्रमुख भूमिका है क्योंकि इसे बनाए रखना कठिन है और यह विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। तेज वृद्धि के लालच में बैंक उच्च ब्याज दरों पर जमाकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन इससे मुख्यतः ब्याज दरों में दिलचस्पी रखने वाले ग्राहक प्रभावित होते हैं और जोखिम वाली व अस्थिर जमा का खतरा पैदा होता है। इसके कारण बैंक 'हाट मनी' के बंधक बन जाते हैं जो दबाव के पहले संकेत मिलते ही उड़नछू हो जाती है। अमेरिका में सिलिकान वैली बैंक व अन्य क्षेत्रीय बैंकों के मामले में यही हुआ है। वैसे हर दृष्टिकोण से रिजर्व बैंक आफ इंडिया इस वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति दर को लक्षित 5.7 प्रतिशत पर लाने में विफल रहा है। यह केवल तभी संभव है जब वित्त वर्ष के आखिरी महीने में मुद्रास्फीति में 230 प्वाइंट से अधिक कमी आए। ऐसे में आरबीआई को स्पष्ट करना चाहिए कि वह मुद्रास्फीति प्रबंधन में विफल क्यों रहा जिसका आदेश उसे संसद ने दिया है।

हम जानते हैं कि एमपीसी के कुछ सदस्यों ने पिछली बैठक में रेपो दर में वृद्धि का विरोध किया था। इसलिए अच्छा होगा कि ताजा वैश्विक घटनाओं को देखते हुए आरबीआई अपने रास्ते में सुधार करे। हितधारक चाहते हैं कि ब्याज दरों में वृद्धि की प्रवृत्ति पर फौरन विराम लगाया जाए। वर्तमान स्थितियों में ब्याज दरों में कटौती की मांग भी उचित है। यह तथ्य भी है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पैदा परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत ने मुद्रा छापने का रास्ता नहीं अपनाया जिससे बाजारों में इतनी नकदी नहीं बढ़ी जिसे वापस लेने की आवश्यकता हो। वास्तव में अमेरिका और यूरोपीय देशों ने वैश्विक महामारी के कारण पैदा आर्थिक संकट से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर मुद्रा छापी। उनके लिए मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए बाजारों से अतिरिक्त नकदी हटाना जरूरी हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से भारत के मामले में ऐसा नहीं है।

लेकिन यह तथ्य भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि भारत को आर्थिक संकट से निपटने के लिए सरकारों द्वारा आनन-फानन में अपनाये दृष्टिकोणों का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संपग सरकार ने ठीक यही काम किया था। 2008 के वैश्विक संकट के समय आर्थिक संकट से निपटने के लिए भारत सरकार ने जनता के हाथों में पैसा देने का आसान रास्ता अपनाया। इसके कारण संप्रग सरकार के बचे कार्यकाल में मुद्रास्फीति दो अंकों में पहुंच गई। नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में देश की जिम्मेदारी संभालने के बाद ही केन्द्र सरकार समझदारी से नीति निर्माण के कारण बेलगाम मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में सफल हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस साल भारत को 'एल नीनो' प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है।

इसके कारण मौसम पैटर्न में बदलाव की आशंका है जिसका असर अनेक चीजों की कीमतों पर पड़ सकता है। इससे खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। इसे देखते हुए आरबीआई को मुद्रास्फीति प्रबंधन प्रक्रिया में व्यापक सहभागिता पर जोर देना चाहिए। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के अनेक समाधान केन्द्र व राज्य सरकार की कार्रवाइयों पर निर्भर करते हैं। यह तथ्य अच्छी तरह समझा जाना चाहिए कि 'खांचों' में बंद होकर किसी समस्या के समाधान हेतु काम करने का भारत को अतीत में भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खांचों में बंद होकर काम करने के बजाय समस्या पर समग्रता से विचार करेगा।

# मूसेवाला के पिता ने दिया योगी को सर्वोच्च प्रमाणपत्र

"योगी आदित्यनाथ सत्ता के इसी मॉडल का संचालन सफलतापूर्वक करते हुए राज्य की सीमाओं से परे भी प्रशंसा व सराहना अर्जित कर रहे हैं।"

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)

किसी पिता को अपने बेटे की नृशंस हत्या की पहली बरसी पर जब किसी दूसरे राज्य का मुख्यमंत्री याद आए तो इसके गहरे निहितार्थ होते हैं। यह उस मुख्यमंत्री के उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऐसा प्रमाणपत्र है जिसकी सत्यनिष्ठा हर प्रकार के संदेह, राजनीतिक व सामाजिक दुराग्रहों से परे है।

जी हां बात पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हो रही है जिनकी हत्या की पहली बरसी पर उनके पिता बलकौर सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उन्मुक्त कंठ से भूरि भूरि प्रशंसा की। खास बात यह है कि योगी की प्रशंसा उनकी या उनके दल की राजनीतिक विचारधारा पर आधारित या आश्रित न होकर विशुद्ध उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण की उत्कृष्टता को दिया गया प्रमाणपत्र था।

उल्लेखनीय है कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला पंजाब में कांग्रेस के टिकट पर बीत विधानसभा चुनाव लड़े थे और उसके कुछ दिन बाद ही फिल्मी स्टाइल में उनकी हत्या कर दी गयी थी। सोमवार उनकी हत्या को की पहली बरसी थी लेकिन उनके पिता बलकौर सिंह को मलाल है कि उनके दिवंगत बेटे को भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार में न्याय नहीं मिला।

मूसेवाला के पिता ने कहा कि माफिया व गैंगस्टर मेरे घर में घुस गए लेकिन पंजाब सरकार कुछ कर न सकी। मुझे आज यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ याद आ रहे हैं जिन्होंने यूपी को गैंगस्टर व माफिया से मुक्त किया है। लोकसभा चुनाव में आप सीएम योगी को वोट देने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अगर योगी पंजाब के सीएम होते तो उनके बेटे की हत्या न होती।



बीते साल प्रचंड बहुमत से पंजाब में सरकार बनाने के बाद से ही भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी की सरकार कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे पर विरोधियों के निशाने पर है। पाकिस्तान की सीमा से जुड़ा राज्य होने के कारण पंजाब की चुनौतियां भी अलग व विषम किस्म की हैं। भगवंत मान सरकार पर यह भी आरोप है कि खालिस्तान आंदोलन के सर्मथकों के प्रति उसका रवैया लचर है और हाल ही में सुर्खियों में आए अलगाववाद समर्थक अमृतपाल सिंह मामले से इसे देखा व समझा जा सकता है। मूसेवाला के पिता के उपरोक्त कथन को महज भावनात्मक अभिव्यक्ति कहकर काम नहीं चलाया जा सकता। यह तो दरअसल आईना है जो बलकौर सिंह ने योगी आदित्यनाथ के उन विरोधियों को दिखाया है जो किसी न किसी आधार पर योगी की अपराध जगत के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का विरोध करते हैं। दरअसल ऐसे तत्व मेरिट पर बात करते ही नहीं। उन्हें तो योगी की आलोचना करने की लत लग गयी है।

कभी कहा जाता है कि योगी का अभियान किसी समुदाय विशेष के विरुद्ध है तो कभी उसके लिए बेबुनियाद जातीय आवरण का सहारा लिया जाता है लेकिन कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के योगी के प्रयासों पर जनता की मुहर 2022 में तभी लग गयी थी जब जनता ने उन्हें दोबारा प्रदेश की सत्ता सौंप दी थी। मूसेवाला के पिता का दृष्टिकोण तो योगी की कार्यशैली (कुछ लोग बुलडोजर संस्कृति भी कहते हैं ) को और व्यापकता और स्वीकार्यता ही प्रदान करता है।

दिलचस्प बात यह भी है कि बात-बात पर-संविधान खतरे में है- की दुहाई देने वाले योगी सरकार की कथित बुलडोजर नीति के खिलाफ अदालत से भी उस तत्परता से न्याय नहीं मांग रहे जैसा वह अन्य मामलों में करते हैं। ऐसा नहीं है कि इस सिलसिले में कोशिश ही न हुई हो लेकिन शुरुआत में जो इक्के दुक्के प्रयास हुए उनमें अपेक्षित सफलता न मिल पाने के कारण योगी विरोधियों का उत्साह ठंडा पड़ गया या उन्हें यह अहसास होता गया कि मेरिट के आधार पद उनका केस कमजोर है।

बलकौर सिंह का राजनीतिक रूप से भाजपा या योगी से कोई सम्बंध नहीं है। इसके विपरीत उनका ताल्लुक कांग्रेस से है लेकिन योगी के प्रति उनके विचार यह स्थापित करते है सत्ता संचालन के प्रशासनिक दृष्टिकोण का राजनीतिक विचारधारा से न कोई सम्बंध होता है और न होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ सत्ता के इसी मॉडल का संचालन सफलतापूर्वक करते हुए राज्य की सीमाओं से परे भी प्रशंसा व सराहना अर्जित कर रहे हैं। और योगी के लिए दुष्टों के खिलाफ उनकी नीति की सफलता का यह सर्वोच्च प्रमाणपत्र है।

## फरमाया



**युवक** एवं महिला मंगल दल अपनी ग्राम पंचायतों को आपसी सौहार्द व समन्वय का एक बेहतरीन केंद्र बना सकते हैं।

**– योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**संसद** किसी भी अन्य संस्था की तरह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 में निहित प्राकृतिक न्याय के नियमों से बंधी है।

**– राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**दिल्ली** सरकार काम करना चाहती है लड़ाई नहीं। लड़ाई किसी के काम नहीं आती।

**– अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## भारतीय नव वर्ष

**आज** से वर्ष प्रतिपदा 2080 प्रारंभ हो रहा है। इसको चाहे भारतीय नव वर्ष कहें या हिंदू नव वर्ष हमारी सांस्कृतिक व मान्यताओं के अनुरूप ये हमारा नव वर्ष है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनुसार हम अंग्रेज़ी कैलेंडर से सत्तावन वर्ष आगे हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी अपनी मान्यताओं के अनुसार तरह तरह की काल-गणनाएँ हैं, परंतु भारतीय नव वर्ष वैज्ञानिक दृष्टि से भी उच्चतम काल धारणाओं में आता है। हमारा नव वर्ष जब शुरू होता है तो ऋतु में भी परिवर्तन आता है सर्दियाँ जा रही होती है व बसंत का आगमन हो रहा होता है, पेड़ों पर नयी पत्तियां व पौधों पर नई कोंपलें आती है। एक तरह से पूरी प्रकृति ही नई हो जाती है। इस दिन कई ऐतिहासिक घटनाएँ व कई महापुरुषों का जन्म हुआ। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, महाभारत युद्ध के बाद इसी दिन धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक, स्वामी दयानन्द द्वारा आर्य समाज की स्थापना, आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार का जन्मदिन, सिक्खों के दूसरे गुरु श्री अंगद देव जी का अवतरण और इसी दिन देवी दुर्गा की आराधना का नवरात्रि महापर्व प्रारंभ होता है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। अतः हमें इस नव वर्ष को श्रद्धा व धूमधाम से मनाना चाहिए।

**–पुनीत अरोड़ा,** मेरठ

## जल संरक्षण

**जैसे-जैसे** जनसंख्या और अर्थव्यवस्था बढ़ती है वैसे-वैसे पानी की मांग भी बढ़ती है। सीमित पानी और प्रतिस्पर्धी जरूरतों के साथ पेयजल प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया है। जल संरक्षण बढ़ाने व प्राकृतिक जल स्त्रोतों को बचाने पर विशेष ध्यान दिया हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। भारत में प्रचुर मात्रा में बारिश होती है लेकिन आबादी बढ़ने के कारण देश में पानी की कमी महसूस की जा रही है। खेती की सफलता भी पानी की उपलब्धता पर ही निर्भर है, जिसमें बारिश के पानी की अहम भूमिका होती है। 15 अगस्त 2019 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी जिसका मुख्य उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन नल से 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण भी मिशन के सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। इसके अंतर्गत अब तक साढ़े पांच करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जल संरक्षण के लिए हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। इसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है।

**–सत्यवान सौरभ,** भिवानी

## विपक्षी खींचतान

**अगले** आम चुनावों में 1 वर्ष से भी कम का अरसा रह गया है और कई राज्यों के चुनाव भी उससे पूर्व होने वाले हैं! भाजपा के खिलाफ विपक्षी दल एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। सब अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग बजा रहे हैं। हर दल का मुखिया खुद को प्रधानमंत्री पद का दावेदार समझता है। इस एकजुटता के प्रयास में कांग्रेस राहुल को आगे करना चाहती है, लेकिन अन्य दल इसके लिए तैयार नहीं हैं। ममता बनर्जी ने तो खुलकर कांग्रेसव राहुल की आलोचना की है। उधर अखिलेश-ममता मुलाकात भी बता रही है कि वह बिना कांग्रेस के ही विपक्षी मोर्चा बनाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार भी संशय की स्थिति में हैं और समझ रहे हैं कि बिना गठजोड़ के शायद वो बिहार को भी नहीं बचा सकेंगे। उधर मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई नए मानक स्थापित किए हैं। आम जनता के मन में हर बात की छवि बनती है और यही वोटों में बदलती है। मोदी सबसे आगे हैं। विपक्षी खींचतान के चलते भाजपा इस बार पिछली बार से भी ज्यादा सीटें पा सकती है।

**–सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ

## पिनकापार में 4.93 एकड़ भूमि में 5000 नग नीलगिरी पौधे लगा कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### तेंदूपत्ता संग्राहक 15 हितग्राहियों के खाते में 36 लाख रूपए हस्तांतरित

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मंगलवार को 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। बालोद जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम पिनकापर में किया गया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा ग्राम पिनकापार के भू-स्वामी गौतम नखत के 4.93 एकड़ भूमि में 5 हजार नग नीलगिरी पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत जिले के 15 हितग्राहियों के खाते में 36 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शुभारंभ समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत के वन समिति के सभापति धनेश्वरी सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर एवं ललिता साहू के अलावा कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, वन मण्डलाधिकारी आयुष जैन सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष जागृत सोनकर, सरपंच ग्राम पंचायत पिनकापार कोदूराम दिल्लीवार एवं जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने पौधा रोपण किया। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के अंतर्गत बालोद जिले में 171 हितग्राहियों के द्वारा 357.897 एकड़ निजी भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के कुल 2 लाख 29 हजार 694 (क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस, सागौन, मालाबार नीम, चंदन, मिलिया, डुबिया) के पौधे के रोपण हेतु सहमति प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत 5 एकड़ क्षेत्र तक वृक्षारोपण के लिए शत प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण पर 50 प्रतिशत की अनुदान दी जाएगी। उन्होंने पौधरोपण के साथ ही इंटरक्रॉपिंग तथा औषधिय पौधों के महत्व को बताते हुए इसका भी लाभ लेने की जानकारी दी। वनमण्डलाधिकारी आयुष जैन ने योजना के तहत उपलब्ध कराये जाने वाले विभिन्न पौधों एवं लाभ की जानकारी दी। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना किसानों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीन कवर बढ़ाने की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाए, निजी शिक्षण संस्थाए, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाए, पंचायते तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ ले सकते है।

### 5 वर्षों में 15 करोड़ पौधों के रोपण का रखा गया लक्ष्य

आयुष जैन बताया कि हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जाएगा। राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36 हजार एकड़ के मान से कुल 05 वर्षों में 1 लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जाएगा, जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सके। योजना अंतर्गत क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस, सागौन, मालाबार नीम जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा। शुभारंभ समारोह में शहीद महेंद्र कर्मा तेंदुपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत हितग्राही रतन लाल मसिया, साक्षी धनकर, परशुराम गोरे के बैंक खाते में चार-चार लाख रुपए तथा केवल सिंह, दुर्गा बाई महर, ईश्वरी बाई, चिंता बाई, परसादीराम, संतराम, पुर्णिमा बाई, ईश्वर सिंह बागमरिया, नीलकमल नेताम, झमित बाई निषाद, रामधुनी, जितेन्द्र कुमार के बैंक खाते में दो-दो लाख रूपए भुगतान की गई राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

# एसपी बेमेतरा द्वारा लिया गया थाना चौकी प्रभारियों की समीक्षा मीटिंग



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा आई. के. एलिसेला के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना चौकी प्रभारियो की अपराध समीक्षा मीटिंग लिया गया। जिसमें थाना चौकी में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, गुमइंसान, वारंट, लबित माल की थानावार जानकारी ली जाकर समीक्षा किया गया। लंबित मामलो का राजपत्रित अधिकारियो के सुपरविजन में शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया गया। थाना में लंबित पासपोर्ट वेरीफिक्रेशन का शीघ्र निराकरण करने एवम महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध को एक अभियान चलाकर यथाशीघ्र निराकरण करने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर लगाम लगाने हेतु लघु अधिनियम के तहत अधिकाधिक कार्यवाही करने, रिकार्ड को मेन्टेन एवं सुव्यवस्थित रखने, हेतु निर्देशित किया गया। ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने के संबंध में एवं आगामी नवरात्र पर्व को ध्यान रखते हुये सभी थाना व चौकी प्रभारियों को देवी स्थल एवं अन्य मेला स्थलों पर आवश्यक बल एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हिदायत दिया गया। उक्त बैठक में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एस डी ओ पी बेरला तेज राम पटेल, डीएसपी कमलनारायण शर्मा एवं समस्त थाना चौकी प्रभारी, एसपी रीडर, साइबर प्रभारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सम शक्ति कसौंधन वैष्य गुप्ता महिला समाज के द्वारा किया गया विविध कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

सम शक्ति कसौंधन वैष्य गुप्ता महिला मंडल कवर्धा के द्वारा रविवार को गुप्ता समाजिक भवन में विष्व मिहला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाण्डतराई, पण्डरिया, पिपरिया एवं सिल्हाटी से महिला पदाधिकारी आयोजन में सम्मीलित हुए और निःषुल्क स्वास्थ्य सिविर एवं होली मिलन समारोह में बड़ चड़ कर भाग लिए। स्वास्थ्य सिविर में स वर्ग सहित 131 महिला एवं पुरूष वर्ग लाभान्वित हुए। विष्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के द्वारा विविध कार्यक्रम समाजिक भवन में रखा गया। जिसमें समाज के प्रति जिसका भुमिका महत्वपुर्ण योगदान रहा। जैसे उच्च षिक्षा खेल कुद व अन्य क्षेत्रों में अपना पराक्रम दिखाने वाले महिलाओं एवं पुरूष को पदाधिकारीयों के द्वारा साल एवं श्री फ्ल से सम्मानित किया गया। गुप्ता समाज के प्रदेष अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं के सम्मान को हमेषा ही महत्व दिया जाता है। भारत में महिला को देवी समान पुजा जाता है। एक तरह से समृद्ध घर के लिए महिला एक लक्ष्मी के रूप में होती है। संरक्षक बलदाउ गुप्ता ने बताया कि नारी सृष्टि करता कि सर्वोत्तम कृति होती है। वह सृष्टि के सम्पुर्ण संदर्भ को आत्मसात किए रहती है। प्रदेष उपाध्यक्ष रामाधार गुप्ता ने बताया की नारी परिवारिक जवाबदारी का निर्वाहन करते हुए। समाजीक उत्तर दायित्व का भी पुर्ण रूप से निभाति है। इस तरह अजय गुप्ता सचिव ओमकार गुप्ता ब्रजेष गुप्ता व संदिप गुप्ता महिला मंडल के प्रदेष प्रतिनिधि नम्रता मोदी, ममता गुप्ता, कविता गुप्ता, गितिका गुप्ता, कविता गुरू गोसाई, संरक्षक पुष्पा गुप्ता, रागनि गुप्ता कोषाध्यक्ष अनिता दानी, सचिन ज्योति लिनिमा गुप्ता कार्यकारिणी शषि, सहस, उषा, सुनिता गुप्ता सांसकृतिक प्रभारी सुभ्रा गुप्ता संचालक रितु गुप्ता, सभी उपस्थित थे।

# विवेचना के संबध में पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलेसेला के मार्गदर्शन में उप संचालक अभियोजन अनुरेखा सिंह द्वारा जिले के थाना व चौकियों के अधिकारियों को विवेचना के संबंध में जानकारी दिया गया, सिंह द्वारा जिले के सभी विवेचकों को विवेचना के संबंध में कई महत्वपुर्ण बिंदुओ को ध्यान में रखने, महिला संबंधी अपराध के अनेक बिंदुओ पर प्रशिक्षण दिया गया, आवश्यक वस्तु अधिनियम में क्या क्या कार्यवाही पुलिस द्वारा की जाना चाहिये उसके संबंध में बिन्दुवार जानकारी दी गयी। अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के प्रकरण में कई सावधानी को ध्यान में रखते हुये विवेचना करने समझाईस दी गयी आजकल साइबर संबंधी अपराध में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, जिस पर थाना प्रभारी से लेकर समस्त स्टाफको सोशल मीडिया में अधिक से अधिक जागरूक और विवेचना के संबंध में जानकारी हासिल करने बताया गया। 420 के प्रकरणों में दस्तावेजो की प्राप्ति अनिवार्य रूप से करने एवं गंभीरता से विवेचना करने समझाईस दी गयी। उक्त प्रशिक्षण के आयोजन में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा ने कार्यालय में उपस्थित समस्त थाना व चौकी प्रभारियों के लिये उपयोगी बताया और समय समय पर इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन करते रहने की बात कही। उक्त कार्यशाला में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एस डी ओ पी बेरला तेज राम पटेल, डीएसपी कमलनारायण शर्मा एवं समस्त थाना चौकी प्रभारी, एसपी रीडर, साइबर प्रभारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बूथ सशक्तिकरण अभियान 17 से 27 मार्च तक



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

संगठन को सशक्त बनाने हेतु प्रदेश भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 17 से 27 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण अभियान प्रारंभ हो गया हैं, उसी तारतम्य में आज बोड़ला मंडल के पोडी शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 87 बघर्रा ग्राम में बैठक आयोजित किया गया, जिसमे बूथ सशक्तिकरण के विषय में बातचीत कर अभियान को सफ्ल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा किया गया, जिसमे प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी जी जिला भाजपा के अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर जी जिला मंत्री सुरेश दुबे मंडल अध्यक्ष बरसाती वर्मा शक्ति केंद्र के विस्तारक मनीराम साहू, संयोजक जयराम साहू जी भाजपा मंडल महामंत्री राजेश साहू जी श्रवण गोस्वामी जी भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष अमित वर्मा दिलीप श्रीवास मुकेश वर्मा अजय वर्मा संजय वर्मा समरू साहू , ङ्घ्रश 2 बूथ अध्यक्ष नंदराम साहू बूथ पाल विस्तारक, सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहें...

# बेरला शक्ति केंद्र में राष्ट्रपति का भाषण वाचन कर सुनाया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी बेरला मंडल के बेरला शक्तिकेंद्र पर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपति का अभिभाषण वाचन कर सुनाया गया।अमृत काल के बजट को लेकर महामहिम का अभिभाषण वरिष्ठ पदाधिकारियों ने वाचन कर लोगो को सुनाया।कार्यक्रम के शक्तिकेंद्र के प्रभारी, संयोजक,सहसंयोजक 3 बूथ के अध्यक्ष जनप्रतिनिधिगण वरिष्ठ नेता सहित बूथ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बेरला शक्तिकेंद्र में मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को सभी के समक्ष वाचन कर सुनाया एवम बैठक में बूथ सशक्तिकरण एवम महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर चर्चा किया। अवधेश सिंह चन्देल ने सभी बूथों को सशक्त करने के लिए अभियान चलाने की अपील करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा, लोकसभा व अन्य चुनाव व गतिविधि के लिए भारतीय जनता पार्टी अभी से कमर कस चुकी है तथा बूथ इकाई को मजबूत करने में जुटी हुई है केंद्र की मोदी सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभ लगातार जब से मोदी सरकार केंद्र में बैठी है सीधे लाभार्थियों के पास उनके खाते में पहुँच रही है विभिन्न लाभकारी योजनाओं के कारण उनके जीवन मे व्यापक परिवर्तन की विस्तृत चर्चा गाँव गाँव गली गली बच्चे भी मोदी सरकार के योजनाओं के बारे में बात करते है मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानसेवक लोगो से हर माह जुड़ते है उनकी लगातार चर्चा होती है ।लोगो को विश्वास है अपने प्रधानसेवक के ऊपर जो एक भारत श्रेष्ठ भारत को लेकर दिशा मजबूती से काम कर रहे है जनता ने केंद्र में कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है अब राज्य में भी उनकी सरकार को देख लिया जहाँ उन्होंने सभी वर्ग को ठगने का कार्य किया है जनता डबल इंजन की सरकार के लिए मन बना चुकी है ।

# राजा परिवार की बहू और पूर्व विधायक नीलिमा टेकाम नही रही




पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

डौंडीलोहारा नगर के राजा परिवार की बहू और पूर्व विधायक नीलिमा टेकाम का आज बुधवार को निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रही थी। शुगर सहित उन्हें और भी कई समस्याएं थी। बुधवार की सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर अचानक तबीयत बिगड़ने से उन्हें डौंडीलोहारा नगर के शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया। नीलिमा टेकाम के निधन से नगर सहित क्षेत्र शोक की लहर दौड़ पड़ी हैं। सीएम भूपेश बघेल ने भी नीलिमा टेकाम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया हैं। उल्लेखनीय हो कि नीलिमा टेकाम 2008 में प्रथम बार विधानसभा निर्वाचित होकर भाजपा पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीता था। इसके पूर्व वे अविभावजित दुर्ग के समय भूमि विकास बैंक की जिला उपाध्यक्ष भी रही थी। 2009-10 में महिलाओं एवं बालको के कल्याण सम्बन्धी समिति एवं शासकीय आश्वासनों सम्बन्धी समिति की सदस्य रही। फ्रि इसके बाद इन्हें 2011 में गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति एवं समनाया प्रयोजन समिति का सदस्य बनाया गया।

### 2 वर्ष पूर्व लाल महेंद्र का भी हुआ था निधन

नीलिमा टेकाम का जन्म 1 अगस्त 1970 को मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के सरेखा में हुआ था। नीलिमा टेकाम का विवाह लाल महेंद्र सिंह टेकाम से 20 सितम्बर 1990 को हुआ। आपको बता दे कि आज से ठीक 2 वर्ष पूर्व इनके पति डौंडीलोहारा के राजा साहब कहे जाने वाले पूर्व विधायक लाल महेंद्र सिंह टेकाम का भी बीमारी के चलते निधन हुआ था। लाल महेंद्र सिंह टेकाम भी 2003 में भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ जीते थे। फ्रि 2008 में नीलिमा टेकाम को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया था। इतना ही नही ठीक लाल महेंद्र सिंह टेकाम के निधन के एक साल पहले इनके बेटे का भी निधन हुआ था। जिसके बाद से वे लगातार सदमे में रहते थे।

# महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का शुभांरभ 25 मार्च को

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा 25 मार्च को किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य को पूरा कराने के अलावा अन्य सभी तैयारियों को 25 मार्च के पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में 2-2 सहित जिले में कुल 10 महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा 25 मार्च को राज्य के सभी महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का एक साथ वर्चुअल शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में आज अपर कलेक्टर इंदिरा तोमर सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में शालाओं की मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु राज्य शासन से राशि की स्वीकृति मिलने की भी जानकारी दी। उन्होंने इन सभी कार्यों को 1 अप्रैल से अनिवार्य रूप से शुरू करने तथा 15 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके पश्चात् शाला मरम्मत के कोई भी कार्य शेष नहीं होनी चाहिए। कुलदीप शर्मा ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता ढंग से पूरा कराने तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इसकी सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए आबकारी अधिकारियों को शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समाधान तुंहर दुआर शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शत् प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने दल्लीराजहरा में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग सेंटर की स्थापना हेतु की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास्तव एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को भवन एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर शीघ्र कोचिंग सेंटर शुरू कराने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने ली प्राकृतिक पेंट के उत्पादन की जानकारी

कलेक्टर ने जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का अनिवार्य रूप से निरीक्षण कर इसका सफ्लता पूर्वक संचालन कराने को कहा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के शासकीय अस्पतालों के मरीजों के लिए केवल श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से ही दवाईयां खरीदने के भी निर्देश भी दिए। बैठक में उन्होंने प्राकृतिक पेंट इकाई से प्राकृतिक पेंट के उत्पादन की भी जानकारी ली तथा समूचित मात्रा में उसका उत्पादन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# छग में खेलो इंडिया के केंद्रों की स्वीकृति यहां के खिलाड़ियों को नयी ऊर्जा प्रदान करेगा : सुरेंद्र देशमुख

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया स्कीम के तहत दस नए खेलो इंडिया लघु केन्द्रों की स्थापना की मंजूरी दी गई है। ये दसों केन्द्र अलग-अलग जिलों में एक-एक खेल के लिए प्रारंभ किये जाएंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा हॉकी, कुश्ती, फुटबाल, कबड्डी और तीरंदाजी के लिए खेलो इंडिया लघु केन्द्र की मंजूरी दी गई है। इन केन्द्रों की स्थापना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगा। इस मौके पर भाजपा नेता सुरेंद्र देशमुख ने छत्तीसगढ़ में 10 नए खेलो इंडिया केन्द्र की मंजूरी मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। आने वाले समय में ये खिलाड़ी न सिर्फराज्य में बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश और देश का नाम रौशन करेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किये गए केंद्र जिसमें बस्तर में हॉकी, धमतरी में कुश्ती, जांजगीर चांपा में हॉकी, कोरबा में फुटबॉल, बलरामपुर में फुटबॉल, बेमेतरा में कबड्डी, दंतेवाड़ा में तीरंदाजी, महासमुंद में तीरंदाजी, मुंगेली में फुटबॉल तथा सूरजपुर में फुटबॉल आदि शामिल हैं। इससे पहले जिला नारायणपुर में मलखम्भ, बीजापुर में तीरंदाजी, शिवतराई बिलासपुर में तीरंदाजी, गरियाबंद में वालीबॉल, सरगुजा में फुटबॉल, जशपुर में हॉकी एवं राजनांदगांव में हॉकी की खेलो इण्डिया लघु केन्द्र प्रारंभ करने की कार्यवाही प्रगति पर है। इस प्रकार राज्य के 24 जिलों में 24 खेलो इंडिया लघु केंद्र के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा। प्रत्येक खेल के स्थानीय सीनियर खिलाड़ियों को सेंटर से जोड़ा जाएगा। उन्हें प्रशिक्षक के रूप में कार्य करने के लिए मानदेय भी दी जाएगी। सभी खेलो इण्डिया सेंटर्स में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का बराबर प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित की जाएगी। इन सेंटर्स को भारतीय खेल प्राधिकरण के पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा। सुरेंद्र ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

# भिभौरी वासियों ने विधायक आशीष छाबड़ा का आभार व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भिभौरी नगर पंचायत वासियों ने बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा से मिलकर भिभौरी में विद्युत वितरण केंद्र की स्वीकृति प्राप्त होने पर आभार व्यक्त किया है ज्ञात हो कि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से भिभौरी नगर पंचायत में खुलेगा विद्युत वितरण केंद्र इसके प्रारंभ हो जाने से लोगो के विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा विद्युत वितरण केंद्र प्रारंभ करने का आदेश आज राज्य विद्युत वितरण केंद्र के राज्य कार्यालय से जारी किया गया जिसमें विभिन्न पदों की स्वीकृति सहित विद्युत वितरण केंद्र में गाड़ी की सुविधा भी प्रदान की गई है विधायक आशीष छाबड़ा अपने कार्यकाल के प्रथम दिवस से ही भिभौरी क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहे जिसका नतीजा है कि अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ विद्युत वितरण केंद्र की भी सौगात भिभौरी क्षेत्र को मिली है अब भिभौरी क्षेत्रवासियों को अपनी विद्युत संबंधित समस्याओं के लिए बेरला विद्युत वितरण केंद्र पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा सभी समस्याओं का निराकरण भिभौरी में ही हो जाएगा भिभौरी में विद्युत वितरण केंद्र प्रारंभ होने से पावर कट की समस्या सहित ट्रांसफार्मर इत्यादि की समस्याओं से भी किसानों को निजात मिल सकेगी साथ ही बढ़े हुए विद्युत बिल की शिकायतें भी भीभौरी विद्युत वितरण केंद्र से ही दूर की जा सकेगी । जूनियर इंजीनियर क्लर्क ग्रेड 3 क्लर्क ग्रेड 2 सहित अन्य 7 पदों का पदस्थापना आदेश जारी किया गया है विद्युत वितरण केंद्र में लगभग साथ में लोगों की नियुक्ति में स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होने की संभावना है ज्ञात हो कि विधायक आशीष छाबड़ा जब से विधायक बने हैं तब से उन्होंने भीभौरी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य किया है जिसके फलस्वरूप पहले भिभौरी को उप तहसील का दर्जा दिलाना फ्रि नगर पंचायत का दर्जा दिलाना तथा भिभौरी को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाना तथा पिरदा से भीभौरी मार्ग का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण तथा मुख्यमंत्री के आगमन पर भिभौरी नगर पंचायत में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा भिभौरी क्षेत्र का पूर्ण रूप से कायाकल्प विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में ही हुआ है क्षेत्र में हो रहे विकास को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने विधायक आशीष छाबड़ा से मिलकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया है । आभार व्यक्त करने वालों मे चंद्रविजय धीवर,नेतराम निषाद,महेश्वरी खिवराज धीवर सरपंच,राजेंद्र वर्मा,कुशाल नायक,विक्की साहू,रामचंद साहू, महेत्तर साहू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे

# भारतीय संस्कृति के संरक्षण में चांपा सेवा संस्थान का योगदान सराहनीय : राजेश्री रामसुंदर दास

## चांपा सेवा संस्थान एवं महिला विंग ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में समाज सेवी संस्था चांपा सेवा संस्थान का योगदान सराहनीय है। संस्थान द्वारा समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाए जाने के अलावा हसदेव गंगा आरती एवं चित्रोत्पला गंगा आरती सहित होली मिलन समारोह का आयोजन कर हमारी भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने तथा उससे भावी पीढ़ी को अवगत कराने का सराहनीय कार्य?किया जा रहा है। उक्त बातें छ.ग. राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने स्थानीय कोरबा रोड स्थित मित्तल निवास में रविवार रात 8 बजे चांपा सेवा संस्थान एवं महिला विंग द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने सभी उपस्थितों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं एवं आशीष देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने समारोह का शुभारंभ भगवान राधा-कृष्ण के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। पंडित पद?मेश शर्मा?द्वारा स्वस्ति वाचन के बाद उपस्थितजन द्वारा जोड़े में एक-दूसरे को हल्दी, चंदन एवं गुलाब जल का उबटन लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर होली मिलन समारोह का आनंद लिया गया। इसके बाद नगर के कराटे प्रशिक्षार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ब्लेक बेल्ट सिक्स-डॉन कराटे प्रशिक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा?द्वारा राजेश्री महंत रामसुदंर दास जी के हाथों प्रशस्ति पत्र का वितरण कराकर सम्मानित कराया गया। इसके पश्चात कराओके संगीत पर नगर के सुप्रसिद्ध गायक डॉ. रवि सराफ, महाबीर सोनी, सुनील वनकर सहित समारोह में विशेष रुप से उपस्थित प्रदेश कांग्रेस सचिव इंजी रवि पांडेय ने होली गीतों की शानदार प्रस्तुति से उपस्थितों को नाचने पर विवश कर दिया। इस दौरान राधाकृष्ण की झांकी सहित इस्कॉन रायगढ़िया राईस मिल से आए सदस्यों की भजनों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। करीब दो घंटे तक चले होली मिलन समारोह के पश्चात सभी ने रात्रि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर चांपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनोज मित्तल, पुरुषोत्तम शर्मा, सचिव सुनील वनकर, शारदा मित्तल, महिला विंग की अध्यक्ष अन्नपूर्णा?सोनी के अलावा माया शर्मा, उमा शर्मा, मीरा चौधरी, प्रीति सोनी, डॉ. राधेश्याम सोनी, डॉ. नरेश देवांगन, पंकज राय, कृष्णकुमार देवांगन, शशिभूषण सोनी, ठाकुर कमलेश सिंह बाबा, मीडिया प्रभारी निर्मलदास वैष्णव, प्राची पांडेय, चूड़ामणि राठौर, मनोज वीरानी, राम खूबवानी, रौनक गुप्ता, सुनील मनवानी, रामगोपाल सोमानी, सत्यनारायण सोनी, सुधीर गर्ग, रजनी सोनी, पुरुषोत्तम देवांगन, प्रियम्वदा पांडेय सहित बड़ी संख्या में चांपा सेवा संस्थान से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# सुंदर काण्ड पाठ के साथ भंडारा प्रसाद का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री रामसुन्दर दास जी महाराज दिनांक 21 मार्च को चांपा प्रेस क्लब द्वारा हनुमान मंदिर डोंगा घाट चांपा में आयोजित हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना एवं भोग भंडारा के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, यहां पहुंचने पर मंदिर के पुजारी जी ने उन्हें हनुमान जी का दर्शन पूजन कराया तत्पश्चात श्री महन्त नरोत्तम दास जी से राजेश्री महन्त जी ने भेंट मुलाकात की दोनों ने एक दूसरे का शाल एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया इसके बाद राजेश्री महन्त जी महाराज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, उनका सम्मान साल श्रीफल से किया गया सर्वप्रथम हनुमानजी की पूजा अर्चना और सुंदरकांड पाठ के साथ हनुमान चालीसा पाठ और आरती का हुआ आयोजन जिसमे प्रेस क्लब चांपा के सभी सदस्य उपस्थित रहे, तत्पश्चात हनुमान जी को भोग प्रसाद लगाकर ब्राह्मण भोज कराकर भंडारा प्रसाद की शुरुआत किया गया चांपा नगर एवं जांजगीर के जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, सामाजिक कार्यकर्तागण , नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स, प्रशासनिक अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्तियाँ भंडारा प्रसाद हेतु उपस्थित हुए इस अवसर पर मुख्य अभ्यागत श्री रामसुंदर दास जी ने प्रेस क्लब चांपा के इस आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि ये पत्रकार जगत के लिए छत्तीसगढ़ में पहला एवं महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने इस आयोजन के लिए प्रेस क्लब चांपा के कुलवंत सिंह सलूजा सहित सभी 21 पदाधिकारियों और सदस्यों को इस आयोजन और उनकी एकजूटता के लिए बधाई दी।

इस सफल आयोजन के लिए प्रेस क्लब चांपा के संरक्षक भृगुनंदन शर्मा, अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, सचिव मूलचंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी, संयुक्त सचिव अनिल मोदी, गौरव गुप्ता, शैलेश शर्मा, विवेक शर्मा, राजेश तिवारी, सीताराम नायक, संतोष देवांगन, संतोष प्रधान, नर्मदा घोसले, बलराम पटेल, आशीष अग्रवाल, पंकज देवड़ा, हरीश पांडेय, योगेश दुबे, जतिंदर पाल सिंह, भीम देवांगन सहित सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिले को मिली दो करोड़ 23 लाख की नई स्वीकृति

■ जांजगीर में नेता प्रतिपक्ष चंदेल के प्रयास से बनेगा 1.50 करोड़ की लागत से मंगल भवन, नागरिकों ने किया आभार व्यक्त

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल की अनुशंसा एवं सतत् प्रयासों से जांजगीर-नैला नगर पालिका एवं नवागढ़ नगर पंचायत में विकास कार्य हेतु 2 करोड़ 23 लाख रूपये राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। जांजगीर-नैला नगर में मंगल भवन निर्माण हेतु 1.50 करोड़, वार्ड क्र. 14 में गेड़ी डबरी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 10.00 लाख, वार्ड क्र. 21 खड़पड़ी पारा (अनुसूचित जाति वार्ड) के मुक्तिधाम में शेड व बाऊण्ड्रीवाल निर्माण हेतु 10.00 लाख, सारथी मोहल्ला (अनुसूचित जाति वार्ड) में सामुदायिक भवन के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 5.00 लाख, वार्ड नं. 23 भीमापार के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5.00 लाख, वार्ड नं. 19 पुरानी सिंचाई कॉलोनी के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5.00 लाख, वार्ड क्र. 16 डबरीपार मंदिर के पास कक्ष निर्माण हेतु 3.00 लाख, वार्ड नं. 19 डी.आर. सोनी के घर से पवन सिंह के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण हेतु 10.00 लाख, नगर पंचायत नवागढ़ में वार्ड क्र. 04 कृष्णा कुमार धीवर के घर से जयस्तंभ की ओर सी.सी. रोड निर्माण हेतु 10.00 लाख, वार्ड क्र. 04 में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10.00 लाख, गुरूघासीदास वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5.00 लाख रूपये राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। ज्ञात हो कि छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने इस संबंध में विधानसभा में स्वीकृति प्रदान करने का मुद्दा उठाया था जिसे विभागीय मंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। नेता प्रतिपक्ष चंदेल अपने जनसंपर्क दौरे के दौरान इन सभी कार्यों को कराने का घोषण किया था, यह नगर की जनता की पुरानी मांग थी जो आज इस क्षेत्र के सक्रिय विधायक एवं छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के अनुशंसा एवं सत्त प्रयासों से स्वीकृति मिली है। 2 करोड़ 23 लाख रूपये राशि की स्वीकृति प्रदान किए जाने को लेकर दोनों नगर के नागरिकों ने अपने लोकप्रिय एवं जुझारू जनप्रतिनिधि छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का हुआ वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का 21 मार्च को वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत सक्ती के ग्राम डूमरपारा के बुधराम साहू और देशराम साहू की 1 एकड़ जमीन पर 250 सागौन के पौधों का रोपण किया गया, विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस योजना का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। यह किसानों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीन कवर बढ़ाने की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाऐं, निजी शिक्षण संस्थाऐं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाऐ, पंचायते तथा भूमि अनुबंध धारक इंस योजना का लाभ ले सकते है। हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जावेगा। राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36000 एकड़ के मान से कुल 05 वर्षों में 180000 एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जावेगा, जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। योजना अंतर्गत क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस,सागौन, मालाबार नीम जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा,कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि ऐसे किसान जिनकी पड़त भूमि, निजी भूमि जिसका उपयोग नही हो रहा है वे मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस, सागौन, मालाबार नीम जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से वास्तव में भूमि का उपयोग और आर्थिक लाभ होगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने अधिक से अधिक हितग्राहियों से योजना का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सक्ती राजेश राठौर, डूमरपारा सरपंच सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि,वन एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, किसान और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान

**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चांपा के शक्ति केंद्र क्रमांक 3 के बूथ क्रमांक 41 में बूथ सशक्तिकरण अभियान के संदर्भ में बैठक किया गया जिसमे शक्ति केंद्र विस्तारक पार्षद सुनयना गोपी बरेठ के प्रतिनिधि गोपी बरेठ ने बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, लाभार्थी की सूची एवं महिला और युवा सदस्यों की जानकारी बूथ अध्यक्ष किशोर मोदी से ली और बूथ सशक्तिकरण अभियान का फार्म को बूथ समिति के सदस्यों वरिष्ठ कार्यकर्तायों से संपर्क कर भरा गया साथ ही भारत के राष्ट्रपति महामहिम द्रौपती मुर्मू के अभिभाषण का वाचन किया गया कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी व बूथ अध्यक्ष किशोर मोदी,नरेंद्र ताम्रकार, छैलबिहारी अग्रवाल, राजेश शर्मा, सुभाष शर्मा, सुनील भवनानी, संजय साहू, सुनील अग्रवाल, अशोक शर्मा के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सफलता की कहानी-दिव्यांग प्रियल का समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

**सक्ती।** सक्ती जिले में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना द्वारा प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को जिले में जनदर्शन लगाया जाता है। इसी प्रकार जनदर्शन में अपनी समस्या लेकर पहुंचे पलाड़ी कला निवासी गीत कुमार बरेठ ने अपनी बेटी प्रियल बरेठ जो जन्म से ही दृष्टिहीन प्रियल बरेठ के अधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाने और पेंशन दिलाए जाने के लिए आवेदन दिए गए थे। जिस पर कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिससे प्रियल का आधार कार्ड, राशन कार्ड बना और दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। समस्या के निराकरण होने के तुरन्त बाद ही काले कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्वयं फोन लगाकर प्रियल के माता पिता से चर्चा की। जिससे गीत कुमार बरेठ और प्रियल बरेठ ने कलेक्टर पन्ना का आभार व्यक्त किया,बताते चले कि जिन लोगो का आधार कार्ड दिव्यांगता की वजह नहीं बन पा रहा है उनका आधार कार्ड फिंगरप्रिंट के माध्यम से बनवाया जा सकता है। गीत कुमार बरेठ ने अपनी दृष्टिहीन बेटी प्रियल बरेठ की समस्याओं को लेकर जनदर्शन में आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही देख नही सकती है।

# जिले के पत्रकारों ने किया छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल एवं उनके पति शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू द्वारा 21 मार्च को सक्ती जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सदस्यों को छत्तीसगढ़ विधानसभा की सैर कराई गई, इस दौरान पत्रकार साथियों ने जहां छत्तीसगढ़ विधानसभा के वर्तमान में चल रहे सत्र में दर्शक दीर्घा में बैठकर सत्र देखा, तो वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से भी मुलाकात करते हुए जिले तथा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की,साथ ही क्षेत्र विकास को लेकर मांगे भी रखी,इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष महंत ने भी सभी पत्रकार साथियों का अभिवादन, स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा की ओर से उनका अभिनंदन किया, साथ ही मीडिया को एक चौथा स्तंभ बताया, इस दौरान प्रमुख रुप से नगरपालिका शक्ति के अध्यक्ष पति एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू, विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन,वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी ऑफिसर गिरधर जायसवाल, कांग्रेस नेता पिंटू ठाकुर, रमेश चंद्र अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, सुमित शर्मा, अजय अग्रवाल, सम्सतबरेज पप्पू खान, रामनरेश यादव,रंजन सिन्हा, मनीष कथूरिया, सौरभ गर्ग, पुरुषोत्तम कथुरिया, महबूब खान, बंटी धजल, अमित अनिरुद्ध अग्रवाल, सहित काफी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित,कन्हैया अध्यक्ष, वर्षा महिला अध्यक्ष, अशोक युवा अध्यक्ष, निकेश बरडिया को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरी दुनिया में वैश्य समाज के सशक्त संगठन वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल गुप्ता की अनुमति से वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल रायपुर ने अपनी प्रदेश कार्यारिणी घोषित की है,जिसमे फाउंडेशन में महिला प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व वर्षा अग्रवाल (राजनांदगांव) को दिया गया एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल (अंबिकापुर वाले) रायपुर को नियुक्त किया गया, वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन में जयसिंह अग्रवाल,रामजीलाल अग्रवाल, सियाराम अग्रवाल, सुरेश गोयल, अरूण सिंघानिया, शिवराज भंसाली, विजय गुप्ता, गिरधर गुप्ता, धनेन्द्र साहू, चतुर्भुज अग्रवाल, ओमी बगड़िया, बी. एल. जैन, विजय दानी, डमरूधर अग्रवाल, स्वरूपचंद जैन, श्रीकिशन खण्डेलवाल, जानकी प्रसाद गुप्ता, विजय दमानी संरक्षक, आनंद चोपकर, सुभाष अग्रवाल खरसिया, हरिवल्लभ अग्रवाल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं देंगे,वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन की छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी में प्रमुख सलाहकार के रूप में डॉ. अमर अग्रवाल, डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल, महावीर गुप्ता, राजेन्द्र साहू दुर्ग, कमल भंसाली, केदार गुप्ता, जे. पी. श्रीवास्तव अंबिकापुर,डॉ.खिलावन साहू सक्ती, श्यामसुंदर अग्रवाल, लोकेश कावड़िया, सुभाषअग्रवाल को आमंत्रित किया गया है, गोल्डी जैन, राधेश्याम साहू, शंकरलाल वैश्य, अशोक गुप्ता, शीला प्रजापति, जितेन्द्र गोलछा (सराफा), प्रेम सिंघानिया, मदन तालेड़ा, नारायण भूषणिया, प्रकाश पगारिया, संजय कानूगा, अरविंद अवस्थी, नवरतन माहेश्वरी, संजय गर्ग दुर्ग, दामोदर भूतड़ा, शशि बागड़ी, दीपक श्रीवास्तव, राकेश केशरवानी, गौतम लूंकड़, नवीन गुप्ता, अशोक शिवहरे, राजेन्द्र पारख, जितेन्द्र दोषी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, निकेश बरड़िया प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जितेंद्र गोलछा को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है,फाउंडेशन में ऋषि गुप्ता को महामंत्री कार्यालय ,सुरेश बाफना (संगठन),अनिल गुप्ता, हरीश बंसल, साधना दुग्गड़, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, हेमंत साह कुरूद, तुलसी साहू भिलाई , संतोष बाघमार, राजेन्द्र जैन कोरबा, कैलाश सोनी बलौदाबाजार, अजय अग्रवाल, अमर सुल्तानिया जांजगीर, कन्हैया गोयल (सक्ती), गौतम लूनिया, पवन अग्रवाल पत्थलगांव, बजरंग खण्डेलवाल, मनोज गोयल बागबाहरा, मिनेष खंडेलवाल राजनांदगांव, नितेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किये गये,वहीं सतीश सोहाने, आर. पी. मिश्रा, प्रकाश लड्ढा, मनमोहन अग्रवाल डोंगरगढ़ विष्णु चरण गुप्ता, संजय सोनी, कृष्णकुमार अवधिया, अनिल कश्यप, मनीष चैधरी, उमेश गुप्ता, चिंतामणि साहू, गुड्डू साहू, कविता साहू जगदलपुर, पंकज साहू महासमुंद, संतोष साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, शोभा सोनी, संजय श्रीवास्तव, कमलेश नथवानी, हितेश टांक, सुनील जिंदल बाराद्वार, प्रकाश अग्रवाल चांपा, आनंद सिंघानिया बाबा, अपर्णा संचेती, लोकेश चन्द्रकांत जैन, रूपेश गोयल बागबाहरा, महेन्द्र सुराना राजनांदगांव, हेमंत चोपड़ा डोंगरगांव को प्रदेश सचिव का दायित्व प्रदान किया गया साथ ही मनीष सिंघानिया, किरण पटेल, लीला प्रजापति, डॉ. आर. पी. गुप्ता को संगठन मंत्री बनाया गया है।

## भगवान झूलेलाल ने मिरक शाह को कट्टरता त्याग कर मानवता अपनाने का उपदेश दिया

# सनातन धर्म की रक्षा को अवतरित हुए भगवान झूलेलाल : अमित चिमनानी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पूरी दुनिया में जहां भगवान झूलेलाल जी की जयंती चेट्टी चंद्र महोत्सव के रूप में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ समाज बंधुओं द्वारा आयोजित किया जाता है, तो वही भगवान झूलेलाल जी के जीवन चरित्र एवं उनके इतिहास पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वरिष्ठ समाज सेवी, सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व डायरेक्टर पेशे से सीए व भाजपा नेता अमित चिमनानी ने चेट्रीचंड यानी भगवान झूलेलाल जयंती पर भगवान झूलेलाल से जुड़ी कुछ चमत्कारिक घटनाओं की चर्चा करते हुए बताया कि आज से 1073 वर्ष पूर्व जब भारत अखंड था व सिंध प्रांत भारत का हिस्सा था तब सिंध प्रांत के अत्याचारी राजा मिरक शाह ने हिंदू, सिंधी समाज के लोगो को इस्लाम धर्म कुबूल करने बाध्य किया लेकिन सिंधी समाज के लोगो ने इसका विरोध किया। सिंधी समाज के लोगो द्वारा इस्लाम न कुबूल करने पर मिरक शाह ने अत्याचारों की पराकाष्ठा की जिससे मुक्ति पाने हेतु सिंधी समाज के लोगो ने बड़ी संख्या में सामूहिक रूप से दरिया किनारे लगातार उपवास किया और धर्म की रक्षा के लिए भगवान को पुकारा। लगातार 40 दिन के कड़े उपवास और प्रार्थना के बाद धर्म की रक्षा के लिए भगवान झूलेलाल के अवतरित होने की आकाशवाणी हुई, सीए अमित चिमनानी ने बताया कि चैत्र शुक्ल संवत 1007 में नसरपुर में माता देवकी ने एक चमत्कारिक बालक को जन्म दिया जिसका नाम उदयचंद रखा गया,राजा मिरक शाह को यह खबर लगते ही उसने इस बालक को मारने अपनी सेना को भेजा लेकिन कई बार के प्रयासों के बाद भी मिरक शाह की सेना वहां तक नही पहुंच पाती थी कभी उन्हे अपने आगे आग,कभी पानी का समंदर दिखने लगता था।एक लीला के दौरान भगवान झूलेलाल स्वयं बंदी बन कारागार भी पहुंचे जहां उन्होंने सभी हिंदू बंदियों को मिरक शाह की कैद से मुक्त कराया, भगवान झूलेलाल ने मिरक शाह को कट्टरता त्याग कर मानवता अपनाने का उपदेश दिया लेकिन दुराचारी राजा पर इसका कोई असर नहीं हुआ। मिरक शाह के अत्याचारों से पीड़ित सभी सिंधी हिंदू, को नदी के किनारे इकट्ठे हुए, जहां पर माया से एक विशाल मंदिर का निर्माण हुआ। इस मंदिर में रत्ना जड़ित झूला भी था जिस पर प्रभु स्वयं विराजमान हुए यह झूला खुद-ब-खुद झूल रहा था इस तरह उनका नाम भगवान झूलेलाल पड़ा, सभी ने श्री विश्वकर्मा द्वारा बनाए उस मंदिर में शरण ली। भगवान झूलेलाल के हाथ में धर्म ध्वज शोभायमान था लोगों की चीख-पुकार करती भीड़ को देख भगवान झूलेलाल ने अग्नि देव एवं पवन देव को आदेश दिया कि मिरक शाह के साम्राज्य को ध्वस्त कर दें इसके बाद पवन देव और अग्नि देव का तांडव शुरू हुआ तो यह देख में मिरक शाह अपने अनुयायियों सहित रोता हुआ , रहम की भीख मांगता हुआ भगवान झूलेलाल के दरबार में पहुंचा एवं उनसे क्षमा मांगने लगा भगवान झूलेलाल ने उसके पछतावे के आंसू देख कर उसे माफ करते हुए कभी किसी भी व्यक्ति के धर्म को ना बदलने का आदेश दिया एवं प्रजा के साथ किसी प्रकार का अत्याचार और भेदभाव न कर सभी को समभाव के साथ रहने ने की समझाइश दी,अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से भगवान झूलेलाल का जन्म 27 मार्च 950 को हुआ एवम यह उनकी 1073वी जयंती है।भगवान झूलेलाल ने मनुष्य रूप में लगभग 13 वर्ष 6महीने तक लीला करने के बाद अपने घोड़े सहित पाताल लोक के मार्ग से वैकुंठ धाम पहुंचे।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया चंद घंटों में गिरफ्तार सक्ती जिला पुलिस की सक्रियता से अपराधों पर हो रहा नियंत्रण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला पुलिस की सक्रियता से 21 मार्च को हत्या के आरोपी को चंद घंटों में ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, तथा शक्ति पुलिस की सक्रियता की जहां लोग प्रशंसा कर रहे हैं वही पूरा मामला चौकी अडभार थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) का है,हत्या करने वाला आरोपी राजेश राठौर पिता चंद्रमणी राठौर उम्र 33 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक- 14 हरदी चौकी अडभार थाना मालखरौदा जिला सक्ती का चंद घण्टे मे गिरफतार हुआ है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 21.03.2023 को प्रार्थी संजीव राठौर पिता रामकुमार राठौर उम्र 32 वर्ष साकिन हरदी चौकी अडभार का रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका चाचा की लडका चंद्रप्रकाश राठौर उर्फ बंटी राठौर नवधा चौक रोड में गिरा पड़ा है उसका सिर, मुह, गला, माथा में चोट का निशान है मृत्यु में हत्या का शक है कि रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही मे लिया गया। मर्ग जांच पर मृतक चंद्रप्रकाश राठौर उर्फ बंटी पिता कामता प्रसाद राठौर उम्र 26 वर्ष की मृत्यु आरोपी राजेश राठौर के द्वारा किसी ठोस वस्तु से सिर गला एवं सिना में प्राण घातक हमला करने से होना पाये जाने से अपराध कमांक 86/ 2023 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया एवं पुलिस अधीक्षक महोदय एम. आर. अहिरे (भा पु.से.) द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफतार करने की निर्देश पर अति पुलिस अधीक्षक महोदया गायत्री सिंह के मार्ग दर्शन पर दौरान विवेचना घटना स्थल निरीक्षण, शव निरीक्षण प्रार्थी गवाहों के कथन से आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर पेश करने पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी के डंडा को जप्त किया गया।

# कलेक्टर डॉ. मित्तल की अध्यक्षता में डीएमएफ परिषद प्रबंध कारिणी की संयुक्त बैठक आयोजित

**जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण को दूर करने की दिशा में डीएमएफ मद की राशि का किया जा रहा बेहतर उपयोग**

पायनियर संवाददाता जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद एवं प्रबंध कारिणी की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में डीएमएफ मद से तैयार किए गए कार्योत्तर कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, सभी जनपद सीईओ, अजय गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डीएमएफ पोर्टल में स्वीकृत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट इन्द्राज की अद्यतन स्थिति पर चर्चा के एवं पूर्व वर्षों के अपूर्ण कार्यों के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही डीएमएफ से वर्ष 2023-24 के नवीन कार्ययोजना पर चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया। कलेक्टर डॉ मित्तल ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा, कृषि व उद्यानिकी के संबंध में शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के लिये डीएमएफ निधि से लगातार कार्य किए जा रहे है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा दिए निर्देशों एवं घोषणाओं का धरातल पर क्रियान्वयन प्रशासन की पहली प्राथमिकता रही है। साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को सुनिश्चित करने एवं मूलभूत सुविधाओं को सुलभ कराने हेतु सकारात्मक एवं परिणाममूलक पहल प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ग्रामीणों की आय संवृद्धि की दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रही है। इस हेतु जिले में कृषि एवं कृषि के आनुशांगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने कार्य किया गया है। डॉ मित्तल ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण को दूर करने की दिशा में डीएमएफ मद की राशि का बेहतर उपयोग किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव, बगीचा व कांसाबेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रा सोनोग्राफी की सुविधा, जिला अस्पताल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का बेरा टेस्ट की व्यवस्था, आम नागरिकों हेतु हृदय जांच, फिजियोथेरेपिस्ट, सिकल सेल यूनिट, क्षय रोग, कुष्ठ रोग जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी प्रकार महिला बाल विकास अंतर्गत बाल संदर्भ शिविर, सुपोषण अभियान के तहत पिछड़े क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के बच्चों एवं महिलाओं को आंगनबाड़ियों में गर्म भोजन एवं अण्डा प्रदाय किया जा रहा है। साथ ही अनेक आंगनबाड़ियों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। शिक्षा विभाग के अंतर्गत संकल्प, नवसंकल्प शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था के साथ ही आईआईटी, जेईई, नीट परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। साथ ही बच्चों को आईआईटी मुंबई, राजधानी, विधानसभा का एक्सपोजर भ्रमण कराया गया है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नवाचार करते हुए एस्ट्रोलॉजी व रोबोटिक्स लैब की स्थापना किया गया है।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर लोगों को दिया जा रहा स्वास्थ्य लाभ

**शिविर में 50 आयुष्मान कार्ड, 100 लोगों का टीकाकरण और 350 से अधिक पहाड़ी कोरवा का स्वास्थ्य परीक्षण**

पायनियर संवाददाता जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले में शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। बगीचा विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत सन्ना के दनुपानी पाठ, सुलेसा के भड़िया रोकड़ापाठ, पंडरापाठ के बरपाठ चुन्दापाठ, चम्पा के कवाई और छछली के गंगाईकोना उकई में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लगभग 350 से अधिक लोगो का स्वास्थ्य लाभ दिया गया है और 50 से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक लोगों का प्राथमिकता से टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार पिछले 08 दिनों में स्वास्थ्य विभाग बगीचा के द्वारा 15 सास बहू सम्मेलन में 600 से अधिक नई पहल किट वितरण किया गया और 100 से अधिक आर.के.एस. के एक्टिविटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 02 रक्तदान शिविर में 41 यूनिट खून जमा, 5 पहाड़ी कोरवा स्वास्थ्य शिविर में 350 से अधिक पहाड़ी कोरवाओं को स्वास्थ्य लाभ दिया गया है।

# कलेक्टर ने कपिल देव के आवेदन का निराकरण कर पहुँचाया राहत, गाज से हुई थी मवेशियों की मौत

पायनियर संवाददाता जशपुर नगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल द्वारा जनदर्शन के माध्यम से आमजनों की समस्या का निराकरण कर उन्हें राहत पहुँचा रहे है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखण्ड के ग्राम देवडांड़ निवासी कपिलदेव यादव द्वारा प्राकृतिक आपदा के कारण दो गायों के मृत्यु हो जाने पर राहत राशि प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर कलेक्टर डॉ. मित्तल ने आवेदन को संवेदनशीलता से लेते हुए एसडीएम बगीचा को आवेदक को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के निर्देश दिए थे। आवेदक ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया की बेमौसम बारिश एवं आकाशीय गाज गिरने के कारण उनके दो रास दुधारू गाय की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में उनके द्वारा राहत राशि प्रदान करने के लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था। कलेक्टर डॉ. मित्तल के निर्देश के परिपालन में एसडीएम बगीचा द्वारा आवेदक कपिल के आवेदन का पूर्ण जांच कर उसको क्षतिपूर्ति राशि उसके खाते में भुगतान किया गया है।

# जेके फाउंडेशनने 100 महिलाओं को वुमन एचीवर अवार्ड से सम्मानित किया

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन**

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



जेके फाउंडेशन भिलाई द्वारा होटल द मार्क रिसोर्ट क्लब सिंघानी में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न विभागों से आई महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक,देवेंद्र यादव रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ सपना कुकरेजा सिंधी समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ दीप मेघानी , तरुण शर्मा समाज सेवक, मेघा तिवारी वरिष्ठ पत्रकार,भिलाई प्रेस क्लब की अध्यक्ष भावना पाण्डे ,दिलीप नामपल्लीवार फ़िल्म प्रोडयूसर सुभाष मालिक, पूजा महेश मिसेस इंडिया फर्स्ट रनअप,मिसेस ललिता चोपड़ा ,मिसेस आईवा सेंकड रनरअप, मिसेस नीतू मण्डल मिसेस सेन्ट्रल इंडिया फास्ट रनर उप, मिसेस प्रतिमा सिंग मिसेस इंडिया इंटरनेशनल, मिसेस सुषमा मिंज मिसेस इंडिया फर्स्ट रनअप, मिसेस मनमीत कौर मिसेस वर्ल्ड, मिसेस कल्पना स्वामी असिस्टेंट डायरेक्टर शिक्षा विभाग उपस्थित थी। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जलित कर मां दुर्गा की अर्चना के साथ सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से अध्यक्ष जया रेड्डी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव जी ने कहा कि मेरी नजर में महिलाये पुरुषो से हर क्षेत्र में अव्वल होती हैं , मैं शादी के पहले से मेरी पत्नी मेरी प्रेरणा रही है मुझसे अवल रही है इसलिए मेरी नजर में सभी महिला सम्मान के काबिल है, मैं हमेशा महिला का सम्मान करता रहा हूं और मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं।

# युवा कांग्रेस के जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रवक्ताओं के चयन के कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल, सीजन-3 की हुई शुरुआत

**यंग इंडिया के बोल से युवाओं को मिलेगा राजनैतिक मंच : मोहन मरकाम**

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय युवा कांग्रेस ने संगठन में युवा प्रवक्ताओं के चयन के लिए 'यंग इंडिया के बोल सीजन-3 की शुरुआत कर दी है, इसी तारतम्य में आज राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ में इस कार्यक्रम की लॉचिंग की गई, इस प्रतियोगिता से चयन किए गए लोगों को जिला व राज्य स्तर पर प्रवक्ता पद के रुप में नियुक्त किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम, संचार विभाग चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ला, भारतीय युवा कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुबोध हरितवाल, यंग इंडिया बोल के छत्तीसगढ़ प्रभारी आर्यन शर्मा, प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर देश के युवाओं को अवसर दे रही है, यंग इंडिया के बोल के जरिए देश की युवा आवाज को एक राजनीतिक मंच मिलेगा, जिसके जरिए वह लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखेंगे। भारतीय युवा कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुबोध हरितवाल ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की सोच रही है कि युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हो, यह कार्यक्रम उनकी सोच को साकार कर रहा है, लगातार देश भर से मुखर प्रवक्ता हमारे मंच के माध्यम से सामने आ रहे हैं और अलोकतांत्रिक मोदी सरकार के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। सुबोध ने आगे कहा कि आज हम ऐसे दौर में जी रहे है जो किसी भी विषय पर अपनी बात रखने की आजादी खत्म होती जा रही है।

# टसर कोसाफल उत्पादन के साथ अन्तर फसल लेकर ईश्वर राम अर्जित कर रहे अतिरिक्त आय

पायनियर संवाददाता जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



ग्रामोद्योग संचालनालय रेशम प्रभाग द्वारा दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों व वनांचलों में निवास करने वाले ग्रामीणों की आर्थिक विकास के लिए अनेक विभागीय योजनाओं के माध्यम से उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध करा रही है। जिले के विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम टांगरगांव में ग्रामीण कोसाफल उत्पादन के साथ ही अन्तर फसल योजना का लाभ लेकर स्वाभिमान से स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ रहे है। कोसाफल के अच्छे उत्पादन से यहाँ के ग्रामीणों को आर्थिक लाभ मिल रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। टांगरगांव ग्राम के 55 वर्षीय ईश्वर राम विभागीय योजनाओं से जुड़कर टसर कोसाफल उत्पादन के साथ ही अंतर फसल का भी कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने बताया कि ग्रामोद्योग विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर पर योजनाओं का प्रचार प्रसार कर आमजनों को लाभांवित करने का सार्थक प्रयास कर रही है। इससे जुड़कर उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है। हितग्राही ने बताया कि टसर कोसा कृमि पालन एवं कोसा फल उत्पादन कार्य के साथ वे ग्रामोद्योग संचालनालय (रेशम प्रभाग) का अंतर फसल योजना अंतर्गत अपनी कृषि भूमि में धान का फसल भी लेते है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा अपने लगभग 25 डिसमिल भूमि में आलू, प्याज, धनिया, पालक भाजी, लाल भाजी, टमाटर, बरबटटी इत्यादि मौसमी सब्जी का उत्पादन करते है।

# पुलिस की सतर्कता और सूझबूझ से एटीएम लूट की एक बड़ी वारदात को नाकाम करने में सफलता मिली, एटीएम में 11,48000 रुपए नगद थे

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com




बीती रात नगर के हाईवे के किनारे स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम को चोरों ने निशाना बनाया और चोरी करने का प्रयास किया जिसकी सूचना कुम्हारी थाना पुलिस को प्राप्त होते ही नगर निरीक्षक सुधांशु बघेल के नेतृत्व एवं निर्देशन में तत्परता पूर्वक घेराबंदी कर तीन अपराधियों को धर दबोचा गया। डॉ. अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने बताया कि अपराधी मध्य प्रदेश के बालाघाट के रहने वाले हैं । गैस कटर की मदद से एटीएम के शटर तथा एटीएम मशीन से छेड़छाड़ की और रुपए निकालने का असफल प्रयास किया । यह तीनों अपराधी नाबालिक हैं जो कि बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल का उपयोग कर रहे थे । चूंकि पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगातार रात्रि में गेस्ट लगा रही थी और उनकी इसी सतर्कता के कारण एक बहुत बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने से पहले ही अंतर्राजीय बैंक एटीएम काटने वाले चोर गिरोह के 3 आरोपियों को रात 2:00 बजे के आसपास रंगे हाथों पकड़ा है । एचडीएफसी बैंक के एटीएम को गैस कटर से काट कर पैसे चोरी करने का प्रयास किया गया। जो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया । इस गिरोह को कुम्हारी थाना प्रभारी सुधांशु बघेल के नेतृत्व में एएसआई मानसिंह सोनवानी, आरक्षक क्रमांक 773 राजकुमार सिंह, आरक्षक क्रमांक 121 देवप्रकाश वर्मा, चालक आरक्षक क्रमांक 533, यशवंत साहू ने रात्रि में गश्त के दौरान अपनी सूझबूझ और दक्ष पुलिसिंग से यह सफलता पायी और आरोपियों को हाथोंहाथ पकड़ा । दुर्ग संभाग आई जी मानद छाबरा ने इस प्रशंसनीय सजगता के लिए 10 हजार नकद इनाम की घोषणा भी की ।

# नगरपालिका परिषद कुम्हारी के जनप्रतिनिधियों ने देखी विधानसभा की कार्यप्रणाली

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com



मंगलवार को पाटन विधानसभा क्षेत्र के नपापरि. कुम्हारी अध्यक्ष, पार्षदों, विधायक प्रतिनिधि, एल्डरमैन और जनप्रतिनिधिगण व कार्यकर्तागण विधानसभा भ्रमण के उद्देश्य से रायपुर पहुंचे । इस दौरान उन्होंने विधानसभा भवन में भ्रमण कर देखा कि विधान सभा का संचालन कैसे होता है, कार्यप्रणाली और कामकाज की विधियों को समझा । इस दौरान मुख्यमंत्री ओएसडी मनीष बंछोर ने जन प्रतिनिधियों को विधानसभा की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य मंत्री सहित मंत्रियों की बैठक व्यवस्था के बारे में बताया । उन्होंने ,जनप्रतिनिधियों से कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ प्रगति और उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़े, इसके लिए यहां बहुत से लोग दिन-रात काम करते हैं । जनहित, विकास और सुविधाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं यहीं बनती हैं लेकिन वह कार्य तभी सफल हो पाता है जब गांव, शहर तक के आमजन को आप सभी अध्यक्ष व पार्षदगण इसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाते हैं । इस भ्रमण में पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, प्रमोद सिंह राजपूत, शीश बंसल, पवन अग्रवाल, मनहरण यादव, थनेश पटेल, ओमनारायण वर्मा, नीतू रावते, लता खैरवार, कुमारी निषाद, शांति टण्डन, युजेन्द्र साहू, महेश सोनकर, सुधाकर त्रिपाठी, फुसनु कुर्रे, रोहित कुर्रे, देशलहरे, छोटू अग्रवाल, रमाशंकर शुक्ला, तामेश्वर साहू, राहुल साहू, विष्णु देवांगन, उत्तम पटेला, जितेंद्र जोशी, गोल्डी सुल्तान, सीता साहू, रीना साहू, युवराज साहू, तीजू निषाद, धनेश्वर खैरवार, अवध बिहारी, भूपेंद्र सिंह राजपूत, देवानन्द साहू, रवि साहू सूरज कुर्रे, घनेन्द्र ठाकुर, योगेश ठाकुर, राजा सोनकर सहित बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर विधानसभा की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुए ।

# रियलमी ने रियलमी सी55 का अनावरण किया, मूल्य 9,999 रु. से शुरू

**रायपुर।** भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने सी-सीरीज़ में अपने सबसे नए उत्पाद, रियलमी सी55 का अनावरण किया है। यह 64 मेगापिक्सल के कैमरा और 33 वॉट की चार्जिंग के साथ एंट्री लेवल में नया चैंपियन है। अत्याधुनिक विशेषताओं, स्लीक डिज़ाईन और शक्ति शाली प्रदर्शन के साथ रियलमी सी55 उन ग्राहकों को आकर्षित करेगा, जो बेहतरीन स्टाईल और फंक्शनलिटी के साथ शानदार स्मार्टफोन चाहते हैं। लॉन्च के अवसर पर श्री माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ने कहा, ''एक ब्रांड के रूप में रियलमी अपने यूज़र्स को लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उनकी जीवनशैली के अनुरूप हो। ब्रांड-न्यू स्ट्रेट्जिक अपडेट्स के साथ सी-सीरीज़ स्मार्टफोन की यह नई श्रृंखला लीप-फॉरवर्ड टेक्नॉलॉजी के साथ इस सेगमेंट का नेतृत्व करेगी और चार प्रमुख क्षेत्रों: कैमरा, स्टोरेज, चार्जिंग और डिज़ाईन में टेक्नॉलॉजी को विशाल जनसमूह तक पहुँचाएगी। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमने रियलमी सी55 पेश किया है। हमारी इस लेटेस्ट पेशकश में बेहतरीन मूल्य में शक्ति शाली प्रदर्शन मिलता है। अपने स्लीक डिज़ाईन, शानदार परफॉर्मेंस, और अभूतपूर्व विशेषताओं के साथ रियलमी सी55 उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो अपने स्मार्टफोन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं।रियलमी की नई सी-सीरीज़ में सी का मतलब चैंपियन है। हम स्ट्रेट्जिक अपग्रेड्स के साथ ऐसी डिवाईस लाए हैं, जिससे बेहतरीन परफॉर्मेंस मिलती है, और युवा पीढ़ी का व्यक्ति त्व एवं स्टाईल प्रदर्शित होते हैं। हमारा यकीन है कि रियलमी सी55 नए मानक स्थापित कर देगा और इस सेगमेंट में बेहतरीन स्मार्टफोन प्रदान करेगा। हमें विश्वास है कि रियलमी सी55 युवाओं को आत्मविश्वास के साथ खुद की अभिव्यक्ति करने में समर्थ बनाएगा और उन्हें अपने जीवन के चैंपियन लम्हों की ओर बढ़ने और उनका आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# छग का नाम रौशन करेंगे अर्पण के मूक-बधिर बच्चे

**सुभाष शर्मा ने किया मूर्ति निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का अवलोकन**



**रायपुर।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा राजेन्द्रनगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत मूक-बधिर बच्चों को मूर्ति निर्माण कला सिखाई गई। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा दस दिवसीय पुरातत्वीय प्लास्टर कास्ट प्रतिकृति प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों की हौसला आफजाई के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री सुभाष शर्मा यहां पहुंचे थे। बच्चों द्वारा बनाई गई प्रतिमाओं की प्रतिकृति को देखकर वे आश्चर्य चकित रह गए। उन्होंने बच्चों की कला व लगन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन बच्चों की कला को और निखारा जाए तो ये छत्तीसगढ़ का नाम दुनिया में रौशन कर सकते हैं। बिना सुने व बिना बोले केवल इशारों की भाषा से समझकर प्लास्टर ऑफ पेरिस या मिट्टी को जीवंत रूप देना किसी करिश्मा से कम नहीं है। और यह करिश्मा अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने कर दिखाया है। इनके प्रशिक्षक संजय झरबड़े भी प्रशंसा के पात्र हैं। शर्मा ने स्कूल को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने किया।

## न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.ई.पंजी./202303082200029/अ-6/वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हाजी अब्दुल करीम पिता हाजी कासम साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 11डी भू-खण्ड क्र.-27/1 क्षेत्रफल 152.66 वर्गमीटर जो नजूल अभिलेख में हाजी अब्दुल करीम, हाजी अब्दुल रज्जाक, मो. हनीफहिंगोरा पिता हाजी कासम सा. कवर्धा के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के सहधारकगण मोहम्मद हनीफ हिंगोरा व हाजी अब्दुल रज्जाक पिता हाजी कासम द्वारा आवेदक के पक्ष में पंजीकृत हकत्यागनामा दिनांक 14.03.2023 निष्पादित किये जाने से उक्त हकत्यागकर्ताओं का नाम विलोपित कर अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10/04/2023 को नियत की गई है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 10/04/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 21/04/2023 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक : 21/3/2023
पेशी दिनांक : 10/4/2023

मुहर

नजूल अधिकारी,
कबीरधाम

## न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला महासमुंद (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पिताम्बर पिता घुराऊ जाति.......निवासी ग्राम बोन्दानवापाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बोन्दानवापाली दिनांक 22/8/2005 को आवेदक के माताजी राधाबाई की मृत्यु हो हाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 31/3/2023 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/3/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक : 15/3/2023

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

## कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/1620/न.पा.प./लो.नि.वि./2022-23 कवर्धा, दिनांक 20/03/2023

**// मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित निर्माण/विकास कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि (लाख में) | नि.प्र.प्रदाय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक भवन निर्माण, बाल्मिकी समाज के पास, कवर्धा | 10.00 | 03.04.2023 |
| 2 | वार्ड क्रं. 12 बुढ़ा महादेव मंदिर के पास स्थित मंच का मरम्मत कार्य। | 3.50 | --''-- |

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कवर्धा

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

Phone No.:- 07762-222911, Fax No.:- 07762-222923
Email :- nraigarh@ymail.com website-www.nagarnigamraigarh.com

क्रमांक/2772/वि.वि./न.पा.नि./2023 रायगढ़, दिनांक 22/03/2023

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ विद्युत विभाग में स्ट्रीट लाईट हेतु $1^{1}/_{4}$ कलेम्प जिसमें चार पट्टी एवं चार नग 11'' फुल चुडी नट बोल्ट क्लेम्प प्रदाय कार्य, कार्य की लागत राशि 9.00/- लाख रू., अमानत राशि 9,000.00/- रू., निविदा प्रपत्र शुल्क 750.00/- रू. निर्माता एवं लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारी फर्म हेतु पंजीकृत ठेकेदार से निविदा प्रपत्र ''स'' नगर पालिक निगम, रायगढ़ की वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भर कर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 25/4/2023 अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से मुहर बंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाए उसी दिन अपरान्ह को सायं 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

**नोट-** * कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060120460188, श्रीमती मंजूला विलियम (ऋणी), सेमसन विलियम (सहऋणी), वैनी विलियम (सहऋणी) | 15-दिसम्बर-22 ₹ 14,72,663/- चौदह लाख बहत्तर हजार छः सौ तिरेसठ रूपये मात्र 13-दिसम्बर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक सम्पत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 21, खेवत नं. 500, खसरा नं. 1029 का भाग, भूखण्ड नं. 56/1, मौजा मंगला, तहसील जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 222.2 वर्गगज, पूर्वः खुसलानी का मकान, पश्चिमः रोड, उत्तरः साहू का मकान, दक्षिणः श्रीवास्तव का मकान | 17-मार्च-23 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060113317446, नरेन्द्र कुमार साहू (ऋणी), श्रीमती गंगा बाई साहू (सहऋणी) | 15-दिसम्बर-22 ₹ 2,73,852/- दो लाख तिहत्तर हजार आठ सौ बावन रूपये मात्र 13-दिसम्बर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक सम्पत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत 8, 596 करमा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 2180 वर्ग फीट | 17-मार्च-23 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060817634936, नरेन्द्र कुमार साहू (ऋणी), श्रीमती गंगा बाई साहू (सहऋणी) | 15-दिसम्बर-22 ₹ 2,29,392/- दो लाख उनतीस हजार तीन सौ बानवे रूपये मात्र 13-दिसम्बर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक सम्पत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 2, खसरा नं. 596, नया पीएच नं. 10, आरएनएम बेलतारा, बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 242.2 वर्गगज, पूर्वः सरकारी भूमि, पश्चिमः विशाल की भूमि, उत्तरः विशाल की भूमि, दक्षिणः मान सिंह की भूमि | 17-मार्च-23 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061124650730, श्रीमती मंजूला विलियम (ऋणी), सेमसन विलियम (सहऋणी), वैनी विलियम (सहऋणी) | 15-दिसम्बर-22 ₹ 4,74,834/- चार लाख चौहत्तर हजार आठ सौ चौंतीस रूपये मात्र 13-दिसम्बर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक सम्पत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित बिलहा मंगला बिलासपुर मकान नं. 504, गंगा नाग सेक्टर 2 मंगला, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ 495001, क्षेत्रफल 222.2 वर्गगज | 17-मार्च-23 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060118817955 & L9001060824690893, नवीन जलपान (ऋणी), विमल कुमार साहू (सहऋणी), बिन्दू साहू (सहऋणी) | 06-अगस्त-22 ₹ 4,99,490/- चार लाख निन्यानवे हजार चार सौ नब्बे रूपये मात्र एवं ₹ 4,88,275/- चार लाख अठासी हजार दो सौ पिचहत्तर रूपये मात्र 05-अगस्त-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक सम्पत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 841, पीएच नं. 13, ग्राम जाओरा, आरएनएम दुर्ग, जिला दुर्ग छत्तीसगढ क्षेत्रफल 200 वर्ग गज, पूर्वः शुबित्रा बाईका मकान, पश्चिमः अनुप्रम सागु का मकान, उत्तरः भगवत सिन्हा का मकान, दक्षिणः रोड | 20-मार्च-23 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060125673459, अर्जुन टंडन (ऋणी), श्रीमती रितु टंडन (सहऋणी) | 15-दिसम्बर-22 ₹ 12,59,441/- बारह लाख उनसठ हजार चार सौ इकतालीस रूपये मात्र 13-दिसम्बर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक सम्पत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम ताल संपत्ति पंजीकृत रेल्व क्रॉसिंग के आगे कंचना रोड हाउसिंग बोर्ड, जिला रायपुर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1900 वर्गगज | 18-मार्च-23 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060716909277, रूद्र शरण साहू (ऋणी), श्रीमती शान्ती देवी साहू (सहऋणी) | 20-दिसम्बर-22 ₹ 17,53,651/- सत्रह लाख तिरेपन हजार छः सौ इक्यावन रूपये मात्र 20-दिसम्बर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक सम्पत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित तालुका नगर निगम सीमा में पीएच नं. 3, खसरा नं. 24/2 का भाग, जगदल्ला जांजगीर, चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 405.06 वर्गगज | 20-मार्च-23 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है। ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 22/03/2023
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड







**शक्ति की उपासना का पर्व प्रारंभ, प्रज्जवलित हुई ज्योत**

**राजनांदगांव।** नव हिंदू संवत्सर आरंभ व चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ देवालयों में उमड़ी। बुधवार से शुरु हुए पर्व के दौरान दैवीय उपासना के साथ ही ज्योत-जंवरा की स्थापना और प्रज्जवलन किया गया। नौ दिनों तक यह उपासना पर्व जारी रहेगा। इसके साथ ही आज हिंदू नववर्ष पर शहर में अलग-अलग आयोजनों में रैली और शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम नवमी शोभायात्रा समिति द्वारा मोटर सायकिल रैली का आयोजन किया गया जिसने नगर भ्रमण किया।

# राजगामी के भूखंडों के अवैध हस्तांतरण-विक्रय पर जारी नोटिस के बाद भी जारी है निर्माण

## नोटिस देकर चुप बैठा प्रशासन, तेजी से चल रहा काम... कोई रोक-टोक नहीं

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजगामी की संपदा से खिलवाड़ करने वाले बेधड़क निर्माण में जुटे हुए हैं। शहर के गोलबाजार इलाके में कुछ निर्माण पूर्ण हो चुके हैं तो कुछ नोटिस मिलने के बाद भी जारी हैं। जिम्मेदार अमला इस पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

गौरतलब है कि, गोलबाजार इलाके की रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास से औने-पौने दाम में लीज में मिले भूखंडों को कई लोगों ने अवैधानिक तरीके से दूसरों को हस्तांतरित, विक्रय किया। बीते तीन वर्षों में जोर-शोर से यह कारोबार चलता रहा। इस मामले में न्यास की भूमिका पर भी सवाल उठे। इस मामले की उच्चस्तरीय शिकायतों पर मंत्री ने संज्ञान लिया था। इसके अलावा तकरीबन आधा दर्जन शिकायतों पर मंत्री ने रायपुर में अधिकारियों और न्यास सदस्यों की बैठक में नसीहत दी थी। इसके बाद न्यास के मद से की गई घोषणाओं और दूसरी गतिविधियों को तत्काल प्रतिबंधित कर दिया गया। गोलबाजार इलाके में अवैध तरीके से भूखंड के हस्तांतरण, विक्रय के मामले में 27 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इनमें से कुछ भूखंडों में नए निर्माण कार्य जारी थे जब कि कुछ पूर्ण भी हो चुके हैं। इन मामलों में नोटिस जारी किए जाने के बाद से कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी है। यही नहीं जो निर्माण चल रहे हैं उन्हें रुकवाने भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है।



**वासनिक पर लगे हैं आरोप :** भूखंडों के अवैध हस्तांतरण, विक्रय के मामलों में भी राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक निशाने पर रहे हैं। संपदा के सदस्यों ने भी इसे लेकर नाराजगी जताई थी। दरअसल, राजगामी से लीज पर मिलने वाले भूखंडों को किसी अन्य के नाम पर हस्तांतरित या विक्रय नहीं किया जा सकता। लेकिन मिलीभगत कर इसमें घालमेल को अंजाम दिया गया। अवैधानिक तरीके से भूखंडों के सौदे को मौन सहमति दी गई और इस पर किसी तरह की कार्रवाई को टाला जाता रहा।

### नहीं रुक रहा निर्माण

गोलबाजार में सम्राट बार के पिछले हिस्से में ऐसे ही एक भूखंड में निर्माण जारी है। इस भूखंड को लेकर भी नोटिस जारी की गई थी। लेकिन इसके बाद इस ओर झांकने तक की फुर्सत जिम्मेदारों को नहीं मिली। इस बीच यहां निर्माण कार्य लगातार जारी रहा है और अब लगभग पूर्ण हो चुका है। इसे लेकर आशंका जताई जा रही है कि, नज़र अंदाज करते हुए व्यापारी को अनुचित निर्माण का पूरा अवसर दिया गया।

गोल बाजार क्षेत्र में अवैध तरीके सेराजगामी संपदा के भूखंडों के हस्तांतरण, विक्रय की शिकायतें मिली थी। 27 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। अगर निर्माण जारी है तो मैं दिखवाता हूं।
**-अरुण कुमार वर्मा,** एसडीएम

# पांचवें दिन की लगातार बारिश, घुमका क्षेत्र में रबी फसलें पूरी तरह तबाह

## चना फसल भीगकर अब खेतों में सड़ने लगा, क्षतिपूर्ति और बीमा ही किसानों का सहारा

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लगातार बारिश से रबी फसलों के नुकसान की खबरों के बाद घुमका क्षेत्र में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों और पटवारियों ने ग्रामीणों के साथ खेतों में घूमकर फसलों की क्षति का आंकलन कर रहे हैं। मंगलवार को पटेवा के कई किसानों ने जिला मुख्यालय के जनदर्शन में बर्बाद हुए फसलों के मुआवजे और बीमा क्लेम की मांग रखी। लगातार बारिश से चना गेहूं, मसूर, सरसों जैसे रबी फसल और सब्जियों के नुकसान को लेकर दैनिक पायनियर ने विस्तार से खबर प्रकाशित किया था।


चार दिन की बारिश से घुमका क्षेत्र में रबी फसलें पूरी तरह चौपट
चना, गेहूं मसूर और सब्जियों को भारी नुकसान, किसानों की मेहनत पर पानी फिरा

खबरों के अनुसार बुधवार की शाम तेज गरज चमक और आंधी तूफान के साथ जमकर बारिश हुई शनिवार शाम से शुरू हुई। पांच दिन की तेज बारिश से क्षेत्र के किसानों के रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। खासकर चना सब्जी, टमाटर, सरसों,मसूर और गेहूं की फसलें बारिश की भेंट चढ़ गई।घुमका समेत आसपास गांवों में बड़े पैमाने पर रबी फसल चना और गेहूं की बोनी की गई थी लेकिन चार दिन की बारिश में चना,गेंहू समेत रबी की फसलें पूरी तरह चौपट हो गई। चिंतित किसानों की मांग पर प्रशासन और सम्बंधित विभागों की ओर से अभी सर्वे शुरु हुआ है। खबरों के अनुसार घुमका समेत राजनांदगांव जिला के अधिकांश गांवों में रबी सीजन में चना और गेहूं की फसलें हजारों हेक्टेयर में बोनी की गई थी। जिसमें भर्री जमीन के मुश्किल से बीस फीसदी फसलों की केवल कटाई कर सूखने के लिए खेतों में फसलें रखी गई थी जो लगातार तेज बारिश में भीगने से फसल सड़ने की स्थिति में है। दाना काला पड़ रहा है। आशंका जताई जा रही है कि लगातार बारिश से भीगे चना फसल की अब मिंजाई मुश्किल हो सकता है।

वहीं धान काटने के बाद बोई गई चना और गेंहू की कटाई के लिए पककर तैयार फसलें भी बारिश की भेंट चढ़ गई और ज्यादातर दाने खेतों में गिर गए हैं। खड़े फसल के दाने पौधों में ही अंकुरित होने की शिकायतें भी मिल रही है। बीते तीन साल से रबी फसलों को इसी तरह नुकसान हो रहा है। खबर है कि वर्तमान में पटवारी और आरईओ फसल के नुकसान के आधार पर अनावारी रिपोर्ट तैयार करने खेतों में घूम रहे हैं। अनावारी रिपोर्ट के आधार पर अधिकतम क्षति में किसानों को राजस्व परिपत्र की धारा 6(4)के तहत राहत राशि दिया जाता है और फसल बीमा योजना में नुकसान की स्थिति में फसल कटाई प्रयोग,अनावारी रिपोर्ट की जटिल प्रक्रिया के बाद ग्राम को इकाई मानकर फसल बीमा दावा का भुगतान किया जाता है। खरीफ और रबी फसलों में ऐसी परिस्थितियों से बचने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों ने फसलों का बीमा भी करवाया है। बताया जा रहा है कि किसानों के मामले में पूरी संवेदनशीलता के अभाव में बगैर समन्वय राजस्व व कृषि विभाग के साथ बीमा कंपनी द्वारा समयावधि में फसल क्षति के आंकलन में लापरवाही और फसल कटाई प्रयोग में औपचारिकता के चलते बीते बरसों में किसानों को क्षति का वास्तविक बीमा नहीं मिल रहा है ।

# प्राणप्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए सांसद पांडेय

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में नवनिर्मित मंदिर में शीतला माता व कालिका माता मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिवस व चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय दर्शनार्थ पहुँचे। उन्होंने मंदिर निर्माण समिति को बधाई देते हुए सराहना की। उल्लेखनीय है सांसद पाण्डेय ने उक्त मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन हेतु सांसद निधि से 5 लाख बतौर सहयोग प्रदान की है।

वार्ड 14 में नवनिर्मित मंदिर परिसर में सांसद के आगमन पर नगर के भाजपाई दिनेश गाँधी, डॉ नीरेंद्र साहू व रामकुमार गुप्ता ने अगुवानी की। उपरांत सांसद ने वेदाचार्य शशांक शर्मा के मार्गदर्शन में माता शीतला व काली माता का दर्शन किया। इस मौके पर वरिष्ठनेता भरत वर्मा, जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, तामेश्वर साहू, पूर्णिमा साहू, संतोष यादव, चुन्नी यदु, डिकेश साहू, अंजू त्रिपाठी, पुरुषोत्तम साहू, राजा, योगेश, लक्ष्मीनारायण सहित अनेक भाजपाई उपस्थित थे।

**प्रथम वर्ष 45 ज्योत प्रज्जलवित :** मीडिया विभाग मुताबिक मन्दिर संस्थापना के प्रथम वर्ष ही नवरात्रि में ज्योत प्रजल्वित करने श्रद्धालुजन की तादाद उभरकर सामने आई। माता मन्दिर के नीचे तल में 45 ज्योत प्रजल्वित किये हुए हैं। पंडित शशांक शर्मा राजाखुज्जी द्वारा विधिविधान से ज्योत प्रजल्वित कराए गए हैं। इस मौके अवसर पर मंदिर से जुड़े सदस्यगण वार्डवासीजन उपस्थित थे।

# कर्तव्य का पालन करने से समाज का विकास और उन्नति होगी

- सिन्हा समाज का होली मिलन कार्यक्रम सम्पन

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com



विकासखंड के ग्राम पुर्रामटोला में छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार सिन्हा समाज का तहसील स्तरीय होली मिलन समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के महिला-पुरुषों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येकस्वजातीय भाइयों को एकजुट रहकर अपने अपने कर्तव्य का पालन करने से समाज का विकास और उन्नति होगी। समाज के नियमावली का पालन करना प्रत्येक स्वजातियों का दायित्व है। तहसील समाज के संरक्षक चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने सर्वप्रथम होली त्यौहार को लेकर अपना उद्बोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत के कारण मनाया जाता है। उन्होंने निवेदन किया कि आप घर में एक रोटी भले कम खा लेना लेकिन अपने अपने बच्चों को शिक्षा से वंचित मत करना। सभा को संतोष सिन्हा मंडलेश्वर संबोधित करते हुए समाज के रीति नीति पर प्रकाश डाला और सभी को होली की शुभकामनाएं दिया।तहसील के पूर्व संरक्षक स्वर्गीय महेतरु राम सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त किया और सभी समाज के लोगों ने 2 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एकनाथ सिन्हा, रामकुमार सिन्हा,हीरा लाल सिन्हा, डोंगरगांव मंडलेश्वर भागवत राम सिन्हा, टिकेश्वर सिन्हा कोषाध्यक्ष डोंगरगढ़, क्षेत्र अधिकारी देव कुमार सिन्हा, गौर सिंह सिन्हा, राजकुमार सिन्हा,नरेंद्र सिन्हा सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। सफल मंच संचालन नारायण सिन्हा सचिव ने किया।

### पहली से आठवीं की परीक्षाएं 8 से, 24 को परिणाम घोषित होंगे

**राजनांदगांव।** जिले में 08 से 15 अप्रैल तक पहली से आठवीं तक की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा विभाग ने इस संदर्भ में समय-सारणी जारी कर दी है। आदेश में कहा गया है कि परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। परीक्षा उपरांत एक सप्ताह के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समाप्त कर 24 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। समय सारिणी के अनुसार प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक पहली से पांचवी कक्षाओं की परीक्षा होगी। वहीं पूर्व माध्यमिक की कक्षाएं 6वीं से 8वीं तक की परीक्षाएं प्रातः 08 बजे से 11 बजे तक ली जाएंगी।

## कांग्रेसियों ने अलग जगह किया भूमिपूजन

# अंडरब्रिज निर्माण के भूमिपूजन में तमाशा, सांसद वापस जाओ के लगे नारे

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर में पटरीपार इलाके के लिए गौरीनगर और स्टेशनपारा क्रांसिंग में अंडरब्रिज निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह में बखेड़ा खड़ा हो गया। रेलवे प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की महापौर व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल न किए जाने को लेकर कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्षदों ने कड़ा विरोध जाहिर किया।

कांग्रेस नेताओं ने सांसद सहित डीआरएम का काफिला रोककर जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान सांसद मौके से निकल गए। जिसके बाद गौरीनगर के अंडरब्रिज निर्माण स्थल पर ही कांग्रेस नेताओं ने खुद ही भूमिपूजन किया।

बुधवार को सांसद संतोष पांडे यहां सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस के पहले स्टॉपेज पर हरी झंडी दिखाने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान रेलवे स्टेशन और गौरीनगर अंडरब्रिज निर्माण के लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम भी आयोजित था। भूमिपूजन के लिए सांसद सहित भाजपा नेता गौरीनगर अंडरब्रिज की ओर से कार्यक्रम स्थल पहुंचने निकले थे। इस बीच गौरीनगर क्रांसिंग में ही कांग्रेस नेताओं ने काफिले को घेर लिया।

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरेऔर समद खान के साथ कांग्रेसियों ने यहां अंडरब्रिज निर्माण भूमिपूजन में कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से बात करनी चाही लेकिन उन्हें जवाब नहीं मिला। इस बीच सांसद ने उन्हें जवाब देने की कोशिश की जिसके बाद मामला बिगड़ गया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए शहर की महापौर, पार्षद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को नज़र अंदाज किया गया है जो कि अनुचित है। वर्षो से सभी के मिले-जुले प्रयासों से यह बहुप्रतिक्षित मांग पूरी हो सकी है लेकिन इसका श्रेय सांसद संतोष पांडे अकेले लेना चाहते हैं।

कांग्रेसी मौके पर ही जमकर नारेबाजी करने लगे। यहां पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और सांसद के खिलाफ नारे लगे। इसके बाद सांसद अपने काफिले के साथ यहां से निकल गए। उनके जाने के बाद कांग्रेस नेताओं ने वार्डवासियों के साथ निर्माण स्थल में खुद ही भूमि पूजन किया।

दूसरी ओर सांसद ने कार्यक्रम स्थल में पहुंच विधिवत भूमिपूजन का कार्यक्रम पूरा किया। उन्होंने सिकंदरबाद-दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज राजनांदगांव में शुरु होने के पहले दिन हरी झंडी दिखाकर उसे रवाना किया। इस दौरान यहां मौजूद भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री और सांसद के लिए नारेबाजी भी की।

### 25 को सीएम रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क का करेंगे शुभारंभ

**राजनांदगांव।** 25 मार्च को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि रीपा शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता एवं रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। जिले में अंजोरा, बघेरा, अमलीडीह, झीका, कल्लूबंजारी, कॉपा, कलकसा, सहसपुर में अधोसंरचना सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने इसके लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शालाओं के मरम्मत के कार्यों में गति लाए। शिक्षा विभाग को इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करेंगे। एसडीएम को गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विकासखंडों में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के हितग्राहियों के चयन करें तथा मार्च तक कार्य पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में गति लाए। स्कूल के बच्चों तथा उनके परिजनों का आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनवाएं। उन्होंने नगरीय निकाय क्षेत्रों में विद्युत ट्रांसफार्मर व्यवस्थित करने के लिए कार्यपालन अभियंता सीएसईबी को निर्देशित किया।

# ठाकुर का दावा : मेरे खिलाफ षड़यंत्र रचा गया, नोटिस देने की बात कही




पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

ग्राम झिथराटोला में पदस्थ शिक्षक पर 20 लाख रुपए नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी किए जाने की शिकायत पर राजनांदगांव कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दर्ज कर पदस्थ शिक्षक के विरुद्ध 420 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

इस अवैध उगाही में शिकायकर्ता ने परिवहन विभाग के रिटायर अफसर एमडीठाकुर के नाम का भी उल्लेख किया है। जिसकी जानकारी के बाद भाजपा नेता एमडीठाकुर ने स्वयं पर लगे आरोप को नकारते हुए अपना पक्ष रखा है। उन्होंने प्रेसवार्ता कर बताया कि उनपर लगाये जा रहे आरोप बेबुनियाद है। न वे किसी को नौकरी दिलाने की बात कहें है और न ही किसी से रुपए की मांग की है। ऐसे में मेरे नाम को केवल घसीटा जा रहा है। उन्होंने लीगल नोटिस भेजने की बात कही है। भाजपा जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने कहा आरोप लगा देना बिल्कुल सही नहीं है।ठाकुर व्दारा ऐसा किया जाना संभव नहीं। इसके लिए शासन प्रशासन को चाहिए उच्च स्तरीय जांच करे। जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने कहा की एम डी ठाकुर एक ईमानदार छवि के नेता है ,उनके छवि को धुमिल करने का षडयंत्र है इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया

## ग्राम कोरकोमा में हितग्राही की भूमि पर पौधरोपण कर जिले में योजना का किया गया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी जिलों में वर्चुअल रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का लाभ लेने वाले कई जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी की और उनको बधाई दी। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कोरबा वन मंडल अंतर्गत ग्राम कोरकोमा में महापौर राज किशोर प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर माल्यार्पण व हितग्राही सुशील आनंद की तीन एकड़ भूमि पर पौधरोपण के साथ ही कोरबा जिले में इस योजना के तहत पौधरोपण कार्य का शुभारंभ किया गया। कोरबा जिले में अब तक 563 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन योजना के अंतर्गत कराया है। लगभग 1500 एकड़ में पौधरोपण किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत मिलिया डूबिया( मालाबार नीम), टिशु कल्चर बांस, चंदन, सागौन, क्लोनल नीलगिरी एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी पौधों का रोपण किया जाएगा।

कोरकोमा में आयोजित कार्यक्रम में महापौर राज किशोर प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। सरकार योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का आज शुभारंभ हुआ है। इस योजना के तहत लाभ लेने वाले किसानों व अन्य हितग्राहियों को अपनी भूमि पर वृक्षारोपण करने से आने वाले समय में आर्थिक रूप से काफी मुनाफा होगा। पर्यावरण के लिए भी हितकारी होगा। कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 5 एकड़ तक भूमि पर पौधों के रोपण हेतु शत-प्रतिशत अनुदान मिलेगा। सभी वर्ग के सभी इच्छुक भूस्वामी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषक या अन्य हितग्राहियों के निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षों का रोपण कर उनको लाभ देना है। इस योजना में हितग्राहियों से उत्पाद का वापस खरीद की व्यवस्था भी है। कोई भी हितग्राही अपने अनुपयोगी या रिक्त भूमि पर इस योजना के तहत पौधरोपण कर व्यवसायिक रूप से आय अर्जित करने में सक्षम हो सकता है। झा ने कहा कि इससे हितग्राहियों को न केवल व्यवसायिक रूप से फायदा होगा बल्कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य की भी पूर्ति होगी।

जिले में कोरबा और कटघोरा वन मंडल अंतर्गत 1500 एकड़ भूमि पर पौधरोपण के लिए हितग्राहियों की ओर से पंजीयन कराया गया है। झा ने कहा कि जिले के लिए तय लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। अन्य हितग्राही भी लाभ लेने के लिए पंजीयन करा रहे हैं। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम की भी शुरुआत की। इसी तरह शहीद महेंद्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भुगतान हेतु राशि वितरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में इसके अंतर्गत जिले के पात्र हितग्राहियों के लिए भी राशि भुगतान हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कोरकोमा में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, पुलिस अधीक्षक उदय किरण, डीएफओ अरविंद पीएम, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडे, एसडीओ आशीष खेलवार,जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अच्छी योजना है शत-प्रतिशत अनुदान भी मिल रहा - हितग्राही सुशील आनंद की भूमि पर पौधरोपण के साथ ही जिले में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ किया गया है। सुशील आनंद की रिक्त तीन एकड़ भूमि पर 360 सागौन, 160 चंदन और 150 बांस के पौधों का रोपण किया गया है। सुशील आनंद ने बताया कि यह शासन की अच्छी योजना है।

# जांजगीर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाला अंतर्जिला गिरोह के 7 सदस्य को किया गिरफ्तार





पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

बस स्टेड जांजगीर विदेशी शराब भट्ठी नहर जांजगीर के पास 1 व्यक्ति चोरी का मोटर सायकल को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है जिसकी तस्दीक हेतु थाना कोतवाली से पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर जाकर देखे तो एक पेशन प्रो मोटरसायकल के साथ मिला जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम विजयेश साहू उम्र 35 साल ग्राम रसेडा थाना अकतलरा का रहने वाला बताया। उसके पास रखे मोटरसायकल पेशन प्रो के संबंध में पूछताछ करने पर चोरी का मोटरसायकल होना और उसे बेचने हेतु ग्राहक का तलाश करना बताया। आरोपी विजयेश ने बताया कि उसे जुआ खेलने का आदत है इसलिए मोटरसायकल चोरी कर और उसे बेच कर अपना शौक पुरा करता है और बस के माध्यम से मोटरसायकल चोरी करने अलग अलग जिले में जाकर मोटरसायकल मालिक के साथ मिलकर दोस्ती कर मोटर सायकल मालिक को गुमराह कर मौका देख कर मोटरसायकल को चोरी कर चला जाता था। माह जनवरी 2017 में पत्थलगांव से एक पेशन प्रो मोटर सायकल को चोरी कर अपने घर रसेडा में रखा था। माह फरवरी 2017-18 में रायगढ रेल्वे स्टेशन के पास से एक एच एफ डिलक्स मोटर सायकल चोरी कर कोसमंदा चाम्पा निवासी राजकुमार राठौर के पास 8 हजार रूपये में बेच दिया था। माह मई जुन 2018 में खरसिया से एक मोटर सायकल सुपर स्प्लेडर को चोरी कर चाम्पा निवासी जितेन्द्र सिदार को 15 हजार में बेच दिया। माह जुलाई अगस्त 2018 में मुडापार कोरबा से एक मोटर सायकल एच एफ डिलक्स को चोरी कर चाम्पा निवासी जितेन्द्र सिदार को 25 हजार रूपये में बेच दिया। साल 2018 में पुसौर से एक मोटर सायकल एच एफ डिलक्स को चोरी कर गोदैईया रतनपुर निवासी रूपेश केवट के पास 10 हजार में बेच दिया। वर्ष 2018 में मालखरौदा से एक मोटरसायकल एच एफ डिलक्स को चोरी कर नवागांव सीपत निवासी साखी गोपाल निर्मलकर के पास 12 हजार में बेच दिया। वर्ष 2018 में बिल्हा जिला बिलासपुर से एक मोटरसायकल एच एफ डिलक्स को चोरी कर रैनपुर रतनपुर निवासी सुरज कुमार केंवट के पास 8 हजार में बेंच दिया। वर्ष 2019 में दगौरी बिल्हा से एक मोटर सायकल एच एफ डिलक्स को चोरी कर रैनपुर रतनपुर निवासी सुरज कुमार केंवट के पास 14 हजार में बेचना।

# अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले एवं प्रदीप साहू ने जनचौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं

■ जनचौपाल में 159 आवेदन हुए प्राप्त

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रति मंगलवार को होने वाले जनचौपाल की कड़ी में आज अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले एवं प्रदीप साहू ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आमजनों की समस्याएं सुनी तथा आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनचौपाल में आज 159 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। जनचौपाल में जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव के ग्रामीणों ने अकड़हापारा सुरवे में सड़क निर्माण नही होने की जानकारी देते हुए लामपहाड़ से अकड़हापारा तक सड़क निर्माण की मांग की। साथ ही पीने के पानी की समस्या बताते हुए गांव में नल जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत कोरबा एवं कार्यपालन अभियंता पीएचई को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पोड़ी-उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम तनेरा निवासी जयसिंह ने उनके पूर्वजों द्वारा 40-45 वर्ष से काबिज भूमि का वनभूमि पट्टा दिलाने की मांग की। अपर कलेक्टर ने उक्त आवेदन पर एसडीएम पोड़ी-उपरोड़ा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया पता भूले मध्यप्रदेश के दो मजदूरों के लिए खाने-पीने और ठहरने व्यवस्था कर सहायता किया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




फास्टरपुर पुलिस द्वारा पता भूले मध्यप्रदेश के दो मजदूरो को रात्रि में खाने पीने, सोने का व्यवस्था कर सहायता किया गया ।

ज्ञात हो कि थाना फास्टरपुर पुलिस के पेट्रोलिंग पार्टी को 19 मार्च के रात्रि करीबन 8:00 बजे ग्राम सेतगंगा चैक के पास दो लोग घुमते मिले जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ करने पता चला कि सोनू धुर्वे पिता मोहन सिंह धुर्वे उम्र 45 वर्ष एवं भीखम पत्ते पिता भंगी पत्ते उम्र 65 वर्ष दोनो निवासी ग्राम थाना गढ़ी, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश का अपने निवास ग्राम से ग्राम भरेवापुरान चैकी दामापुर के कृषि फार्म में सब्जी तोड़ने का काम करने आ रहे थे जो ग्राम सेतगंगा में पता भूल जाने के कारण इधर उधर भटक रहे थे जिन्हे पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा थाना फास्टरपुर लाकर हालत से थाना प्रभारी केसर पराग को अवगत कराया गया । तब थाना प्रभारी के निर्देश पर आरक्षक चन्द्रभूषण राजपूत के द्वारा आस पास के कृषि फार्म में संपर्क कर उक्त दोनो मजदूरो के संबंध में पूछताछ किया गया। तब ग्राम भरेवापुरान के उपेश चन्द्राकर से संपर्क हुआ जिन्होने उक्त दोनो को मजदूरों अपने कृषि फार्म काम करना एवं कुछ दिन पूर्व छुट्टी लेकर अपने गांव जाना बताये । जो अपने गांव से आते समय पता भूलने के कारण भटक गये है तब दोनो मजदुरो को भोजन खिलाकर रात्रि होने से थाना मे उनके रहने का व्यवस्था किया गया जिन्हे 20 मार्च को उनके कृषि फार्म में सकुशल छोड़ा गया। थाना प्रभारी केसर पराग, आरक्षक चन्द्रभूषण सिंह राजपूत के इस मानवीय सहयोग से क्षेत्र में पुलिस के प्रति अच्छा संदेश पहुंचा।

# एसडीएम ने किया पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट मुंगेली और चातरखार का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम आकांक्षा शिक्षा खलखो ने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट स्काई एक्वा मुंगेली एवं आरचिड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट चातरखार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों वाटर प्लांट में स्वच्छता, रिकॉर्ड, रखरखाव में कमी पाए जाने पर उसे दूर करने तक प्लांट को बंद रखने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल ने बताया कि चातरखार में स्थित आरचिड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट में पानी पाउच का नमूना संकलन कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर गुणवत्ता जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि दोनों वाटर प्लांट के द्वारा कमियों का सुधार नहीं करने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

# सभी स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदान करें नल कनेक्शन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजीव झा की अध्यक्षता में आज जल जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर झा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, ऑनलाईन निविदाओ, निविदाओं की स्थिति, पाईप लाईन के माध्यम से हर घर जल और पेयजल स्त्रोतो से जल नमूनों के परीक्षण आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर में नल के माध्यम से पीने का साफ पानी पहुंचाना है। उन्होंने जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी, अस्पतालों सहित गांवों में पीने के साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन के काम को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इन सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा किया जाये। कलेक्टर झा ने गांवों में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण हो जाने पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में जल उपयोगकर्ताओं को समर्पित करने के निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना का किया वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विश्व वानिकी दिवस पर विधानसभा परिसर में स्थित कार्यालय कक्ष से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मस्तूरी विकासखंड के ग्राम लावर में हुआ। वन विभाग के तत्वाधान में यहां भूमि स्वामी शिव कुमार अग्रवाल की 4 एकड़ निजी भूमि में 640 चंदन के पौधे का रोपण कर योजना का शुभारंभ हुआ। जिले में योजना के तहत अब तक लगभग 700 हितग्राहियों की 1100 एकड़ निजी भूमि का वृक्षारोपण के लिए पंजीयन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रामशरण यादव ने की। इस दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, विजय केशरवानी, बिलासपुर मंडी अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, पूर्व विधायक मस्तूरी दिलीप डहरिया, दामोदर कांत, मनोहर कुर्रे, लखन टंडन, कलेक्टर सौरभ कुमार, सीसीएफ राजेश चंदेल, सीसीएफ जगदीशन एस, वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम में शहीद महेंद्र कर्मा तेंदू पत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना के तहत 4 हितग्राहियों के खाते में 6 लाख 60 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। अतिथियों के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से हितग्राहियों को चेक दिया गया। वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योजना का लाभ सभी से उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले में योजना के तहत अब तक लगभग 700 हितग्राहियों की 1100 एकड़ निजी भूमि का वृक्षारोपण के लिए पंजीयन किया गया है। इन हितग्राहियों की भूमि पर लगभग 7 लाख से ज्यादा पौधे चंदन, मेलिया दुबिया, सागौन, नीलगीरी, टिश्यूकल्चर बैम्बू सहित अन्य प्रजाति के लगाए जाएंगे। निशांत ने बताया कि शिव अग्रवाल की 4 एकड़ निजी भूमि पर 640 चंदन के पौधे लगाये जा रहे है। 15 वर्षो के बाद उन्हें लगभग प्रति एकड़ 75 लाख की आय होगी। मंहगाई बढ़ने पर यह आय और बढ़ सकती है। ग्राम लावर के भूमि स्वामी और हितग्राही शिव अग्रवाल ने योजना को फायदेमंद बताते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इसके लिए धन्यवाद दिया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने पौधरोपण भी किया।

### क्या है योजना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति से उनकी भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है। योजना के अंतर्गत किसान, इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय-अर्धशासकीय एवं शासन के स्वायत्त संस्थान, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, पंचायत तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ उठा सकते है। इस योजना के तहत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। चिन्हित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी हेतु न्यूनतम क्रय मूल्य का निर्धारण भी शासन द्वारा किया जाएगा।

# शासकीयकरण की मांग को ले सचिव संघ का काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल

पायनियर संवाददाता < जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



बुधवार को जिले के मनोरा विकास खंड में अपनी लंबित मांगों को लेकर सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से पंचायतों के सभी काम ठप हो गए। मनोरा जनपद पंचायत के सामने सचिवों ने धरना देकर अपना विरोध प्रदर्शन किया और मांगों के निराकरण के लिए नारेबाजी की।

ज्ञात हो कि सरकार के आश्वासन के पश्चात सचिव संघ के द्वारा पूर्व में हड़ताल को समाप्त किया गया था। लेकिन शासकीयकरण की मांगे पूरी नही हुई। जिससे पंचायत सचिव संघ खासे नाराज हुए और फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। पंचायत सचिव की हड़ताल सातवें दिन हो गए हैं लेकिन उनकी मांगे अब भी पूरी नही हुई है। शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव आर-पार की लड़ाई के लिए कमर कस चुके है।

पंचायत संघ के अध्यक्ष मो.नईम खान, और सचिव श्रवण भगत ने बताया कि पंचायत सचिवों का एक सूत्रिय मांगे पूरी नही होने से काम बंद कलम बंद हड़ताल किया गया है। और यह मांगे जबतक पूरी नही होगी तबतक जारी रहेगी। आगे कहा कि बंजट 2023-24 में शासकीयकरण करने की पंचायत मंत्री द्वारा अश्वाशन दिया गया था। किन्तु बजट में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने कोई पहल नहीं होने से खासे नाराज हुए है।

# नवरात्र के पावन पर्व पर कमलेश्वरी साहू बनी सक्ती जिलाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < तिल्दा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए श्रीमती कमलेश्वरी साहू जी को उनके योग के प्रति समर्पण व निष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए नया जिला सक्ती का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि कमलेश्वरी जी सक्ती जिला के आस्तित्व में आने के बाद से ही सक्रिय रूप से कार्य कर रही है! प्रदेश महासचिव खोमेश साहू ने उक्त जिलाध्यक्ष को डिजिटल मनोनयन पत्र प्रेषित कर बधाई के साथ-साथ जिलाध्यक्ष के कार्यों, उद्देश्यों व नियमों से परिचित कराकर जिले में समर्पण भाव के कार्य करने का शुभाशीष दिया है! सम्भागाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने इसे बिलासपुर सम्भाग में योग के प्रसार में एक अहम कड़ी के रूप में माना है! बिंदु सिंह जी ने इसे बिलासपुर क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है! कमलेश्वरी जी लगातार सक्ती जिले में योग के क्षेत्र में सक्रिय बनी हुई है! जिले में योग शिविर के आयोजनों के साथ साथ योग के कार्यक्रमों के माध्यम से वो जिले को योग के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाना चाहती है! इसके लिए उन्होंने जिला मुख्यालय सक्ती में योग-योग्यताधारियों के साथ भौतिक मीटिंग का भी आयोजन करके जिले में योग के प्रचार व प्रसार के साथ ही योग में रोजगार के लिए किस प्रकार पहल किया जा सकता है।

# वन विभाग की टीम वन भैंसा लेने असम गई हाईकोर्ट का अगले आदेश तक लाने पर रोक

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा असम से चार और मादा वन भैंसा लाने पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश गौतम भादुड़ी एवं न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी की युगल पीठ ने आगामी आदेश तक रोक लगा दी है।

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने तीन वर्ष पूर्व अप्रैल 2020 में असम के मानस टाइगर रिजर्व से एक नर और एक मादा सब एडल्ट को पकड़कर छत्तीसगढ़ के बारनवापारा अभ्यारण में 25 एकड़ के बाड़े में रखा हुआ है। वन विभाग द्वारा इन्हें आजीवन रखा जाना है, छत्तीसगढ़ वन विभाग की योजना यह है कि इन वन भैंसों को बाड़े में रखकर उनसे प्रजनन कराया जाएगा. इसके विरोध में रायपुर के नितिन सिंघवी ने जनवरी 2022 में जनहित याचिका दायर की थी, जो कि लंबित है। वन भैसा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के शेड्यूल 1 का वन्य प्राणी है।

जनहित याचिका के लंबित रहने के दौरान होली पूर्व मार्च 2023 में चार और मादा वन भैंसा लाने के लिए छत्तीसगढ़ वन विभाग ने असम टीम भेजी है। कोर्ट ने आज अगले आदेश तक असम से अगले आदेश तक असम से चार वन भैंसा आने पर रोक लगा दी है। विश्व में शुद्धतम है छत्तीसगढ़ के वन भैंसों का जीन पूल, असम के वन भैंसा और छत्तीसगढ़ के वन भैंसा जीन को मिक्स करने से छत्तीसगढ़ के वन भैंसों की जीन पूल की विशेषता बरकरार नहीं रखी जा सकेगी। छत्तीसगढ़ में जब वन भैसे लाए जाने थे, तब छत्तीसगढ़ वन विभाग ने प्लानिंग की थी कि असम से मादा वन भैसा लाकर, उदंती के नर वन भैसों से नई जीन पूल तैयार करवाएंगे तब भारतीय वन्यजीव संस्थान ने दो बार आपत्ति दर्ज की थी कि छत्तीसगढ़ और असम के वन भैंसा के जीन को मिक्स करने से छत्तीसगढ़ के वन भैसों की जीन पूल की विशेषता बरकरार नहीं रखी जा सकेगी। भारतीय वन्यजीव संस्थान ने बताया था कि छत्तीसगढ़ के वन भैसों की जीन पूल विश्व में शुद्धतम है। सीसीएमबी नामक डी.एन.ए. जांचने वाली संस्थान ने भी कहा है कि असम के वन भैसों में भोगोलिक स्थिति के कारण आनुवंशिकी फर्क है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403